राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 143 | रविवार, 5 जुलाई 2026 | आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष षष्ठ विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया

## संक्षिप्त समाचार

### खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस, 40 की मौत

**क्वेटा (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के शेरानी-झोब राजमार्ग पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसमें एक यात्री बस के गहरी खाई में गिरने से 40 लोगों की मौत हो गई है। घायलों को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। यह दुर्घटना बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा की सीमा के पास दानसर क्षेत्र में हुई।

### सीआरपीएफ वाहन दुर्घटनाग्रस्त, 6 घायल

**श्रीनगर।** श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सोनमर्ग सुरंग के पास शुक्रवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) एक वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क से फिसलकर का दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में सवार छह सीआरपीएफ जवान इस हादसे में घायल हो गए। सैन्य अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल सभी छह घायल जवानों की हालत स्थिर और खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### नितिन नवीन 6 व 7 को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर

**जम्मू।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 6 और 7 जुलाई को अपने पहले दो दिवसीय जम्मू-कश्मीर दौरे पर जाएंगे। दौरे के पहले दिन, वे भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर जम्मू में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करेंगे। अगले दिन वे पार्टी नेताओं, विधायकों के साथ मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करेंगे।

### सोनम की जमानत पर रोक से किया इनकार

**नई दिल्ली।** इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत पर सर्वोच्च न्यायालय ने तत्काल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मेघालय उच्च न्यायालय के फैसले में उठे कानूनी पहलुओं पर गंभीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है।

### मुंबई के अंधेरी में बिल्डिंग में आग

**मुंबई।** मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित एक एसआरए रिहायशी इमारत में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद इमारत में अफरा-तफरी मच गई। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, जान बचाने के लिए कुछ लोगों ने तीसरी और चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान चलाया और कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। मीडिया रिपोर्टर्स के मुताबिक, फिलहाल किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### ठाणे में करंट लगने से स्कूली छात्रा की मौत

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में एक 17 वर्षीय एक स्कूली छात्रा की बारिश के पानी में करंट लगने से मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि टोरेंट पावर लिमिटेड के अधिकारियों को इलाके में खुले बिजली के तारों की शिकायत कई बार की गई थी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। मृतक छात्रा के चाचा मोहम्मद चांदीवाला ने बताया कि वह एक मेधावी छात्रा थी और अपने पिता से उनकी दुकान पर मिलने जा रही थी, तभी यह हादसा हो गया।

# संकट में सही फैसलों से मजबूत बना भारतः मोदी

## बालोतरा में देश की पहली ग्रीनफील्ड रिफाइनरी का उद्घाटन, बोले- ऊर्जा संकट में भारत की रणनीति और कूटनीति सफल रही



### ऊर्जा संकट पर भारत की इच्छाशक्ति भारी पड़ीः मोदी



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पश्चिमी एशिया में युद्ध और वैश्विक तनाव के कारण पूरी दुनिया ने 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट का सामना किया। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े देश ईंधन की कमी और महंगाई से जूझ रहे थे, लेकिन भारत ने समय रहते हालात का सही आकलन किया और प्रभावी रणनीति बनाकर इस चुनौती का सामना किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की इच्छाशक्ति और प्रयास इस बड़े संकट पर भारी पड़े।

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में देश की पहली ग्रीनफील्ड रिफाइनरी का उद्घाटन किया**
- **बोले- वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच भारत ने सही समय पर सही फैसले लेकर स्थिति संभाली**
- **सरकार ने तेल कंपनियों का घाटा उठाकर जनता पर ज्यादा बोझ नहीं पड़ने दिया**

### सही रणनीति और कूटनीति से संकट से निकला देश

पीएम मोदी ने कहा कि संकट के समय भारत ने हर स्तर पर सही निर्णय लिए। सरकार ने देश के संसाधनों का संतुलित उपयोग किया और अपनी कूटनीतिक क्षमता का सकारात्मक इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि नीति और कूटनीति के स्तर पर उठाया गया हर कदम बेहद महत्वपूर्ण था और इन्हीं प्रयासों की वजह से देश ऊर्जा संकट से बाहर निकल पाया। प्रधानमंत्री के अनुसार, आने वाले समय में इतिहास इन फैसलों और प्रयासों को याद करेगा।

**जोधपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा में देश की पहली ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल परियोजना का उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने वैश्विक ऊर्जा संकट का जिक्र करते हुए कहा कि मुश्किल समय में भारत ने सही फैसले लिए और अपनी मजबूत रणनीति, संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल और कूटनीतिक ताकत के दम पर संकट का सफलतापूर्वक सामना किया।

उन्होंने कहा कि जब दुनिया के कई देश ईंधन संकट से परेशान थे, तब नए भारत ने धैर्य और दूरदर्शिता के साथ कदम उठाए और देश में ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर बनाए रखा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब कुछ लोग आशंकाएं और अफवाहें फैलाने में लगे थे, तब सरकार लगातार स्थिति को संभालने के लिए काम कर रही थी। उन्होंने कहा कि कई तरह की अफवाहें फैलाई गईं, लोगों को डराने और भ्रम पैदा करने की कोशिश हुई, लेकिन ऐसे प्रयास सफल नहीं हो सके। पीएम मोदी ने कहा कि देश के दूर-दराज क्षेत्रों में भी छोटी परेशानियों को छोड़कर ईंधन आपूर्ति में कोई बड़ा संकट नहीं आने दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने ऊर्जा संकट के दौरान आम जनता को राहत देने के लिए कई बड़े कदम उठाए। उन्होंने बताया कि अप्रैल से जून के बीच केवल पेट्रोल और डीजल के क्षेत्र में तेल कंपनियों को 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान उठाना पड़ा। इस घाटे की जिम्मेदारी सरकार ने संभाली और जनता को राहत देने के लिए प्रति लीटर 10 रुपये तक एक्साइज ड्यूटी में कटौती भी की गई। बालोतरा की यह ग्रीनफील्ड रिफाइनरी भारत के ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना मानी जा रही है। इससे देश में पेट्रोलियम उत्पादों और पेट्रोकेमिकल उत्पादन की क्षमता बढ़ेगी। इस परियोजना से औद्योगिक विकास को गति मिलने के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होने की उम्मीद है। सरकार का मानना है कि ऐसी परियोजनाएं भारत को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। पचपदरा में बनी यह रिफाइनरी राजस्थान के औद्योगिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और आसपास के क्षेत्रों में निवेश, व्यापार और रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसी परियोजनाएं विकसित भारत के लक्ष्य को मजबूत करने का काम करेंगी। देश की पहली ग्रीनफील्ड रिफाइनरी के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक ऊर्जा संकट के दौरान भारत की नीति और निर्णय क्षमता को बड़ी उपलब्धि बताया।

### मेलबर्न दौरे से पहले पीएम मोदी को धमकी, जांच शुरू

**मेलबर्न।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। मेलबर्न में होने वाले सामुदायिक कार्यक्रम ह्यमेलबर्न मीट्स मोदीह्न से जुड़ी एक फेसबुक पोस्ट पर कथित रूप से धमकी भरा कमेंट सामने आया है। इस मामले के बाद ऑस्ट्रेलिया की सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं और जांच शुरू कर दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, यह धमकी उस फेसबुक पोस्ट के नीचे दिखाई दी, जिसमें 9 जुलाई को मेलबर्न के मार्वल स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी साझा की गई थी। इसी पोस्ट पर एक सोशल मीडिया अकाउंट से आपत्तिजनक टिप्पणी की गई, जिसमें प्रधानमंत्री को लेकर धमकी का उल्लेख किया गया था। इसके बाद मामला सुरक्षा एजेंसियों तक पहुंचा। ऑस्ट्रेलिया की संघीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि संबंधित पोस्ट से जुड़े आईपी एड्रेस की पहचान की जा रही है और डिजिटल ट्रैकिंग के जरिए आरोपी तक पहुंचने की कोशिश हो रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अभी तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन जांच जारी है। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने अतिरिक्त सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। ऑस्ट्रेलिया में विदेशी राष्ट्राध्यक्षों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रोटोकॉल लागू होता है, जिसमें संघीय पुलिस और स्थानीय सुरक्षा एजेंसियां शामिल रहती हैं।

# 'मेड-इन-इंडिया' रक्षा प्लेटफार्म पर बढ़ा भरोसाः राजनाथ सिंह

- **ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा उत्पादन और निर्यात में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, एआई और फेक न्यूज पर भी जताई चिंता**



**नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश में बने रक्षा प्लेटफॉर्म्स (मेड-इन-इंडिया डिफेंस प्लेटफॉर्म्स) पर विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का रक्षा उत्पादन और निर्यात दोनों ही रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुके हैं, जो देश की बढ़ती रक्षा क्षमता और आत्मनिर्भरता को दर्शाता है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की एक निर्णायक सैन्य कार्रवाई थी, जो मई 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई थी। इस अभियान में कई स्वदेशी रक्षा प्रणालियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के बाद दुनिया ने भारत की रक्षा तकनीक और मेड-इन-इंडिया प्लेटफॉर्म की क्षमता को और गंभीरता से देखा है। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आधुनिक तकनीक के बढ़ते प्रभाव पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि एआई मानव जीवन और रक्षा क्षेत्र दोनों में तेजी से बदलाव ला रहा है, लेकिन यह मानव संवेदनशीलता का विकल्प नहीं बन सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि तकनीक के साथ मानवीय मूल्यों को बनाए रखना बेहद जरूरी है। राजनाथ सिंह ने फेक न्यूज और गलत सूचनाओं के बढ़ते खतरे पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती जानकारी की कमी नहीं, बल्कि उसकी सटीकता और विश्वसनीयता है। उन्होंने पत्रकारिता और मीडिया से अपील की कि वे तथ्यों की पुष्टि के बाद ही जानकारी साझा करें ताकि समाज में भ्रम की स्थिति न बने। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत पिछले 12 वर्षों में रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भर हुआ है। सरकार का लक्ष्य है कि देश न केवल अपनी जरूरतों को पूरा करे, बल्कि रक्षा उत्पादों के निर्यात में भी वैश्विक स्तर पर अग्रणी बने।

### रक्षा उत्पादन और निर्यात में बड़ी छलांग

रक्षा मंत्री ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत के रक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि देश का रक्षा उत्पादन अब 1.78 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच चुका है, जबकि लगभग आठ-नौ साल पहले यह केवल 46 हजार करोड़ रुपये के आसपास था। इसी तरह रक्षा निर्यात भी बढ़कर 38 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो 2013-14 में केवल 686 करोड़ रुपये था। यह लगभग 57 गुना वृद्धि को दर्शाता है।

# तमिलनाडु से 50 बांग्लादेशी नागरिक निर्वासन के लिए रवाना



**सलेम**

तमिलनाडु से 50 बांग्लादेशी नागरिकों के समूह को उनके देश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन सभी को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ट्रेन के जरिए पश्चिम बंगाल भेजा गया है, जहां निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन्हें बांग्लादेश भेजा जाएगा।

इन नागरिकों में 44 पुरुष और 6 महिलाएं शामिल हैं। सभी को पहले तमिलनाडु के सलेम जिले स्थित विशेष निरुद्ध शिविर में रखा गया था। अधिकारियों के अनुसार, सभी बांग्लादेशी नागरिकों को सलेम जिले के अत्तूर तालुक कार्यालय परिसर में बने विशेष निरुद्ध शिविर में रखा गया था। निर्वासन संबंधी आदेश जारी होने के बाद 3 जुलाई को पुलिस सुरक्षा के बीच इन्हें तीन वाहनों से तिरुचिरापल्ली ले जाया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे, ताकि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से पूरी हो सके। तिरुचिरापल्ली पहुंचने के बाद सभी नागरिकों को हावड़ा एक्सप्रेस के एक विशेष कोच में बैठाया गया। पूरे रेल सफर के दौरान पुलिस बल को सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। अधिकारियों द्वारा यात्रा और आगे की प्रक्रिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। बंगाल पहुंचने के बाद इन नागरिकों को हरिदासपुर सीमा क्षेत्र में संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को सौंपा जाएगा। इसके बाद आवश्यक दस्तावेज जांच और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद इन्हें बांग्लादेश भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

# टेलीग्राम से हटेंगे पायरेटेड कंटेंट...

**नई दिल्ली**



दुबारा करायी गई नीट परीक्षा से ठीक पहले कुछ दिनों के लिए बैन लगाने के बाद सरकार ने अब लोकप्रिय मैसेजिंग एप टेलीग्राम को पायरेटेड कंटेट रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। सूचना प्रसारण मंत्रालय ने भारत में फिल्मों और ओटीटी कंटेंट की बड़े पैमाने पर हो रही पायरेसी रोकने के लिए टेलीग्राम को नोटिस जारी उसे 15 दिनों के अंदर इस समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया है। साथ ही सरकार ने टेलीग्राम से पायरेसी रोकने के लिए उठाए गए कदमों पर रिपोर्ट भी मांगी है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार टेलीग्राम एप पर कंटेट पायरेसी रोकना इस लिहाज से जरूरी है कि इससे भारतीय कंटेट क्रिएटर इकोनामी और फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ ब्रॉडकास्टर्स, ओटीटी प्लेटफॉर्म, प्रोड्यूसर्स तथा डिस्ट्रीब्यूटर्स के हितों की रक्षा की जा सके। सूचना प्रसारण मंत्रालय ने टेलीग्राम को इस बारे में भेजे नोटिस में कहा है कि कॉपीराइट कानून का उल्लंघन न केवल एक सिविल उल्लंघन है बल्कि आपराधिक भी है। इसलिए कंपनी को पायरेसी रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने के साथ ही सूचना प्रसारण मंत्रालय ने टेलीग्राम से 15 दिनों के भीतर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि टेलीग्राम केवल इस बात का इंतजा नहीं कर सकता कि सरकार एक-एक करके पायरेसी वाले चैनल की पहचान करे।

# भारत-इजरायल निवेश समझौता लागू

## एफटीए वार्ता भी जारी, सीमा पार निवेश को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली**

भारत और इजरायल के बीच द्विपक्षीय निवेश समझौता (बाईलेटरल इन्वेस्टमेंट एग्रीमेंट - बीआईए) शनिवार से लागू हो गया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यह समझौता दोनों देशों के बीच निवेश को सुरक्षित, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाने में मदद करेगा। इसके लागू होने से सीमा पार निवेश गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। यह समझौता पिछले वर्ष 8 सितंबर को दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित हुआ था। इस समझौते की एक खास बात यह है कि इसमें केवल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) ही नहीं, बल्कि पोर्टफोलियो निवेश को भी शामिल किया गया है। पोर्टफोलियो निवेश में शेयर, बॉन्ड, इक्विटी होल्डिंग और अन्य वित्तीय साधन शामिल होते हैं। यह प्रावधान



इस समझौते को पिछले निवेश समझौतों से अलग और अधिक व्यापक बनाता है। इजरायल पहला ऐसा आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) सदस्य देश है, जिसके साथ भारत ने यह नया निवेश समझौता लागू किया है। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2000 से मार्च 2026 के बीच इजरायल से भारत में लगभग 37.13 करोड़ डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है। इस समझौते के बाद इसमें और वृद्धि की संभावना जताई जा रही है।

### निवेश सुरक्षा को मिलेगा मजबूत ढांचा

इस समझौते के तहत निवेशकों के लिए एक सुरक्षित कानूनी ढांचा तैयार किया गया है। भारत ने इजरायली निवेशकों के लिए स्थानीय कानूनी उपायों की समय सीमा को तीन वर्ष तक सीमित कर दिया है। आमतौर पर यह अवधि पांच वर्ष होती है, लेकिन इस समझौते के तहत निवेश विवादों के समाधान की प्रक्रिया को अधिक स्पष्ट और समयबद्ध बनाया गया है। इससे निवेशकों को बेहतर सुरक्षा और भरोसा मिलेगा, जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध मजबूत होंगे।

# 'मुझे रोकना है तो पहले मारना होगा': ममता

**कोलकाता**

बंगाल में तृणमूल कांग्रेस में जारी सियासी संकट के बीच पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बागी नेताओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि उन्हें रोकना है तो पहले उन्हें मारना होगा। ममता ने बागियों को गद्दार बताते हुए कहा कि पार्टी का चुनाव चिह्न कहीं नहीं जाएगा और वह उनके नेतृत्व वाले गुट के पास ही रहेगा।

ममता ने स्पष्ट किया कि उन्हें बागी गुट की ओर से सलाहकार बनने का प्रस्ताव मिला था, लेकिन वह किसी भी परिस्थिति में उनके साथ नहीं जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कई नेता दबाव में पार्टी छोड़कर गए हैं, लेकिन वह भाजपा या किसी अन्य दबाव के



सामने नहीं झुकेंगी और उनकी पार्टी भी ऐसा नहीं करेगी।

तृणमूल भवन पर बागी गुट के कब्जे के मुद्दे पर ममता ने कहा कि कार्यालय किराये पर लिया गया था और उसका लीज समझौता अक्टूबर 2027 तक वैध है। किसी व्यक्ति के पार्टी छोड़ देने से संस्था समाप्त नहीं हो जाती। पार्टी की संपत्ति पर कोई जबरन कब्जा नहीं कर सकता। उन्होंने बागी विधायकों से सवाल किया कि जिन उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों पर उन्होंने 2026 के विधानसभा चुनाव में हस्ताक्षर किए, वे चुनाव के दो महीने के भीतर ही गद्दार कैसे बन गए। ममता ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस की विचारधारा भाजपा के खिलाफ है और भाजपा के साथ खड़े होकर पार्टी का दावा नहीं किया जा सकता। चंद्रिमा के इस्तीफे के बाद ममता ने राष्ट्रीय और बंगाल इकाई दोनों की जिम्मेदारी खुद संभालने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब उनके आवास स्थित कार्यालय को ही तृणमूल कांग्रेस का मुख्य कार्यालय बनाया जाएगा।

## हर 2 किलोमीटर पर ऑक्सीजन बूथ, बालटाल रूट पर 12 जगह वाटरप्रूफ डोम बनाए

# अमरनाथ यात्राः पहले दिन 9 हजार श्रद्धालु दर्शन करेंगे

**जम्मू**

57 दिन की अमरनाथ यात्रा शुक्रवार से शुरू हो गई। यात्रा का पहला जत्था गांदरबल जिले के बालटाल और अनंतनाग जिले के पहलगाम (नुनवान) बेस कैंप से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे में 4,822 श्रद्धालु शामिल हैं। ये सभी श्रद्धालु गुरुवार को बेस कैंप में पहुंचे थे। जम्मू-कश्मीर प्रशासन के मुताबिक, पहले जत्थे के श्रद्धालुओं के साथ जवान और अन्य



व्यवस्थाओं में लगे लोग मिलाकर कुल 9 हजार लोग आज शाम तक दर्शन करेंगे। यात्रा मार्ग पर हर 2 किलोमीटर पर ऑक्सीजन बूथ बनाए गए हैं। दोमेल रूट पर चार जगह बड़ी स्क्रीन के जरिए मौसम की जानकारी दी जा रही है।

बालटाल रूट पर 12 जगह वाटरप्रूफ डोम बनाए गए हैं। अमरनाथ यात्रा दो रास्तों से की जाती है। पारंपरिक रास्ता 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम से है। दूसरा रास्ता गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबे बालटाल से है। यात्रा 28 अगस्त को खत्म होगी।

### दूसरा जत्था कल रवाना

अमरनाथ यात्रा के दूसरे जत्थे के 3,865 श्रद्धालु शुक्रवार देर शाम कश्मीर पहुंचेंगे। इनमें 1,735 श्रद्धालु 115 वाहनों से बालटाल बेस कैंप जा रहे हैं, जबकि 2,130 श्रद्धालु 86 वाहनों से पारंपरिक पहलगाम मार्ग की ओर रवाना हुए। शनिवार सुबह 3,865 श्रद्धालुओं को बालटाल और नुनवान-पहलगाम बेस कैंपों से पवित्र अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए रवाना किया जाएगा। कश्मीर में लगातार बारिश और खराब मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं को दर्शन के बाद तुरंत नीचे लौटने की सलाह दी गई है।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय की ऐतिहासिक और तीखी टिप्पणी

# तीन तलाक, हलाला की आड़ में नहीं चलेगा यौन शोषण

**प्रयागराज**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने निकाह, हलाला और तीन तलाक जैसी सामाजिक प्रथाओं के दुरुपयोग पर बेहद तल्ख और सख्त रुख अपनाया है। न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने इन प्रथाओं को आधुनिक समाज पर एक 'काला पन्ना' करार दिया। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ये कृत्य भारतीय संविधान के मूल सिद्धांतों, लैंगिक समानता और मानवीय गरिमा के पूरी तरह खिलाफ हैं। पर्सनल लॉ या व्यक्तिगत कानूनों की आड़ लेकर किसी भी महिला के यौन शोषण को सही नहीं ठहराया जा सकता और न ही अपराधियों को कोई कानूनी संरक्षण दिया जा सकता है।

यह पूरा मामला उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के सैदनागली थाना क्षेत्र का है। एक पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जब वह नाबालिग थी, तब कम उम्र में उसका निकाह कराया गया, फिर उसे तीन तलाक दिया गया। इसके बाद 'हलाला' के नाम पर और दोबारा निकाह कराने के बहाने उसका लगातार सुनियोजित तरीके से सामूहिक दुष्कर्म और गंभीर यौन शोषण किया गया। इस मामले में पीड़िता के पूर्व पति, उसके सगे चाचा और एक स्थानीय मौलाना को आरोपी बनाया गया है। इन आरोपियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने और गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की थी।

### आरोपियों की सभी याचिकाएं खारिज



उच्च न्यायालय ने आरोपियों की सभी याचिकाओं को सिरे से खारिज कर दिया। अदालत ने साफ किया कि प्रथम दृष्टया यह मामला एक नाबालिग लड़की के साथ हलाला के नाम पर छिपाए गए बेहद संगीन सामूहिक बलात्कार का है, जिसकी गहन और निष्पक्ष पुलिस जांच होना अनिवार्य है। न्यायालय ने आपराधिक कानून की सर्वोच्चता को रेखांकित करते हुए एक ऐतिहासिक बात कही कि 'जब बात आपराधिक कानून की आती है, तो शादी-विवाह को नियंत्रित करने वाले 'पर्सनल लॉ' की दलीलों के लिए देश की अदालतों में कोई स्थान नहीं है, जब तक कि कानून स्वयं कोई विशेष छूट न दे। अदालत ने रिट अधिकार क्षेत्र का उपयोग कर जांच के शुरुआती चरण में इस मुकदमे को खत्म करने से साफ इनकार कर दिया।

## सरकार मेटा से पूछेगी ऐसे विज्ञापन कैसे चले

# इंस्टाग्राम पर बाल यौन शोषण के विज्ञापन

**नई दिल्ली**

इंस्टाग्राम पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री को बढ़ावा देने वाले विज्ञापनों को लेकर सरकार पैरेंट कंपनी मेटा को समन भेजेगी। आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यह निर्देश दिए।

मंत्रालय मेटा से पूछेगा कि इंस्टाग्राम पर ऐसे विज्ञापन कैसे प्रसारित हुए और उन्हें रोकने के लिए प्लेटफॉर्म की ओर से क्या कदम उठाए गए। साथ ही यह भी पूछा जाएगा कि बच्चों के यौन शोषण से संबंधित सामग्री को बढ़ावा देने वाले विज्ञापनों को रोकने के लिए कंपनी की क्या नीतियां और व्यवस्था हैं। दरअसल बीबीसी ने शुक्रवार को अपनी इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट में बताया था कि इंस्टाग्राम भारत में बच्चों के यौन शोषण से जुड़े विज्ञापन दिखा रहा है। इससे पहले सरकार ने 1 जुलाई को मेटा को नोटिस जारी कर व्हाट्सप के यूजरनेम फीचर पर नोटिस भेजा था।

### मेटा पर यौन शोषण से जुड़ा कंटेंट सस्ता मिल रहा

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इंस्टाग्राम पर चाइल्ड सेक्शुअल एब्यूज मेटेरियल मौजूद हैं। भारत में इंस्टाग्राम पर ऐसे पेड विज्ञापन चल रहे थे, जिनमें 'रेप वीडियो' और 'चाइल्ड वीडियो' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। इन विज्ञापनों पर क्लिक करने के बाद यूजर्स को टेलीग्राम चैनलों पर भेजा जाता था, जहां कथित तौर पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ा कंटेंट बेहद कम कीमत 99 रुपए में बेचा जा रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, इंस्टाग्राम पर दिखने वाले सभी विज्ञापन पहले मेटा के मॉडरेशन सिस्टम से मंजूरी मिलने के बाद ही लाइव होते हैं। बीबीसी ने जब ऐसे ही एक विज्ञापन की शिकायत इंस्टाग्राम से की, तो करीब 24 घंटे बाद कंपनी ने जवाब दिया कि यह पोस्ट उसकी कम्यूनिटी गाइडलाइन का उल्लंघन नहीं है। इसके बाद बीबीसी ने मेटा से इस मामले पर जवाब मांगा।



# बहेड़ी से दिल्ली डायरेक्ट ट्रेन की मांग: व्यापार मंडल का हस्ताक्षर अभियान मीना बाजार पहुंचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी (बरेली)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा बहेड़ी से दिल्ली के लिए डायरेक्ट ट्रेन चलाए जाने की मांग को लेकर शुरू किया गया हस्ताक्षर अभियान अब एक बड़े जन आंदोलन का रूप ले चुका है। शहर में इस अभियान को चलते हुए लगभग 15 दिन पूरे हो चुके हैं। इस दौरान समाज के हर वर्ग जैसे अधिवक्ताओं, डॉक्टरों, समाजसेवियों, सराफा एसोसिएशन और विभिन्न बाजारों के दुकानदारों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। इसी क्रम में, अभियान के 15 दिन पूरे होने के अवसर पर मीना बाजार में विशेष हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। चूंकि मीना बाजार एसोसिएशन के दुकानदार अब तक इसमें शामिल नहीं हो पाए थे, इसलिए व्यापार मंडल के अध्यक्ष सलीम रहवर ने कल हरी झंडी दिखाकर इस अभियान को मीना बाजार के लिए रवाना किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की टीम ने बाजार के सभी व्यापारियों और दुकानदारों से संपर्क कर उनका समर्थन जुटाया और हस्ताक्षर कराए।



व्यापार मंडल के मीडिया प्रभारी वसीम आइडिया ने बताया कि कल तक लगभग 20,000 लोग इस हस्ताक्षर अभियान से जुड़ चुके हैं। शहर के साथ-साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोगों के लगातार फोन आ रहे हैं और वे भी इस मुहिम का हिस्सा बनने की इच्छा जता रहे हैं। जनता और व्यापारियों की इस समस्या को देखते हुए इस अभियान को भारी जन समर्थन मिल रहा है।

*रेलवे बोर्ड की बैठक और केंद्रीय मंत्री को सौंपा जाएगा मांग पत्र*

अभियान के सफल 15 दिन और 20 हजार हस्ताक्षर पूरे होने पर आज पुनः एक नए उत्साह के साथ हरी झंडी दिखाकर मीना बाजार में इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी 7 तारीख को इज्जत नगर मंडल (बरेली) में रेलवे बोर्ड की एक बड़ी और महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है, जिसमें व्यापार मंडल के प्रतिनिधि शामिल होकर अधिकारियों के सामने बहेड़ी की इस प्रमुख मांग को मजबूती से रखेंगे। इसके साथ ही, जल्द ही केंद्रीय मंत्री व पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सांसद जितिन प्रसाद से समय लेकर मुलाकात की जाएगी। इस दौरान उन्हें जनता और व्यापारियों के हस्ताक्षरों से युक्त मांग पत्र (डॉक्यूमेंट) सौंपा जाएगा। व्यापारियों को पूरी उम्मीद है कि इतने बड़े जन समर्थन और लाखों लोगों की परेशानी को देखते हुए सरकार और रेलवे प्रशासन बहेड़ी से दिल्ली के लिए डायरेक्ट ट्रेन की मांग को जल्द पूरा करेगा। इस ऐतिहासिक मौके पर अध्यक्ष सलीम रहवर के साथ नदीम फैंसी, ताहिर रशीद, नासिर सहर, वसीम आइडिया, तय्यब कासमी, नदीम कुरैशी, इस्लाम सिद्दीकी, योगेश कसौधन, इश्तियाक अहमद, वासिफ संगम, आसिम चाचा, अतीक झंकार, साहिबे आलम, आदिल मेक्सवेल, नईम सम्राट, शफीक मियां जी, गुड्डू भाई ज़मज़म, सईद शेरी सहित दर्जनों प्रमुख व्यापारी और जिम्मेदार नागरिक उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप



### बहेड़ी रेंज में 'आम भंडारा' के तहत आम के पौधों का वितरण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**बहेड़ी (बरेली)।** वन विभाग की बहेड़ी रेंज द्वारा शेरगढ़ ब्लॉक में 'आम भंडारा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों एवं युवाओं को बड़ी संख्या में आम के पौधे वितरित किए गए तथा सभी से पौधों का रोपण कर उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर वन विभाग अधिकारी एस.एस. चौहान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि आम का पौधा न केवल पर्यावरण को शुद्ध करता है, बल्कि भविष्य में फल देकर आर्थिक एवं पोषण संबंधी लाभ भी प्रदान करता है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक आम के पौधे प्राप्त किए और उन्हें रोपित कर सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। वन विभाग द्वारा लोगों को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़ने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए भी प्रेरित किया गया। यह अभियान प्रदेश में जनभागीदारी के साथ वृक्षारोपण को बढ़ावा देने की व्यापक पहल का हिस्सा है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरियाली को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों एवं वन विभाग के कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही।

### UP TET-2026 परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी पकड़ा गया, दस्तावेजों की जांच में खुला राज



**बरेली।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा UP TET-2026 के दौरान बरेली में फर्जीवाड़े का एक गंभीर मामला सामने आया है। कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित साहू गोपीनाथ कन्या इंटर कॉलेज में द्वितीय पाली की परीक्षा के समय एक अभ्यर्थी को गलत पहचान के साथ परीक्षा देते हुए पकड़ लिया गया। घटना के बाद प्रशासन और पुलिस सतर्क हो गई है तथा सभी परीक्षा केंद्रों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। सीओ सिटी प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षकों द्वारा अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की नियमित जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक अभ्यर्थी के प्रवेश पत्र और आधार कार्ड में नाम को लेकर गंभीर अंतर पाया गया। प्रवेश पत्र में नाम मनोज पुत्र मानसिंह दर्ज था, जबकि अन्य दस्तावेजों में उसका नाम आदेश कुमार पुत्र मानसिंह सामने आया। संदेह होने पर तत्काल अभ्यर्थी को रोका गया और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने हाईस्कूल की परीक्षा भी अलग नाम और जन्मतिथि के आधार पर उत्तीर्ण की थी। यह भी जानकारी मिली है कि उसने अपनी पहचान छिपाने के उद्देश्य से आधार कार्ड में कई बार संशोधन कराया। केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि इस पूरे मामले के पीछे कोई संगठित गिरोह तो सक्रिय नहीं है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की पारदर्शिता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

# इनर व्हील क्लब बरेली ग्लोरी स्पार्क ने हर्षोल्लास से मनाया अधिष्ठापना दिवस

## नए सत्र 2026-27 की टीम का गठन, समाजसेवा कार्यों को मिली सराहना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** इनर व्हील क्लब बरेली ग्लोरी स्पार्क द्वारा शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में अधिष्ठापना दिवस के अवसर पर नए सत्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्षा सोनम बत्रा ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान क्लब के सभी सदस्यों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात केक काटकर इनर व्हील डे भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंडल 311 की ईएसओ डॉ. नीलू मिश्रा की अध्यक्षता में सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान सत्र 2025-26 की अध्यक्षा सोनल बत्रा ने नवनिर्वाचित अध्यक्षा मीता शर्मा को कॉलर एवं पिन पहनाकर अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा। नई टीम में उपाध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, सचिव सोनम बत्रा, कोषाध्यक्ष मिलन वशिष्ठ, आईएसओ प्रियंका सेठी तथा संपादिका मीनाक्षी पाठक को उनके पदों की जिम्मेदारी दी गई। डॉ. नीलू मिश्रा ने क्लब के पूर्व कार्यों की सराहना करते हुए नई टीम को शुभकामनाएं दीं। डॉक्टर्स डे के अवसर पर डॉक्टर अमन एवं डॉ. नीलू मिश्रा को सम्मानित किया गया। क्लब द्वारा दो बच्चों की पूरे वर्ष की फीस वहन करने की घोषणा भी की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्षा नीता शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सीजीआर वंदिता शर्मा, मीता शर्मा, विनीता शर्मा, मिलन वशिष्ठ, सोनल बत्रा, श्वेता अग्रवाल, प्रियंका सेठी, राजेश्वरी शर्मा, मीनाक्षी पाठक, रेहा, शिप्रा, सुनीता, नीमा एवं कुसुम सहित सभी सदस्य उपस्थित रहीं।




अधिष्ठापना दिवस के अवसर पर मौजूद ईएसओ डॉ. नीलू मिश्रा। -जागरण मोर्चा

# सपा कार्यालय में जन्मदिन कार्यक्रम के दौरान हंगामा, रिवॉल्वर दिखाने का आरोप

- निवर्तमान कोषाध्यक्ष अशोक यादव पर कार्यकर्ता ने लगाए गंभीर आरोप, पुलिस जांच में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मिशन कंपाउंड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में हंगामे का मामला सामने आया है। पार्टी के निवर्तमान कोषाध्यक्ष अशोक यादव पर एक कार्यकर्ता ने रिवॉल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी देने और हमला करने की कोशिश का आरोप लगाया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता अनुज मौर्य के अनुसार, वह एक जुलाई 2026 को मिशन कंपाउंड स्थित सपा कार्यालय में आयोजित जन्मदिन समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान बिना किसी पूर्व विवाद के अशोक यादव ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और अचानक रिवॉल्वर निकालकर जान से मारने की धमकी दी। अनुज मौर्य ने अपनी शिकायत में यह भी कहा है कि अशोक यादव पहले भी रिवॉल्वर के दम पर लोगों को डराने-धमकाने का कार्य करते रहे हैं। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, अशोक यादव ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि उनके खिलाफ झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं तथा उन्होंने किसी भी प्रकार की धमकी देने या हथियार दिखाने से इनकार किया है।



> मामले की शिकायत प्राप्त हो चुकी है। दोनों पक्षों के बयान और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> -राजीव सिंह, कोतवाली इंस्पेक्टर

### अंडर-14 क्रिकेट कप : कृष्णा क्रिकेट अकादमी की शानदार जीत

**बरेली।** मनीष क्रिकेट अकादमी, मोहनपुर ठिरिया रोड, बरेली कैंट के तत्वावधान में आयोजित अंडर-14 क्रिकेट कप के एक रोमांचक मुकाबले में कृष्णा क्रिकेट अकादमी ने संतुलित ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए पार्कर क्रिकेट अकादमी को 40 रन से पराजित किया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कृष्णा क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 30 ओवर में 4 विकेट खोकर 274 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अंश सिंह ने 61 गेंदों में 84 रन की धमाकेदार पारी खेली, जिसमें 11 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। अंश मित्तल ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 57 गेंदों पर 70 रन बनाए और टीम को ठोस शुरुआत दिलाई। रजत सिंह ने नाबाद 28 रन जोड़े, जबकि आकाश यादव ने 14 गेंदों में 25 रन और अमन शर्मा ने 12 गेंदों में नाबाद 20 रन का योगदान दिया। इसके अलावा टीम को 35 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पार्कर क्रिकेट अकादमी की ओर से काव्यांश सिसोदिया ने 78 गेंदों में 77 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। प्रिंस सिंह ने 39 रन बनाए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।

# सुभाषनगर में नर्सिंग असिस्टेंट की रहस्यमयी मौत, परिवार ने लगाए गंभीर आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सुभाषनगर क्षेत्र के बालाजी मंदिर के पास रहने वाले नर्सिंग असिस्टेंट कुलदीप गोस्वामी की संदिग्ध हालात में हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। कुलदीप को अचेत अवस्था में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार सुबह इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों ने पत्नी, साली और साढ़ू पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कैंट थाना में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों का कहना है कि पिछले कुछ समय से कुलदीप और उनकी पत्नी के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। विवाद बढ़ने पर पत्नी अपनी बहन और बहनोई के घर रहने लगी थी। आरोप है कि पत्नी अपने मायके पक्ष के साथ मिलकर कुलदीप को लगातार मानसिक रूप से परेशान कर रही थी। बताया गया कि 30 जून को पत्नी ने महिला थाने में कुलदीप के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई थी। परिवार के अनुसार, मामले को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने और समझौते की नीयत से कुलदीप साली के घर पहुंचे थे, जहां उनकी पत्नी रह रही थी। वहां किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और कुछ समय बाद कुलदीप अचेत अवस्था में मिले। हालत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जहरीला पदार्थ सेवन की आशंका जताई। कैंट इंस्पेक्टर संजय धीर ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर पत्नी, साली और साढ़ू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, विसरा जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा। पुलिस आत्महत्या, आत्महत्या के लिए उकसाने और जहर देकर हत्या सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।



# रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय में 24वें दीक्षांत समारोह से पहले सांस्कृतिक गतिविधियों का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली में 24वें दीक्षांत समारोह से पूर्व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का शुभारंभ किया गया है। यह आयोजन कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा तथा कुलपति प्रो. के.पी. सिंह के संरक्षण में विश्वविद्यालय सांस्कृतिक केंद्र द्वारा किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट विद्यालयों में भाषण, चित्रकला, कहानी लेखन, निबंध, कविता, लोकनृत्य एवं देशभक्ति गीत जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पाण्डेय ने बताया कि जनभवन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार कक्षा 3 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को दो वर्गों में विभाजित कर विषय निर्धारित किए गए हैं। कक्षा 3 से 8 के लिए "मेरा विद्यालय", "प्रकृति", "देशप्रेम" एवं "पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र" जैसे विषय रखे गए हैं, जबकि कक्षा 9 से 12 के लिए गांव में हुए अच्छे कार्य, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान के आधुनिक चमत्कार और तकनीकी शिक्षा जैसे विषय तय किए गए हैं। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, लेखन व प्रस्तुतीकरण क्षमता को विकसित करना है। चयनित विजेताओं को दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया जाएगा तथा श्रेष्ठ रचनाओं को पुस्तक रूप में प्रकाशित किया जाएगा। यह आयोजन 1 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक चलेगा।




24वें दीक्षांत समारोह से पूर्व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों के दौरान छात्र एवं शिक्षक। -जागरण मोर्चा




कार्यक्रम | बच्चों को मिला पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# थ्री डॉट्स स्कूल में वन महोत्सव के तहत हुआ वृक्षारोपण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** थ्री डॉट्स स्कूल, बरेली में शनिवार वन महोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री रामदास मैमोरियल एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में तथा वन विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ। जुलाई माह के प्रथम सप्ताह को वन महोत्सव के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि इसी अवधि में मानसून की शुरुआत होती है, जिससे पौधों को प्राकृतिक रूप से पर्याप्त जल और अनुकूल वातावरण मिलता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय परिसर में औषधीय, फलदार एवं फूलों वाले विभिन्न पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को "एक पौधा लगाओ और उसकी देखभाल करो" का संदेश दिया गया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा "पेड़ लगाओ, जन-जन को जागरूक बनाओ" जैसे रचनात्मक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वन विभाग की ओर से आरएफओ संजीव जौहरी, डिप्टी रेंजर तनुज जोशी एवं वन रक्षक शिवम जौहरी ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इसके साथ ही एसडीओ बरेली वैभव चौधरी तथा वन दरोगा योगिता कौशल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। इस समूचे कार्यक्रम के सफल आयोजन में थ्री डॉट्स स्कूल के डायरेक्टर सौरभ मेहरोत्रा, प्रधानाचार्या निहारिका मेहरोत्रा, उप-प्रधानाचार्या छवि कपूर सहित समस्त शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें सुरक्षित और विकसित किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व हरित वातावरण मिल सके।



वन महोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम मैं मौजूद विद्यार्थी एवं अन्य।

### राजेंद्रनगर में अवैध व्यावसायिक गतिविधियों पर कसा शिकंजा

**बरेली।** शहर में अवैध निर्माण और आवासीय भवनों के व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है। आवास एवं विकास परिषद ने शुक्रवार को राजेंद्रनगर क्षेत्र में सख्त अभियान चलाते हुए मॉडल शॉप, रेस्टोरेंट, कैंटीन, बुटीक और दुकानों सहित कुल नौ प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और नियमों की अनदेखी कर रहे भवन स्वामियों में खलबली फैल गई। यह अभियान परिषद के अधिशासी अभियंता राजेंद्र नाथ राम के नेतृत्व में सुबह करीब 11 बजे पुलिस बल की मौजूदगी में शुरू किया गया। टीम ने सबसे पहले 'मधुशाला मॉडल शॉप' और उससे संचालित एसी कैंटीन को सील किया। इसके बाद आवासीय भवनों में चल रहे डिजाइनर बुटीक, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर ताले लगाए गए। सभी परिसरों पर विभागीय नोटिस भी चस्पा किए गए। कार्रवाई की जानकारी मिलते ही कुछ प्रतिष्ठान संचालकों ने राजनीतिक और प्रभावशाली लोगों के माध्यम से अभियान रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन अधिकारियों ने शासन के स्पष्ट निर्देशों का हवाला देते हुए कार्रवाई जारी रखी।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर– 7906815587, 9758444242

## एक नजर

### छात्रों ने किया प्रदर्शन

**रामपुर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित किए गए हैं।इस परीक्षा में क्षेत्र के मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के कषि विभाग के दो मेधावी छात्रों सलमान और नदीम अख्तर ने सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।सलमान ने ऑल इंडिया रैंक 834 और नदीम अख्तर ने ऑल इंडिया रैंक 750 प्राप्त की है। विश्वविद्यालय में चयनित होने पर दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, गुरुजनों एवं कड़ी मेहनत को दिया।

# अमृतसर में करंट की चपेट में आने से शाहबाद के युवक की मौत

## 9 जुलाई को होनी थी युवक की शादी, शादी की खुशियां मातम में तबदील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** पंजाब के अमृतसर में करंट लगने से शाहबाद के युवक की मौत हो गई। युवक के परिजन उसके शव को लेकर शाहबाद आ गए और शनिवार दोपहर में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के बंदार गांव निवासी जोगराज सिंह का 22 वर्षीय पुत्र रविन्द्र सागर अपने बड़े भाई के साथ पंजाब के अमृतसर में छोले भटूरे का ठेला लगाता था, बीती रात ठेले के बराबर में खड़े पोल से उतरे करंट की चपेट में आकर रविन्द्र सागर की मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना



युवक की मौत का बाद रोते हुए परिजन व फाइल फोटो मृतक रविन्द्र।

मिलते ही परिजनों में कोहराम छा गया। परिजन उसके शव को लेकर शाहबाद पहुंचे, जहां शनिवार दोपहर बाद रविन्द्र के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। रविन्द्र पांच भाइयों में सबसे छोटा था।

### घर पर चल रहीं थी युवक की शादी की तैयारियां

मृतक रविन्द्र सागर की शादी आने वाली 9 जुलाई को शाहबाद के चतरपुर गांव से होनी थी, रविन्द्र के घर में शादी की तैयारियां चल रही थी। दोनों घर में खुशियों भरा माहौल था। रविन्द्र के घर 5 दिन बाद बहु आने वाली थी। लेकिन उससे पहले ही रविन्द्र की करंट लगने से मौत हो गई। शादी की खुशियां मातम में बदल गई। दोनों परिवारों में कोहराम छा गया।

# मामूली विवाद में मारपीट, कई पर केस दर्ज, एसपी से न्याय की गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के ओसी गांव में मुर्गे को डंडा मारने की मामूली बात इतना गंभीर रूप ले लेगी, यह किसी ने नहीं सोचा था। मामले में पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

ग्राम ओसी, थाना शाहाबाद, जनपद रामपुर निवासी लाला राम पुत्र चुन्नी लाल ने दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि 27 जून को सुबह उनका मुर्गा पड़ोसी झम्मन लाल के घर में चला गया, जिस पर झम्मन लाल के पुत्र करन ने मुर्गे को डंडा मार दिया। इसका विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज हुई।

इसी दिन सुबह साढ़े 8 बजे झम्मन लाल अपने पुत्रों डोरी लाल, करन, अर्जुन व सर्जुन तथा ग्राम के अन्य लोगों के साथ हाथों में डंडे व सरिये लेकर उनके घर में घुस आया। आरोपियों ने उसे और उसकी पत्नी कमलेश के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने डंडों व सरियों से दोनों पति-पत्नी पर हमला कर दिया, जिससे उसकी व उसकी पत्नी के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं।

यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसकी पत्नी के कपड़े फाड़ दिए और उसे घसीटकर घर से बाहर ले जाने का प्रयास किया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे मोहल्लेवासियों ने बीच-बचाव कर पीड़ितों को बचाया, जिस पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि यदि सामने आने या बोलने की कोशिश की तो जान से मार दिया जाएगा।

उसका कहना है कि वह और उसकी पत्नी गंभीर व लहूलुहान हालत में रिपोर्ट दर्ज कराने थाना शाहाबाद गए, लेकिन उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई, केवल पत्नी कमलेश का मेडिकल परीक्षण कराया गया। पत्नी के सिर पर गंभीर चोट होने के कारण उसकी हालत नाजुक बताई गई है। चुन्नी लाल ने पुलिस अधीक्षक से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नाबालिग को ले जाने में आधा दर्जन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर ले गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक व उसके परिवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस संबंध में कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि मेरी पुत्री उम्र करीब 17 वर्ष को 26 जून की शाम करीब 8 बजे गांव का ही युवक बहला-फुसलाकर ले गया। नाबालिग के पिता ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने युवक के पिता और उसके परिवार से शिकायत की और लड़की वापस करने की मांग की।आरोप है कि इसके बाद आरोपी पक्ष के लोग उल्टा लड़ने




को तैयार हो गए। पीड़ित पिता ने तहरीर में कहा है कि उनकी लड़की को भगाने में युवक के समस्त परिवार की साजिश है। पुलिस से आरोपी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर अपनी लड़की को बरामद कराने की मांग की है।प्रभारी निरीक्षक मनीराम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। नाबालिग की बरामदगी के लिए टीम गठित की गई है।

# शाहबाद क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक जख्मी, भर्ती

**शाहबाद।** शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको उपचार के लिए शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।मिली जानकारी




के अनुसार थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर निवासी इमरान शुक्रवार देर रात बाइक से किसी जरूरी काम से शाहबाद आ रहा था। अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, हादसे में बाइक से गिरकर इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया सीएचसी में डॉक्टरों ने घायल को प्राथमिक उपचार दिया।

# व्यापारियों ने किया कोतवाल का स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार को व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त कोतवाल रणवीर सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उनका बुके भेंटकर स्वागत एवं सम्मान किया।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि नगर का व्यापारी वर्ग हमेशा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करता रहा है।भविष्य में भी हर आवश्यक अवसर पर पुलिस के साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि कोतवाली पुलिस भी व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए उनकी समस्याओं का निष्पक्ष एवं संवेदनशील ढंग से समाधान करेगी तथा अनावश्यक रूप से



शाहबाद के नवनियुक्त कोतवाल का स्वागत करते व्यापार मण्डल के नगराध्यक्ष मुकेश चंद गुप्ता और महामंत्री गोरे खां। –जागरण मोर्चा

किसी भी व्यापारी को परेशान नहीं किया जाएगा।नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रणवीर सिंह ने व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस का उद्देश्य आमजन एवं व्यापारियों को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखते हुए सभी के साथ निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। इस दौरान नगर महामंत्री गोरे खां , दिनेश रस्तोगी, नरेश गुप्ता, गोपाल गुप्ता आदि रहे।

# रेस्क्यू कर टीम ने घर से पकड़ा कोबरा

- बिलासपुर के जंगल में वन विभाग की टीम ने छोड़ा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** ज्वालानगर में वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर घर से कोबरा सांप को पकड़ लिया। उसके बाद टीम ने बिलासपुर के जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। शनिवार की रात रेलवे कॉलोनी ज्वालानगर निवासी के घर में अचानक कोबरा सांप आ गया। यह देख घरवालों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

यह देख सूचना आनन फानन में किसी ने वन विभाग में तैनात चालक सजन बहादुर सिंह को दी। सूचना मिलने पर चालक मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने सूझबूझ से कोबरा सांप को



रेस्क्यू कर कोबरा सांप को पकड़े चालक।

पकड़ लिया। चालक ने बताया कि ज्वालानगर निवासी के घर पर कोबरा सांप होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर सांप को पकड़ लिया। उसके बाद बिलासपुर के जंगल डंडिया वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया। सांप को पकड़कर जंगल में ले जाने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

# इमाम की बुराई कर रहे लोगों को टोकने कर मारपीट, केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के चकरपुर भूड़ में मस्जिद के अंदर इमाम को लेकर कई लोगों में झगड़ा हो गया। शाहबाद थाना क्षेत्र के चकरपुर भूड़ निवासी मेहमुद खां पुत्र नसीब खां ने दी तहरीर में बताया कि 30 जून की शाम 7 बजे वह नमाज पढ़ने मस्जिद गए थे, मस्जिद में मौजूद रहीस खां पुत्र अली रजा खां पुरानी इमाम साहब की बुराई कर रहे थे, जिस पर महमूद खा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि यह खुदा का घर है, यहां ऐसी बुराई न करें।

महमूद खां के अनुसार इसी बात को लेकर मुख्तार पुत्र मुस्ताक, रहीस खां पुत्र अली रजा खां, अकरम पुत्र मुस्ताक तथा लाला पुत्र होते खां ने मिलकर उन्हें गंदी गालियां दीं और लाठी-डंडों व लातों-घूंसों से बुरी तरह मारपीट की। आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी।पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# जनपद में अंतिम दिन 2701 अभ्यर्थियों ने दी टीईटी

- 11 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा एवं निगरानी के बीच आयोजित हुई परीक्षा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में आयोजित उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) का तीसरे और आखिरी दिन शनिवार को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुआ। परीक्षा जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों पर शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कड़ी सुरक्षा एवं प्रशासनिक निगरानी के बीच आयोजित कराई गई।

परीक्षा केवल प्रथम पाली में आयोजित हुई। इस पाली में कुल 2,990 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2,701 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 239 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 92 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं




पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई थी। सभी अधिकारियों ने अपने दायित्वों का पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया, जिससे परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच, सीसीटीवी निगरानी तथा अन्य व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से संचालित रहीं। जिलाधिकारी ने परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से जनपद में यूपीटीईटी परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई।

# पांच वर्ष पूर्ण होने पर हुई किसान सभा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शनिवार को सहकार से समृद्धि के पांच स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में चालू सहकारी हफ्ते में बिलासपुर बहु-उद्देशीय सहकारी समिति तथा इफको कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में किसान सभा का आयोजन किया।जिसमें समिति के सभापति जसविंदर पाल सिंह संचालक ध्यान सिंह, समिति सचिव वीरपाल तथा समिति के सदस्य एवं क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

सभा में इफको उप क्षेत्र प्रबंधक जेएस रावत द्वारा सहकारिता आंदोलन के मुख्य उद्देश्य तथा सात मूल संद्धातों पर चर्चा करते हुए बताया कि सहकारी समिति सदस्यों की सदस्यों द्वारा सदस्यों को शोषण से बचाते हुए उनका आर्थिक एवं समाजिक विकास करना होता है।सभापति जसविंदर पाल सिंह द्वारा सदस्य किसानों को समिति द्वारा ऋण सुविधा का लाभ लेते हुए समय पर धनराशि लौटाने के नैतिक कर्तव्य पर जोर दिया। बताया कि इस प्रकार समिति तथा सदस्य दोनों का विकास होता है। साथ वर्तमान उर्वरक वितरण व्यवस्था के अनुसार ही उर्वरक लेने तथा असंतुलित उर्वरक उपयोग ना करने की सलाह दी। इफको उप क्षेत्र प्रबंधक जेएसरावत द्वारा फसलों की घटती उत्पादकता का मुख्य कारण मृदा के घटते कार्बनिक स्तर को बताया तथा वर्ष में एक बार हरी खाद सनई अथवा ढैंचा को अपनाने की सलाह दी। उप क्षेत्र प्रबंधक द्वारा बताया कि धान की फसल में अधिकतम ढाई से तीन बोरी ही उपयोग होनी चाहिए।किसान पांच से छह बोरी उपयोग कर रहा है। जिस कारण से रोग कीट एवं खरपतवार वृद्धि बढ़ती हैं तथा किसान को रासायनिक दवाओं की अतिरिक्त लागत आती है। इसके लिए किसान ढाई से तीन बोरी ही उपयोग करें।




कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते मुख्य अतिथि। –जागरण मोर्चा

# फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन की ओर से शिविर का आयोजन



शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करते डॉ .नितिन। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** नारायण ई-टेक्नो स्कूल परिसर में फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि ईएनटी नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन ने फीता काटकर किया गया

शिविर में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की विस्तृत जांच विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई। इस अवसर पर डॉ. नितिन, डॉ. गुंजन, डॉ. नीरज श्रीवास्तव, डॉ. इब्राहिम बिलाल, डॉ. राशिद अली पाशा, डॉ. शबाब सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे। डॉक्टरों ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया। नारायण ई-टेक्नो स्कूल की ओर से स्कूल की प्रधानाचार्य जाकिया यासमीन, एजीएम श्रीनिवास बोगा, स्कूल के डीन दिव्यांश सिंघल, ई-चैंप्स की वाइस प्रिंसिपल नूपुर गुप्ता, ई-किड्स की वाइस प्रिंसिपल तंजीन खान, अभय तिवारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन की ओर से दीपक शर्मा ने विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# डंपर की टक्कर से नवविवाहिता की मौत, पति घायल

- स्वार रोड पर मुरसेना के पास हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र मुरसेना स्वार रोड पर संकल्प स्कूल और बडापुरा के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार नवविवाहिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया।

भोट बक्काल के रहने वाले पवन शर्मा उर्फ छोटू पुत्र नितेनंद शर्मा पत्नी खुशबू को उसके मायके टांडा से विदा कराकर वापस घर ला रहे थे। जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल मुरसैना सवार रोड पर संकल्प स्कूल के पास पहुंची,तो



हादसे के बाद मौके पर मौजूद भीड़। –जागरण मोर्चा



हादसे के बाद मौके पर लगा जाम। –जागरण मोर्चा

पीछे से आ रहे एक तेज़ रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि खुशबू 20 वर्ष पुत्री अनिल शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पवन शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए।तुरंत पुलिस को सूचना दी।परिजनों ने बताया कि खुशबू और पवन की शादी महज आठ महीने पहले ही हुई थी। इस हादसे के बाद से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल पति को तुरंत अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मृतका खुशबू के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया। पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरूकर दी है।पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

**कार्रवाई** मसवासी में अधिकारियों ने कराया नालों का निर्माण शुरू

# दुकानों के सामने से हटाया स्थायी अतिक्रमण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** नगर पंचायत ने कस्बे में अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज करते हुए काशीपुर मार्ग पर दुकानों के सामने किए गए स्थायी अतिक्रमण को हटाकर नालों का निर्माण शुरू करा दिया। कार्रवाई के दौरान अन्य अतिक्रमण भी चिन्हित किए गए, जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

शनिवार को अधिशासी अधिकारी आशुतोष कुमार सिंह वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चंद्र एवं नगर पंचायत टीम के साथ जेसीबी मशीन लेकर काशीपुर



मसवासी में नाला खोदती जेसीबी। –जागरण मोर्चा

मार्ग पहुंचे। टीम ने दुकानों के आगे बनाए गए स्थायी निर्माण हटाए और नाले का निर्माण कार्य शुरू कराया। बताया गया कि मार्ग के एक हिस्से में नाला नहीं बना था। कई दुकानदारों ने अपने स्तर पर नाले पर स्लैब डालकर स्थायी निर्माण कर लिया था, जिससे जल निकासी प्रभावित हो रही थी।नगर पंचायत टीम ने मौके पर अन्य अतिक्रमण भी चिन्हित किए और संबंधित दुकानदारों को निर्धारित समय के भीतर उन्हें स्वयं हटाने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा।अधिशासी अधिकारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर नगर पंचायत अपने स्तर से कार्रवाई कर स्थायी अतिक्रमण हटवाएगी। उन्होंने कहा कि जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और आमजन की सुविधा के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# सिविल लाइंस क्षेत्र में हो रहे लगातार फॉल्ट, उपभोक्ताओं को खूब रूलाया

## कहीं एबीसी केबल-जफंर जलने से कारण लाइन में आई खराबी, फ्रिज, कूलर हुए फेल




जागरण मोर्चा, कार्यालय

### एसडीओ, जेई नहीं उठाते है सीयूजी नंबर



बिजली निगम के एसडीओ, जेई का लापरवाही का आलम यह है कि सीयूजी नंबर नहीं उठाते हैं। हाल ही प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा के दौरान कड़े निर्देश दिए है कि सभी अधिकारी सीयूजी नंबर पर आई कॉल का जवाब जरूर दें। लेकिन इसके बाद फोन नहीं उठने के कारण उपभोक्ता उच्च अधिकारियों से संपर्क कर बिजली नहीं आने का कारण जान रहे हैं।

### बिलासपुर गेट क्षेत्र की दो घंटे को बंद रहेगी बिजली

एसडीओ तकनीकी एमबी सिंह ने बताया कि 33/11 केवी बिलासपुर गेट उपकेंद्र से सम्बंधित 33 केवी बिलासपुर लाइन का बिजनेस प्लान 2025-26 के अंतर्गत जर्जर तार बदलने, पोल लगाने एवं लाइन की ऊंचाई बढ़ाने, 3x300sqmm केबल जोड़ने आदि किए जाने का कार्य कराया जाएगा। इसलिए आपूर्ति 3 बजे से 5 बजे तक (2घंटे) जौहर बगी रोड, नानकार, नई बस्ती क्षेत्र की आपूर्ति बंद रहेगी। बताया कि जंपर खोलते एवं लगते समय समय सुरक्षा की दृष्टि से 33 केवी थानागंज भी 45 मिनट के लिए बंद रहेगी।

> राधा रोड स्थित जंफर जलने के कारण आपूर्ति बाधित रही। जिसे सही कराए जाने के बाद बाधित आपूर्ति को सुचारू करा दिया गया है।
> - अर्जुन मौर्य, जेई सिविल लाइंस बिजलीघर।

**रामपुर।** शनिवार को गर्मी का कहर काफी जबरदस्त देखने को मिला। स्थिति यह रही है कि कूलर, पंखे और एयरकंडीशन जवाब दे गए। गर्मी में पसीने में लोगों का हाल-बेहाल हो गया। उधर सिविल लाइंस क्षेत्र में धुआंधार कटौती हुई। कटौती होने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

एबीसी केबिल में खराबी आने की वजह से परेशानी हुई। इसके बाद जौली फैक्ट्री के पीछे रखे ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। शहरवासियों को बिजली आपूर्ति ऊंट के मुंह पर जीरा के सामान मिल रही है। आपूर्ति सिर्फ बिजलीघरों में रखी लॉकशीट में आपूर्ति फुल दिखाई जा रही है जबकि धरातल पर बहुत बुरा हाल है। शनिवार दोपहर साढ़े तीन बजे राधा रोड पर जंफर जल गया। जिससे सही करने में करीब 1 घंटा का समय लग गया। इसके बाद करीब 5 बजे लाइट सिर्फ पांच मिनट को आई। उसके बाद जौली फैक्ट्री के पीछे रखा ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। इसे सही करने में करीब आधा घंटे का समय लग गया।

# विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

- प्रदर्शन कर डीएम के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय


कलेक्ट्रेट परिसर में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष व अन्य।

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत ने शनिवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इसके बाद एक ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। जिसमें जिलाध्यक्ष ज्ञानपाल सिंह यादव ने कहा कि धान की फसल के लिए जरूरी यूरिया, डीएपी और एनपीके खाद पहले की तरह आधार कार्ड और जमीन के कागजात (खसरा-खतौनी) दिखाकर आसानी से दी जाए, क्योंकि अभी मोबाइल फोन और ओटीपी की दिक्कतों से छोटे किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है।

किसानों ने आरोप लगाया कि बड़े खाद दुकानदार छोटे दुकानदारों पर यूरिया के साथ जबरन एक लाख रुपये तक की दूसरी दवाइयां खरीदने का दबाव बना रहे है। जिस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने मांग की कि किसान दुर्घटना बीमा का फायदा पूरे परिवार को मिले, करीमगंज के मझरा गांव में श्मशान घाट के रास्ते से कीचड़ और पानी भरा होने की समस्या दूर की जाए, फसलों के सही दाम (एमएसपी) की व्यवस्था ठीक से लागू हो, बाढ़ से बचाव के इंतजाम मजबूत किए जाएं और सरकारी जमीन को नुकसान पहुंचाने वाले प्रधानों पर कार्रवाई हो। यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर यूरिया समय पर न मिला और इन समस्याओं का हल नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करेंगे।

# 28 जुलाई को होगी हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की इम्प्रूवमेंट परीक्षा

- 16-17 को दो पालियों में होगी प्रयोगात्मक परीक्षा, तैयारियां शुरू

जागरण मोर्चा, कार्यालय


अंजलि अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक।

### मोबाइल-स्मार्टफोन पूरी तरह बैन

नकल पर रोक और परीक्षा की सुरक्षा करने के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा कक्षों में मोबाइल, स्मार्ट फोन वॉच तथा किसी भी इलेक्ट्रानिक उपकरण का उपयोग वर्जित रहेगा। सभी कक्षों में वॉयस रिकार्डर से लैसे सीसीटीवी कैमरे व राउटर सक्रिय रखे जाएंगे। प्रश्न पत्रों को डबल लॉक स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा और पैकेट केवल कैमरे की निगरानी में खोले जाएंगे।

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल, इंटरमीडिएट , कंपार्टमेंट और इंटरमीडिएट परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। लिखित परीक्षा 28 जुलाई को, जबकि प्रयोगात्मक परीक्षा व आतंरिक मूल्यांकन 16-17 जुलाई को आयोजित कराएं जाएंगे।

जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि हाईस्कूल कम्पाटमेंट परीक्षा 28 जुलाई को पहली पाली सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक, जबकि इंटरमीडिएट दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा से जुड़ी तैयारियों ने बोर्ड ने परीक्षकों की नियुक्ति क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मुख्य परीक्षा के मान्य परीक्षकों की सूचनी से ही करने के निर्देश दिए है। छात्र अपने प्रधानाचार्य या जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से भी संपर्क कर प्रयोगात्मक परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

# दीन और दुनिया में कामयाबी के लिए बुराईयां छोड़ें : सैयद सलीम

- भमरौआ में पूर्व प्रधान मोहम्मद असलम के निवास पर जलसे में उलेमा का खिताब

जागरण मोर्चा कार्यालय


जलसे को खिताब करते उलेमा। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** हज़रत सैयद सलीम मियां ने कहा कि बुराईयां छोड़ने पर ही दीन और दुनिया में कामयाबी हासिल होगी। भमरौआ में पूर्व प्रधान मोहम्मद असलम के निवास पर आयोजित दीनी जलसे में हज़रत सैयद सलीम मियां ने मेहमाने ख़ुसूसी के तौर पर शिरकत की। जल्से में पहुंचने पर उनका गुलपोशी कर इस्तक़बाल किया गया। जलसे को खिताब करते हुए सैयद सलीम मियां ने मुसलमानों को जुआ, शराब और ब्याज जैसी बुराईयों से दूर रहने की नसीहत की। उन्होंने नमाज़ क़ायम करने और अपने अक़ीदे की हिफाजत करने को कहा। मुफ़्ती कामरान रजा ने हज की अहमियत बयान की। उन्होंने नौजवानों को बुराइयाँ छोड़कर दीन के रास्ते पर चलते हुए मां-बाप की ख़िदमत करने के लिए कहा।इस मौके पर अज़ीम खां, मोहम्मद सुलेमान, मोहम्मद जमीर, मौलाना मोहम्मद अशरफ, इमाम नबी अहमद, मौलवी शकील, मोहम्मद शुएब, मोहम्मद सुहेल, मोहम्मद समीर, नक़ीब रहमान, नफीस रहमान, मोहसिन आदि मौजूद रहे।

# बाइक से कूदकर अचानक भाग निकली पत्नी, पति ने पुलिस से लगाई गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक पत्नी अपने पति और भाई को चकमा देकर बीच रास्ते में ही बाइक से कूदकर भाग निकली।

मोहम्मद पुर निवासी अजय कुमार अपनी पत्नी प्रियंका को उसके भाई करन के साथ मायके गन्नेश पुर छोड़ने जा रहा था। तीनों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे। जैसे ही उनकी बाइक मुरसैना के पास पहुंची, तभी प्रियंका ने अचानक चलती बाइक से छलांग लगा दी। तेजी से भागने लगी। बहन को अचानक इस तरह भागता देख भाई करन और पति अजय के होश उड़ गए। दोनों ने तुरंत बाइक रोककर काफी दूर तक प्रियंका का पीछा किया, लेकिन वह उनकी पकड़ में नहीं आई।देखते ही देखते आंखों से ओझल हो गई। आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन करने के बाद भी प्रियंका का कोई सुराग नहीं मिल सका। आखिरकार, पीड़ित पति ने अजीमनगर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है।पत्नी की तलाश करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उर्स के आखिरी दिन कुरआन ख्वानी के बाद हुआ कुल

- दो दिवसीय मौलाना रियाजुद्दीन खां का हुआ उर्स

जागरण मोर्चा, कार्यालय


मोहल्ला घेर सैफुद्दीन खां में उर्स के आखिरी दिन में दुआ करते।

**रामपुर।** शहर के मोहल्ला घेर सैफुद्दीन खां में मौलवी रियाजुद्दीन के दूसरे और आखिरी दिन असर की नमाज के बाद कुरआन ख्वानी हुई। इसके बाद कुल शरीफ का आगाज हुआ। मौलवी मोहम्मद रेहान खां ने बताया कि हजरत का दो दिवसीय उर्से मुबारक का आगाज 3 जुलाई को हुआ। उर्स के आखिरी दिन असर की नमाज के बाद कुरआन ख्वानी हुई। कुल शरीफ के बाद दुआ कराई। इशा की नमाज के बाद नात ए पाक पेश की। इस अवसर पर मौलवी नासिर खां, मौलवी फैजान खां, डॉ.शायर उल्लाह खां, मौलवी एहतेशाम उल्लाह खां समेत आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर मिल रही महंगी दवाएं

- जिला अस्पताल में बने केंद्र पर आए रोगियों ने लगाए आरोप

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में बना प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर मरीजों को सस्ती जेनेरिक दवाओं के बजाए महंगी ब्रांडेड दवाएं बेचने और बिल नहीं देने का मामला सामने आया है। अस्पताल परिसर में आए रोगियों ने गंभीर आरोप लगाए है। शनिवार दोपहर बरेली गेट निवासी मोहम्मद जावेद पत्नी के इलाज के लिए जिला अस्पताल की ओपीडी पहुंचे। जहां डॉक्टर ने पर्ची पर दवा लेने के लिए उन्हें जन औषधि केंद्र भेज दिया। जावेद का आरोप है कि उन्हें करीब 150 रुपये की दवा का एक पत्ता दिया। जो जन औषधि केंद्र की दवा नहीं थी। आरोप लगाया दवा देने के बाद उन्हें कोई बिल भी नहीं दिया गया। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दीपा सिंह ने बताया कि यदि जन औषधि केंद्र पर निर्धारित जेनेरिक दवाओं की जगह दूसरी दवाएं बेची जा रही है या मरीजों को बिल नहीं दिया जा रहा है तो यह नियम विरूद्ध है इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा साथ ही औषधि निरीक्षक को समय-समय पर केंद्र का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस मामले में औषधि निरीक्षक ने इस मामले की बात की गई तो फोन कट कर दिया।

# भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारियों का सामूहिक इस्तीफा

**गजरौला/ अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन (संयुक्त मोर्चा), गजरौला, जनपद अमरोहा (उत्तर प्रदेश) के प्रमुख पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने सर्वसम्मति से एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए संगठन से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में साझा बयान जारी करते हुए अवगत कराया जा रहा है कि भारतीय किसान यूनियन (संयुक्त मोर्चा) अपने मूल और वास्तविक किसान हितों के उद्देश्यों के मार्ग से पूरी तरह भटक चुका है।

किसान हितों की बलि चढ़ाते हुए निजी हितों को सर्वोपरि मानने की प्रवृत्ति बेहद गंभीर एवं चिंताजनक है। ऐसी विषम परिस्थितियों में एक सच्चे किसान सेवक के रूप में हमारे लिए संगठन के महत्वपूर्ण एवं विश्वसनीय पदों पर बने रहना अब संभव नहीं रह गया है, क्योंकि वर्तमान माहौल में इन दायित्वों का निष्पक्षता और ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना मुमकिन नहीं है। अतः हम सभी पदाधिकारी एवं सदस्य तत्काल प्रभाव से अपने-अपने पदों से सामूहिक रूप से त्यागपत्र दे रहे हैं। इस विज्ञप्ति के माध्यम से यह स्पष्ट किया जाता है कि आज के बाद हम सभी अधोहस्ताक्षरी (इस्तीफा देने वाले पदाधिकारियों) का भारतीय किसान यूनियन (संयुक्त मोर्चा) से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहेगा। आज से उक्त संगठन की किसी भी गतिविधि, आंदोलन, मांग पत्र, धरना-प्रदर्शन, या किसी भी प्रकार के आर्थिक लेन-देन से हमारा कोई सरोकार, उत्तरदायित्व या संबंध नहीं होगा। हमारे इस निर्णय को अंतिम माना जाए और इस सामूहिक इस्तीफे को तत्काल प्रभाव से स्वीकार किया जाए। "संगठन में कार्य करते हुए हमें जिन किसान साथियों, नौजवान भाइयों एवं सम्मानित बुजुर्गों से जो अपार सहयोग, स्नेह और सम्मान मिला है, उसके लिए हम सभी हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करते हैं। किसानों के अधिकारों और हितों की लड़ाई हम भविष्य में भी बिना किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के निरंतर जारी रखेंगे।"

### सामूहिक इस्तीफ़ा देने वालो की सूची

चन्द्र पाल सिंह, रामकृष्ण चौहान, ओमप्रकाश सिंह, तेजपाल सिंह, अंकुर सिंह, अहसान अली, अमरजीत सिंह, कार्तिक सतवीर सिंह, जगवीर सिंह, मुनीश सलमानी, आदिल, ओमप्रकाश, समरपाल सिंह, रामसरण सिंह, मुन्नी देवी, सूरजमुखी, सोमपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, गंगाराम सिंह, प्रथ्वी सिंह, प्रकाश सिंह, रामप्रसाद सिंह आदि।

# 18 तक आमजन एवं राजनीतिक दलों से मांगे गए सुझाव

- रामपुर संसदीय क्षेत्र की 5 विधानसभा सीटों के लिए जारी हुई प्रारूप सूची

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 25 तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में 7 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के तहत आने वाली 34-स्वार, 35-चमरौआ, 36-बिलासपुर, 37-रामपुर तथा 38-मिलक (अजा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की प्रारूप प्रकाशित कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि यह प्रारूप सूची 4 जुलाई से 1 सप्ताह की अवधि के लिए प्रकाशित की गई है, ताकि आमजन एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल इसका अवलोकन कर सकें।

जिलाधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्रों की प्रारूप सूची जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त संबंधित कार्यालयों में भी सूची का अवलोकन किया जा सकता है।उन्होंने जनसामान्य एवं राजनीतिक दलों से अपील की है कि यदि मतदान केंद्रों या मतदेय स्थलों के संबंध में कोई आपत्ति अथवा सुझाव हो तो उसे 18 जुलाई तक लिखित रूप में जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि प्राप्त होने वाले सभी सुझावों एवं आपत्तियों पर नियमानुसार विचार किया जाएगा।

# आम की महक और ठहाकों की गूंज धूमधाम से मनाया गया महोत्सव



जागरण मोर्चा, कार्यालय

### आम महोत्सव में यह रहे शामिल

सुभाष नन्दा, धनन्जय पाठक, महेश जुनेजा, राजीव सिंघल, जुगेश अरोड़ा कुक्कू, विरेन्द्र गर्ग, मनोज गर्ग, राजीव मांगलिक, संजय पाठक, सुनील कुमार गोयल, आरके जैन, प्रदीप गुप्ता, अमित मलिक, सुमित अग्रवाल, रवि अग्रवाल, गिरिराज अग्रवाल, ललित अग्रवाल, अनिल वशिष्ठ, सतेन्द्र भटनागर, गोविन्द पाण्डे, सोनू जिन्दल, सुनील सिंह, शिशिर अग्रवाल, नवनीत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**रामपुर।** गर्मी से राहत और स्वाद से भरपूर एक शाम रामपुर का रंगोली मण्डप आम के रस, जामुन की मिठास, संगीत की सुर-लहरियों और हास्य के ठहाकों से गूंज उठा। सप्रेम संस्कृति प्रेरणा मंच) द्वारा आयोजित आम महोत्सव एवं संगीत व हास्य संध्या" में शहर वासियों ने सपरिवार शिरकत कर गर्मी के इस त्योहार का जमकर लुत्फ उठाया। शाम 6:30 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में सबसे बड़ा आकर्षण था आम की दर्जनों प्रजातियां। लंगड़ा, दशहरी, चौसा से लेकर देसी आम तक हर स्टॉल पर भीड़ लगी रही। साथ में काले-काले रसीले जामुन, आमरस, लस्सी और घर जैसा स्वादिष्ट भोजन ने लोगों का मन मोह लिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई प्लेट हाथ में लेकर आम और पकवानों का स्वाद लेता नजर आया। आम महोत्सव के साथ ही मंच पर संगीत और हास्य संध्या का रंग भी खूब जमा। स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों के बाद मंच पर आए मशहूर हास्य कलाकार सूरज मैनी।

सूरज मैनी ने अपने चुटकुलों और बेबाक अंदाज से पूरे पंडाल को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। तालियों और ठहाकों की गूंज देर तक सुनाई देती रही। आयोजक सप्रेम संस्कृति प्रेरणा मंच का मकसद सिर्फ आम खिलाना नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति को जिंदा रखना भी है। मंच से वक्ताओं ने कहा कि आम हमारी पहचान है और ऐसे आयोजन आने वाली पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। कार्यक्रम के अंत में सप्रेम के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों, कलाकारों और रामपुर की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अगले साल भी इस आयोजन को और बड़े स्तर पर किया जाएगा। कुल मिलाकर आज की शाम ने साबित कर दिया कि गर्मी का असली मजा आम के साथ, संगीत के साथ और अपनों के साथ ही है।

**आक्रोश** भीषण गर्मी से बेहाल लोगों ने 63 केवी का बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की

# सोनकपुर में फुंके ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

जागरण मोर्चा कार्यालय


बिजली नहीं आने को लेकर विरोध जताते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**स्वार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनकपुर के मजरे चांद का मझरा में बिजली संकट को लेकर ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। गांव में लगे दो ट्रांसफार्मर पिछले कई दिनों से ओवरलोडिंग के कारण बार-बार फुक रहे हैं।

बार-बार बिजली गुल होने और भीषण गर्मी से बेहाल ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक गांव में कम से कम 63 केवी का बड़ा ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जाता, तब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा।ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आबादी और बिजली के उपकरणों के बढ़ने से लोड काफी बढ़ चुका है।विभाग की ओर से जो दो ट्रांसफार्मर रखे गए हैं, वे इस लोड को झेलने में सक्षम नहीं हैं। पिछले कई दिनों से जैसे ही इन ट्रांसफार्मरों को बदला या ठीक किया जाता है, कुछ ही घंटों में अधिक लोड के कारण ये दोबारा फुक जाते हैं। इसके चलते पूरा इलाका भीषण गर्मी के बीच अंधकार में डूबा हुआ है। पेयजल का संकट भी गहराने लगा है।इस मौके पर माजिद प्रधान, बदलू प्रधान, अख्तर अली, कलुआ, हसन जमील, भूरा, यूसुफ, रहमान, साबिर, इब्राहिम, छोटे हाजी, यूनुस, जलीस, इरफान, इस्लाम, अरबाज, राशिद, मोहम्मद अली और असगर अली सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बैठक: सावन माह 30 जुलाई से, कांवड़ यात्रा की तैयारियां शुरू

## डीएम-एसएसपी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, सुरक्षा और सुविधाओं पर रहेगा विशेष फोकस

- डीजे 10 फुट चौड़ा और 12 फुट से अधिक ऊंचा होगा तो होगी कार्रवाई, दोनों अधिकारियों ने अनुपालन कराने के लिए दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश देते डीएम-एसएसपी। -जागरण मोर्चा

**मुरादाबाद**। सावन महीना इसी 30 जुलाई से शुरू होगा इसके मध्य आगामी कांवड़ यात्रा-2026 को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल की अध्यक्षता में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सुविधाओं, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि यात्रा मार्गों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए।

जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, मोबाइल शौचालय और चिकित्सा सहायता जैसी मूलभूत सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध रहनी चाहिए। साथ ही सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए तथा प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू कर यातायात को सुचारु बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी निरंतर निगरानी बनाए रखें।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी तैयारियों की जानकारी दी। अंत में जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संपन्न कराने के निर्देश दिए।

# मुरादाबाद में वोटर लिस्ट का बड़ा फर्जीवाड़ा बेनकाब

- अब तक 14 लोगों पर मुकदमा, एसआईआर जांच में हटे दो लाख से अधिक नाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उमेश लव/ मुरादाबाद**। जनपद में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच में फर्जी और डुप्लीकेट मतदाता प्रविष्टियों के मामले सामने आने पर अब तक 14 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।

जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि एसआईआर अभियान के दौरान जनपद के 24.59 लाख मतदाताओं का सत्यापन कराया गया। जांच के दौरान दो लाख से अधिक नाम मतदाता सूची से हटाए गए, जबकि करीब 4,500 नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े गए।

प्रशासन के अनुसार पुनरीक्षण के बाद तैयार मतदाता सूची में पहले लगभग 20.71 लाख मतदाता दर्ज हुए थे। इसके बाद पात्र मतदाताओं के नए नाम जुड़ने से जिले में अब करीब 22.26 लाख वैध मतदाता दर्ज हैं।



### डबल वोट बनवाने वालों पर कसा शिकंजा

-जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ लोगों ने पहले से एक स्थान पर मतदाता होने के बावजूद दूसरे स्थान पर भी फॉर्म-6 के माध्यम से नाम दर्ज कराने का प्रयास किया। ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि एक व्यक्ति का एक से अधिक स्थानों पर मतदाता के रूप में पंजीकरण कराना कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**प्रशासन ने दी चेतावनी**

जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि मतदाता सूची में सही और वास्तविक जानकारी ही उपलब्ध कराएं। यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर फर्जी या डुप्लीकेट वोट बनवाने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कटरा नाज में युवती से अश्लीलता, मौसेरे भाई पर हमला, पुलिस ने शुरू की जांच

- दो युवकों पर मारपीट व तमंचा दिखाकर धमकाने का आरोप, पकड़कर पुलिस को सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद**। थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित कटरा नाज में एक युवती और उसके मौसेरे भाई पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, 3 जुलाई 2026 की शाम करीब 7:15 बजे पीड़िता अपने मौसेरे भाई निर्भय के साथ आवश्यक कार्य से कटरा नाज गई थी। आरोप है कि वहां दो युवकों ने युवती के साथ अभद्रता करते हुए उसकी छाती पर हाथ मारा। विरोध करने पर एक युवक ने उसके मौसेरे भाई के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जबकि दूसरे ने गले पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा।

पीड़िता का आरोप है कि शोर मचाने पर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंच गए। भीड़ को देखकर दोनों आरोपी भागने लगे, लेकिन लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अरहान पुत्र इश्तियाक, निवासी गड्डू खाना गली, थाना कोतवाली तथा हसनात पुत्र हयात, निवासी जामा मस्जिद गली नंबर-4, थाना मुगलपुरा बताए। शिकायत के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों के पास से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ, जिन्हें लोगों ने पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। बरामद हथियार, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# हाईटेंशन लाइन में फॉल्ट से घर में दौड़ा करंट, दंपती समेत मासूम झुलसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद**। मझोला थाना क्षेत्र की एकता नगर कॉलोनी में शुक्रवार देर रात हाईटेंशन बिजली लाइन में आए फॉल्ट से एक बड़ा हादसा हो गया। घर के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन में अचानक खराबी आने से पूरे मकान की विद्युत वायरिंग में करंट दौड़ गया। हादसे में दंपती और उनका सात वर्षीय बेटा गंभीर रूप से झुलस गए। तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां महिला की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

एकता नगर निवासी ओमपाल सिंह का परिवार गर्मी के कारण रात करीब साढ़े बारह बजे बिजली जाने पर छत पर सोने चला गया था। कुछ देर बाद बिजली आने पर उनकी पत्नी बबीता ने छत पर पंखा चलाने के लिए कहा। ओमपाल सिंह ने जैसे ही पंखे का प्लग लगाकर स्विच चालू किया, उसी समय घर के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन में फॉल्ट हो गया। इसके चलते पूरे घर की वायरिंग में करंट दौड़ गया और आग जैसी स्थिति बन गई। करंट की चपेट में आने से ओमपाल सिंह, उनकी पत्नी बबीता और सात वर्षीय पुत्र हर्षित बुरी तरह झुलस गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तीनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार बबीता की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी जिला अस्पताल पहुंचे। सदर उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस ने घायलों का हालचाल जाना और चिकित्सकों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उधर, पुलिस और बिजली विभाग की टीम हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

# 80% दिव्यांग महिला ने लगाया सीएमओ कार्यालय के कर्मचारी पर अश्लील संदेश भेजने और उत्पीड़न का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद**। मुरादाबाद में 80 प्रतिशत दिव्यांग महिला ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि दिव्यांग प्रमाणपत्र को स्थायी (परमानेंट) कराने की प्रक्रिया के दौरान कर्मचारी ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया, अश्लील संदेश और वीडियो भेजे तथा लगातार मानसिक उत्पीड़न किया।

शिकायत के अनुसार, पीड़िता 1 जून 2026 को अपना दिव्यांग प्रमाणपत्र स्थायी कराने के लिए सीएमओ कार्यालय पहुंची थी। आरोप है कि वहां कार्यरत अमर सिंह, निवासी ग्राम सिरसखेड़ा, थाना मूंढापांडे, ने प्रमाणपत्र बनवाने के नाम पर पहले अपने पास आने का दबाव बनाया। महिला का कहना है कि मना करने पर उसकी ट्राइसाइकिल की चाबी तक निकाल ली गई और बाद में कथित रूप से फोन पर अश्लील वीडियो, रील और संदेश भेजने शुरू कर दिए।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने कई बार होटल और कमरे में मिलने का दबाव बनाया तथा मना करने पर उसके परिजनों को भड़काने और बदनाम करने की धमकी दी। महिला का यह भी कहना है कि लगातार उत्पीड़न से वह मानसिक रूप से परेशान हो गई और उसे आत्महत्या जैसे विचार आने लगे।

मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दस्तावेजों के अनुसार जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक तरुण कुमार को सौंपी गई है।

अब पुलिस शिकायत में लगाए गए आरोपों, मोबाइल फोन से जुड़े डिजिटल साक्ष्यों तथा अन्य उपलब्ध तथ्यों की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

# पंखे पर लटका मिला विवाहिता का शव, ससुराल वालो पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद**। थाना मझोला क्षेत्र के लोधीपुर जवाहर नगर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामले में मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना छजलैट के गांव मुण्डाला मोहम्मद जमापुर निवासी सुनील कुमार ने अपनी पुत्री स्मिता की शादी 16 अप्रैल 2025 को सुरजीत सागर निवासी लोधीपुर जवाहर नगर थाना मझोला के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से की थी। परिजनों के अनुसार शादी में करीब 10 लाख रुपये खर्च किए गए थे, जिसमें बुलेट मोटरसाइकिल, दो लाख रुपये नकद सहित घरेलू सामान उपहार स्वरूप दिया गया था। आरोप है कि इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग पति सुरजीत, सास सावित्री, ससुर सुरेश, ननद प्रियांशी, देवर दीपांशु व नंदोई सुशील कुमार अतिरिक्त पांच लाख रुपये नकद की मांग को लेकर विवाहिता को लगातार प्रताड़ित करते रहे। आरोप है कि इस दौरान कई बार महिला के साथ मारपीट भी की गई और मानसिक रूप से भी परेशान किया जाता रहा।

बताया गया है कि परिजनों ने आरोपियों की मांग पर अप्रैल 2026 में एक लाख रुपये तथा 29 मई 2026 को 50 हजार रुपये नकद भी दिए, इसके बावजूद दहेज की मांग कम नहीं हुई और प्रताड़ना जारी रही। इसी बीच बीते शुक्रवार की विवाहिता स्मिता की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि स्मिता की मारपीट कर हत्या की गई और घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए उसके शव को पंखे से लटका दिया गया, जबकि उसके पैर बेड पर टिके हुए थे। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को 112 नंबर पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से पड़ताल कर रही है।

# यूपीटीईटी परीक्षा तीसरे दिन भी शांतिपूर्ण संपन्न, 26 केंद्रों पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद**। यूपीटीईटी परीक्षा तीसरे दिन भी जनपद के 26 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। परीक्षा की दोनों पालियों सुबह और दोपहर में हजारों अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल के साथ-साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती रही। अभ्यर्थियों को सघन जांच के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित रही। परीक्षा के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था भी पूरी तरह नियंत्रित रही। ट्रैफिक पुलिस की विशेष तैनाती के चलते कहीं भी जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई और आवागमन सामान्य बना रहा।प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, बिजली सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। तीन दिनों में अब तक 50 हजार से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो चुके हैं। प्रशासन ने परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन पर संतोष व्यक्त किया है।

# एनडीपीएस एक्ट में दोषी को सात माह नौ दिन की सजा, पांच हजार रुपये का जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद**। कटघर थाना क्षेत्र में 694 ग्राम चरस बरामदगी के मामले में अदालत ने आरोपी इरशाद को दोषी करार देते हुए सात माह नौ दिन की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अभियोजन के अनुसार, 24 नवंबर 2025 को कटघर पुलिस ने कर्बला मैदान बिजलीघर के पास से इरशाद निवासी घोसियों वाली गली इस्लामनगर मोती मस्जिद के पास थाना कटघर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 694 ग्राम अवैध चरस बरामद की थी। इस संबंध में थाना कटघर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई एडीजे-7 चंचल सिंह की अदालत में हुई। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने इरशाद को दोषी ठहराते हुए सात माह नौ दिन की सजा और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

**आयोजन** | पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह खड़गवंशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# स्कूल चलो अभियान रैली के माध्यम से नवीन नामांकन हेतु किया गया जन-जागरूकता अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय


खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत करते हुए अध्यापक। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर** । शनिवार को विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के अंतर्गत संविलियन विद्यालय बुरावली में ब्लॉक स्तरीय "स्कूल चलो अभियान" रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों में नवीन नामांकन को बढ़ावा देना तथा अभिभावकों को गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क शिक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह खड़गवंशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पश्चात रैली गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निकली और पुनः संविलियन विद्यालय बुरावली पहुंचकर संपन्न हुई।

रैली में शामिल छात्र-छात्राएं हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर "आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे", "पढ़ी-लिखी लड़की, रोशनी घर की" तथा शिक्षा के महत्व से जुड़े अन्य प्रेरणादायक नारे लगाते हुए ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर रहे थे। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखें।कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह,देवेंद्र शर्मा, गौतम सिंह, डॉ विनोद कुमार,प्रमोद कुमार, जसवीर सिंह, बादल चौहान, चन्द्रसैन, राघवेंद्र सिंह, एआरपी कमल दीपेंद्र सिंह, मोहम्मद असलम, संजीव मौर्य, संदीप कुमार, महताबउद्दीन, राजीव कुमार, संजय यादव, फैजान हस्मत, विजयलक्ष्मी, प्रियंका जायसवाल, नीरज रानी, निधि, मोनिका यादव आदि उपस्थित रहे।

# कटघर में पड़ोसियों पर घर में घुसकर मारपीट, लूटपाट और जानलेवा हमला करने का आरोप

- पीड़ित परिवार ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद**। थाना कटघर क्षेत्र की बसंत विहार कॉलोनी में पड़ोसियों पर घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और लूटपाट करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। पीड़ित परिवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, पीड़ित नीरज सिंह अपने पुत्र निर्भय प्रताप सिंह के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे। शिकायत में बताया गया कि पड़ोस में स्थित दूसरे मकान के रास्ते पर कथित रूप से भीमपाल, विकास उर्फ विद्ध, विशाल उर्फ मोनू, रिंकू, काकू, सतेंद्र उर्फ लल्ला, संजय समेत अन्य लोग दीवार बनाने का प्रयास कर रहे थे। इसका विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया।

आरोप है कि रंजिश के चलते देर रात उक्त लोग लाठी-डंडे और सरिए लेकर घर पहुंच गए। उन्होंने घर पर ईंट-पत्थर फेंके, दरवाजे का कुंडा तोड़कर अंदर घुस गए और परिवार के साथ मारपीट की।पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपियों ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवर, गले का हार, दो अंगूठियां, एक जोड़ी कुंडल, एक जोड़ी चांदी की पाजेब तथा करीब 35 हजार रुपये नकद भी लूट लिए।शिकायत में यह भी कहा गया है कि मारपीट में परिवार की बुजुर्ग सदस्य चंद्रवती गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष का दावा है कि घटना के दौरान डायल-112 और 1076 पर सूचना दी गई थी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोप है कि पुलिस के सामने भी आरोपियों ने अभद्रता और मारपीट जारी रखी तथा जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित परिवार का कहना है कि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। उनका आरोप है कि थाना स्तर पर सुनवाई नहीं होने के बाद उन्होंने एसएसपी से निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस की ओर से मामले में आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

# फांसी के फंदे पर लटकी युवती की मौत, पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

## ग्रामीण का कहना है कि ऑनर किलिंग के मामले में युवती की हुई है मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर** । रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला युवती शव। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। रहरा थाना क्षेत्र के गांव बस का कला निवासी फारुख की 22 वर्षीय बेटी शायदा का शव अपने ही कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची रहरा थाना पुलिस ने अमृत का के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीण तभी जुबान से कह रहे हैं कि ऑनर किलिंग के मामले में युवती की मौत हुई है। क्योंकि युक्ति के द्वारा गांव के ही एक युवक पर कुछ समय पूर्व एक रेप का मुकदमा दर्ज कराया गया था

जो फिलहाल न्यायालय में विचार धीन है। ग्रामीण तभी युवा से कह रहे हैं कि युवती इसके बाद भी फोन पर लड़कों से बात करती थी। जब इस बारे में थाना अध्यक्ष अमित कुमार से बात की तो उन्होंने बताया फांसी के फंदे पर लटक कर युवती की मौत हुई है। गले पर चोट के निशान हैं शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अगर तहरीर प्राप्त होती है तो जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## झटका मशीन के करंट की चपेट में आकर किसान की मौत

**हसनपुर** । रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में बेटे के साथ खेत की ओर घूमने गए किसान को लगा झटका मशीन का करंट किसान की मौके पर मौत। परिजनों में मचा कोहराम। रहरा थाना क्षेत्र के गांव जयतौली निवासी किसान इंतजार पुत्र हसमत 45 वर्षीय अपने 15 वर्षीय बेटे के साथ गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर खेत की ओर घूमने गया था। किसान के द्वारा छुट्टा पशुओं से खेत की फसल की रखवाली के लिए किसान के द्वारा खेत के चारों ओर तारबंदी कर रखी है। और किसान के द्वारा उसमें करंट छोड़



रखा है। जिससे छुट्टा पशु खेत में घुसकर फसल को बर्बाद ना करें। शनिवार की दोपहर बाद जैसे ही किसान अपने 15 वर्षीय बेटे के साथ खेत पर पहुंचा तो अचानक खेत की मेड से किसान का पैर फिसल गया। और वह खेत के चारों ओर लगे झटका मशीन के तारो पर गिर गया। पिता को तड़पता देख मौके पर मौजूद बेटा तुरंत गांव की ओर दौड़ा और घर जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। जब तक परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तब तक किसान की मौत हो चुकी थी। परिजनों के द्वारा मृतक के शव को घर लाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक का एक बेटा कहीं बाहर एक प्राइवेट नौकरी करता है। जिससे किसान के शव का दफिना रविवार की सुबह किया जाएगा। मृतक अपने पीछे पत्नी तीन बेटा वह एक बेटी को रोते बिलखते छोड़ गया है। फिलहाल परिजनों के द्वारा पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।

# दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोग बुरी तरह घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर** । कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग बुरी तरह घायल राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को नगर के सीएचसी में कराया भर्ती। जहां तीनों की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर मंगरौली गांव में अस्थाई गौशाला के निकट शुक्रवार की देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। बाइकों की भिडत में कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगा चोली निवासी सुंदर पाल पुत्र सुखदेव वह रिशिपाल पुत्र राम अवतार रहरा थाना क्षेत्र के गांव पथरा मुस्तकम में भात देकर अपने घर लौट रहे थे।जैसे ही उनकी बाइक मंगरौली स्थित



सड़क हादसे में घायल राहगीर। -जागरण मोर्चा

अस्थाई गौशाला के पास पहुंची तो नगर की ओर से जा रहे दूसरी बाइक सवार रहरा थाना क्षेत्र के गांव पतेई खादर निवासी मेहंदी की बाइक से टकरा गई। टक्कर लगते ही दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया।

जहां तीनों की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# एमडीए की सील, अंदर जारी काम! खुशहालपुर स्थित केडी पैलेस पर उठे सवाल, कार्रवाई की प्रभावशीलता पर चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद**। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) द्वारा सील किए गए खुशहालपुर चौकी के सामने स्थित केडी पैलेस में कथित रूप से गतिविधियां जारी रहने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भवन के बाहर एमडीए की सील लगी है, लेकिन अंदर कार्यालय का संचालन और अन्य कार्य जारी हैं।

जानकारी के अनुसार, केडी पैलेस को मानकों के विपरीत




निर्माण और संचालन के आरोप में पिछले करीब तीन वर्षों से नोटिस दिए जा रहे थे। इसके बाद एमडीए ने हाल ही में भवन को सील करने की कार्रवाई की। हालांकि, अब आरोप है कि सीलिंग के बावजूद परिसर के भीतर गतिविधियां बंद नहीं हुई हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि केडी पैलेस की स्वामिनी शकुंतला देवी ने भवन क्रांति देवी को संचालन के लिए दिया हुआ है। वहीं, आरोप है कि मैनेजर रामबृक्ष पाल सील के बावजूद परिसर में कार्य का संचालन कर रहे हैं।

इस मामले को लेकर लोगों में सवाल उठ रहे हैं कि जब एमडीए अन्य अवैध निर्माणों और बैंक्वेट हॉलों पर सख्ती से कार्रवाई कर रहा है, तो सील होने के बाद भी यदि किसी भवन में गतिविधियां जारी हैं, तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ आगे की कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। स्थानीय नागरिकों ने एमडीए से पूरे मामले की जांच कर सीलिंग आदेश का पालन सुनिश्चित कराने तथा यदि उल्लंघन पाया जाए तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल इस मामले में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण या केडी पैलेस प्रबंधन का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है। उनका पक्ष प्राप्त होने पर समाचार को अपडेट किया जाएगा।

# अग्निशमन केंद्र द्वारा शिविर लगाया गया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलारी** । श्री मनमोहन शर्मा वैद जी पब्लिक स्कूल में आज दिनांक 4 जुलाई 2026 को अग्निशमन केंद्र की ओर से श्री देवेंद्र सिंह तथा श्री मोंटी जी द्वारा आग से होने वाली दुर्घटनाओं की जानकारी तथा उसके बचाव के सुझाव दिए गए । इस अवसर पर् विद्यालय के प्रबंधक श्री गोपाल कृष्ण भारद्वाज, विद्यालय के अनेक अध्यापक अध्यापिका, हाई स्कूल से इंटर तक के लगभग 200 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।श्री देवेंद्र सिंह जी और श्रीमान मोंटी जी ने बताया



अग्निशमन द्वारा स्कूल में प्रशिक्षण देते हुए। -जागरण मोर्चा

कि आग तीन चीजों के त्रिकोण से बनती है ताप दूसरा ईंधन तीसरा ऑक्सीजन ।इनमें से किसी भी तत्व को अलग कर दिया जाए तो आग नहीं लगेगी ।आग से बचने के लिए हमें सिलेंडर को आग लग जाने पर भी सीधा रखना चाहिए रेगुलेटर की नौब बंद कर देना चाहिए तथा ज्वलन शील वस्तुओं को दूर कर देना चाहिए । सूती मोटा कपड़ा टाइट को भिगोकर आग की लपट पर डालना चाहिए ताकि वह बंद हो जाए। घरों में भी अग्निशामक यंत्र रखना चाहिए तथा आग लगने पर 112 नंबर पर तुरंत फोन करना चाहिए । इस अवसर पर्वविद्यालय के अध्यापक आकाश भारद्वाज ,तरुण गुप्ता सुभाष कुमार ,विजय सिंह आदि अध्यापक अध्यापिका उपस्थित रहे।

# खंड विकास अधिकारी के पत्र के बाद पालिका ने खोला रास्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर** । निर्माण कार्य के चलते पालिका के द्वारा नगर के मेंन मार्ग पर यातायात बंद कर रखा था, जिससे नगर वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, खंड विकास अधिकारी द्वारा उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर मार्ग खुलवाने की मांग की गई थी।

जिस पर नगर पालिका द्वारा मार्ग खुलवाया गया और नगर वासियों को राहत मिली। नगर पालिका परिषद के द्वारा नगर के ब्लॉक तिराहे पर एक गेट का निर्माण कराया जा रहा है, निर्माण कार्य के चलते लगभग पांच माह के चलते मार्ग यातायात के लिए बंद कर रखा था। जिसके कारण वाहन एवं नगर वासी ब्लॉक कॉलोनी में से होकर गुजर रहे थे, जिससे ब्लॉक की सड़के क्षतिग्रस्त हो गई। खंड विकास अधिकारी रोहतास कुमार द्वारा 24 जून को जिला अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को पत्र लिखकर निर्माण कार्य की सैटरिंग हटवा कर मार्ग खुलवाने की मांग की गई थी। खंड विकास अधिकारी रोहतास कुमार की पहल पर पालिका के द्वारा मार्ग से गेट में लगी सैंटरिंग हटवा कर मार्ग को खुलवाया गया, वही नगर वासी खंड विकास अधिकारी की इस पहल की सराहना कर रहे हैं और उन्हें बधाई भी दे रहे हैं।



खंड विकास अधिकारी के प्रयास निर्माणाधीन गेट से हटाई गई सैटरिंग ।

## बस में तोड़फोड़ एवं मारपीट के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हसनपुर**। प्रदेश सरकार से अनुबंधित बस में तोड़फोड़ एवं मारपीट के मामले में बस परिचालक की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार से बस नम्बर यूपी 23 बीटी 6971 मुख्यमंत्री ग्रामीण योजना के अंतर्गत नगर के रहरा मार्ग पर चलाने के लिए अनुबंधित है। रहरा मार्ग पर अनुबंधित बस चलने से डग्गामार टेंपो संचालकों को सवारी मिलने में दिक्कतें आने लगी है। इसके बाद परिचालक धर्मपाल पुत्र विजेंदर थाना आदमपुर के गांव दडियाल ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी दबंगों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। कोतवाली पुलिस द्वारा परिचालक धर्मपाल की तहरीर के आधार पर तीन नामजद एवं एक अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया की परिचालक धर्मपाल की तहरीर के आधार पर मोहित अग्रवाल,फईम एवं आसिफ सहित एक अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा ने गठबंधन कर हर पार्टी को तबाह किया है... महेश आहूजा



शिवसेना उद्धव बाला साहब के प्रदेश उप प्रमुख का स्वागत करते हुए।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। शिवसेना उद्धव बाला साहेब के उपदेश प्रमुख के द्वारा भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने जिस किसी भी पार्टी से गठबंधन किया है।उस पार्टी को बर्बाद करने का कार्य किया है, भाजपा के नेता अपने वादे पर कभी भी खरा नहीं उतरते हैं, आने वाले समय में जनता उनको आईना दिखाने का काम करेगी। शनिवार को नगर के बाईपास मार्ग स्थित शिवसेना उद्धव वाला साहब के जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव के आवास पर संगठन की एक बैठक का आयोजन हुआ बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश उप प्रमुख महेश आहूजा का स्वागत करना था। प्रदेश उप प्रमुख महेश आहूजा प्रदेश के दौरे पर निकले हैं और कार्यकर्ताओं से वार्ता कर संगठन को और मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं।

कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश उप प्रमुख का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। प्रेस वार्ता करते हुए कहा की वह कार्यकर्ताओं से वार्ता करने के लिए प्रदेश के दौरे पर निकले हैं और कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव की तैयारी में लग जाने की अपील की उन्होंने भाजपा पर जम कर निशाना साधा और कहा की भाजपा ने जिस पार्टी से भी गठबंधन किया है उस पार्टी को बर्बाद करने का काम भी किया है।

भाजपा शासन काल में गौ माता से लेकर जनता तक सुरक्षित नहीं है, आगामी विधानसभा चुनाव में शिवसेना उद्धव बाला साहब अपने प्रत्याशी उतारेगी। इस मौके पर जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव,अतुल अग्रवाल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खेत से बिजली ट्रांसफार्मर का सामान सहित तेल चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर** । कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में चोरों ने एक किसान के खेत पर नलकूप के लिए लगे बिजली के ट्रांसफार्मर को निशाना बनाया। चोरों ने ट्रांसफार्मर के अन्दर से कीमती तार, तेल और अन्य जरूरी सामान पार कर दिया, पीड़ित किसान द्वारा इसकी सूचना कोतवाली पुलिस एवं विद्युत विभाग को दे दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव चक की मढैया निवासी पीड़ित किसान कुंवरपाल व परसोती पुत्रगण स्वर्गीय चंद्रपाल सिंह ने बताया कि उनके खेत पर फसल की सिंचाई के लिए बिजली के लिए नलकूप लगा है, जहां पास में ही बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। 3 जुलाई की रात अज्ञात चोरों ने नलकूप के ट्रांसफार्मर को उतार कर ट्रांसफार्मर के अंदर का तांबे का तार व तेल चोरी कर लिया। अगले दिन जब किसान खेत पर पहुंचे, तब उन्हें चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित दोनों भाइयों ने शनिवार की सुबह को विद्युत वितरण उपखण्ड अधिकारी एवं कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने और उचित कार्रवाई की मांग की है।



चोरी के बाद खेत पर बिखरा सामान। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम | मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इस वर्ष 35 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य है

# रोटरी क्लब आस्था व वन विभाग ने इंटर कॉलेज में किया वृक्षारोपण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर** । रहरा में स्थित चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को वन विभाग एवं रोटरी क्लब आस्था के द्वारा बन महोत्सव कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा वन विभाग व रोटरी क्लब आस्था के द्वारा जामुन, अनार, पीपल, बरगद आदि के लगभग 20 पेड़ विद्यालय प्रांगण में लगाए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुनील राठी उपवन क्षेत्राधिकार हसनपुर एवं रोटेरियन ब्रह्म दत्त त्यागी अध्यक्ष




विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। -जागरण मोर्चा

रोटरी क्लब आस्था ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल भी अवश्य करें । उन्होंने बताया कि जुलाई माह में वन महोत्सव मनाया जाता है।इस कार्यक्रम में 1 जुलाई से 7 जुलाई तक विशेष अभियान चलाकर वृक्ष लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इस वर्ष 35 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य है। जिन छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को वृक्षारोपण के लिए पौधों की आवश्यकता है।वह दौरारा नर्सरी से व रहरा स्थित चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज से पौधे प्राप्त कर सकते हैं।

विद्यालय परिवार ने वृक्षारोपण कार्यक्रम करने के लिए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह त्यागी, विद्यालय प्रबंधिका सुमन त्यागी, अनुपम त्यागी, प्रधानाचार्य श्याम सुंदर मौर्य, राजवीर सिंह यादव, पलट राम, सतपाल सिंह, रेखा सिंह,राकेश त्यागी, राजपाल सिंह, मुनीम कुमार, अरविंद कुमार, रामपाल सिंह आदि स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आवाहन पर कार्यकर्ताओं ने किया वृक्षारोपण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए धनौरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोरला में कुंदन सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज के प्रांगण में प्रबंधक सरदार जगजीत सिंह के साथ वृक्षारोपण किया।



इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि हमारे जीवन में पेड़ो का विशेष महत्व है राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में 1 जुलाई से 7 जुलाई तक उनके जन्मदिवस के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है ये राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की ये दूरदर्शी सोच है क्योंकि दुनिया भर में बढ़ रहे प्रदूषण से लोगों का सास लेना दूभर है इसलिए स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण करना चाहिए इस अवसर पर अमन चौधरी,कुलदीप सिंह देवल,अरुण पालनपुर जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी,विपिन चौधरी जिला उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड,चिराग वर्मा नगर अध्यक्ष युवजन सभा,कामिल अख्तर,देवेंद्र सिंह काले, सुभाष ठेकेदार,अनिल प्रधान,सुरेन्द्र चौहान,रवि चौहान,आशीष अग्रवाल, विशाल वाल्मीकि,चंद्रपाल यादव, सरजीत कश्यप आदि मौजूद रहे।

## विद्युत चोरी पर रेड एवं विजिलेंस टीम ने पकड़े चोरी के दो मामले

**मुरादाबाद**। अधिशासी अभियंता हर्ष राज रस्तोगी ने बताया कि उनके निर्देशन में रेड एवं विजिलेंस की संयुक्त टीम द्वारा 3 जुलाई 2026 को शाम लगभग 3 :15 बजे से 4 :00 बजे तक इस्लाम नगर गली नंबर-6 एवं आसपास के क्षेत्र में विद्युत चोरी निरोधक चेकिंग अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जांच में दो स्थानों पर विद्युत चोरी पकड़ी गई। दोनों मामलों में केबल डालकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। पकड़े गए मामलों में लगभग 5 .268 किलोवाट एवं 5 .09 किलोवाट का संयोजित भार पाया गया। अधिशासी अभियंता ने बताया कि पहले मामले में नदीम हैदर उर्फ गुड्डू पुत्र मो . साफी, निवासी चमन वाली मस्जिद के सामने, इस्लाम नगर, असालतपुरा का नाम सामने आया है, जबकि दूसरे मामले में हारून पुत्र रियासत अली, निवासी इसी क्षेत्र का मामला पाया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों मामलों में आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जा रही है तथा रिकॉर्ड तैयार कर लिया गया है। अधिशासी अभियंता हर्ष राज रस्तोगी ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की विद्युत चोरी से दूर रहें और विभाग को सहयोग प्रदान करें, ताकि सुचारु एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार, एक पुलिसकर्मी घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना दातागंज क्षेत्र में गुरुवार देर शाम पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी अभियुक्त घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। मुठभेड़ के दौरान एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया।



दातागंज पुलिस ने मुठभेड़ में 25हजार का इनामिया किया गिरफ्तार।





25000 रुपए के इनामिया को जेल भेजती दातागंज पुलिस। –जागरण मोर्चा

पुलिस के अनुसार, संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के दौरान बेलाडांडी पुल के पास एक कार को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर चालक वाहन लेकर भागने लगा, लेकिन कुछ दूरी पर गाड़ी फंस गई। पुलिस द्वारा घेराबंदी करने पर बदमाश कार से उतरकर भागने लगे और पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग कर दी, जिसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान सनी सैनी निवासी सोरों, जनपद कासगंज के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी के साथ मिलकर दातागंज क्षेत्र में जहरखुरानी की घटना को अंजाम दिया था और पीड़ित से नगदी व एटीएम कार्ड लूटे थे। घायल अभियुक्त और पुलिसकर्मी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ बदायूं समेत अन्य जनपदों में एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और चोरी सहित करीब छह मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, नगदी और एक कार (नंबर HR 26 DU 1431) बरामद की है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सार संक्षेप

### टीईटी परीक्षा में बायोमैट्रिक के दौरान फर्जी अभ्यर्थी पकड़ी गई

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2026 के दौरान जिले में कड़ी निगरानी के बीच एक महिला अभ्यर्थी बायोमैट्रिक सत्यापन में पकड़ी गई। मामला थाना सिविल लाइंस क्षेत्र का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 03 जुलाई 2026 को प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान राजकीय महाविद्यालय, आवास विकास कॉलोनी, बदायूं में एक महिला अभ्यर्थी जूली सिंह पुत्री जोगराज सिंह, निवासी दोहान पावर हाउस घघोरा पिपरिया, जनपद बरेली का बायोमैट्रिक मिलान नहीं हुआ। जांच के दौरान उसकी पहचान संदिग्ध पाई गई, जिस पर तत्काल कार्रवाई की गई। इस संबंध में थाना सिविल लाइंस में आरोपी महिला अभ्यर्थी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है। प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं, ताकि इस तरह की अनियमितताओं पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

### पुरानी रंजिश में युवक को मारी गोली, गंभीर

**सहसवान (बदायूं)।** थाना सहसवान क्षेत्र के ग्राम समदा में शुक्रवार रात करीब 10 बजे पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को गोली मार दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, 38 वर्षीय राजवीर पुत्र रामस्वरूप का गांव के कुछ लोगों से लंबे समय से विवाद चल रहा था। शुक्रवार रात इसी रंजिश के चलते हमलावरों ने उसे निशाना बनाकर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही राजवीर लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही सहसवान पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुरानी रंजिश समेत सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। हमलावरों की पहचान के लिए ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया गया है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### मेला देखकर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत



जानकारी देते विकास के परिजन। –जागरण मोर्चा

**बदायूं।** जनपद के दातागंज कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दातागंज क्षेत्र के गांव सुखौरा निवासी विकास (18) पुत्र राजेंद्र 2 जुलाई को दातागंज थाना क्षेत्र के नेता झुकसा में लगे मेले को देखकर बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान दातागंज–बरेली रोड पर बौरा और ब्रह्मपुर गांव के बीच सामने से आ रहे तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक टेंपो ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद परिजन उसे घर वापस ला रहे थे, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर हादसे में युवक की मौत, दो घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** वजीरगंज थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे में पंजाब नौकरी के लिए गए एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जिला हरदोई के तीन युवक एक ही बाइक से पंजाब जा रहे थे। शनिवार सुबह गंगा एक्सप्रेसवे पर किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलने पर वजीरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वजीरगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल बदायूं रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने हरदोई के ग्राम खौदाखेड़ा निवासी सूरज को मृत घोषित कर दिया। घायल सुरेंद्र (24 वर्ष) और दिलीप (19 वर्ष) का उपचार जारी है। पुलिस ने सूरज का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

सूरज पंजाब के भगत सिंह नगर में जूते की दुकान पर नौकरी करता था। उसका मौसेरा भाई सुरेंद्र पंजाब के फुलनावाल क्षेत्र में ओमेक्स फ्लाइट में सिक्योरिटी गार्ड है। दिलीप छात्र है और वह भी सूरज के साथ पंजाब जाने के लिए निकला था। घायल सुरेंद्र ने बताया कि हादसे के बाद तीनों बेहोश हो गए थे, इसलिए उन्हें यह जानकारी नहीं है कि किस वाहन ने टक्कर मारी। दोपहर एक बजे तक मृतक के परिजन बदायूं नहीं पहुंच पाए थे। पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद शव को गांव ले जाया जाएगा। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

## दिल्ली जा रहे मजदूर की ट्रेन से गिरकर मौत, रेलवे ट्रैक किनारे मिला शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र में बरेली-दिल्ली रेलमार्ग पर शनिवार सुबह एक युवक का शव रेलवे ट्रैक किनारे मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत चलती ट्रेन से गिरने के कारण हुई है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार शनिवार सुबह करीब सात बजे दोहरनपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक किनारे एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली।



मृतक नाजिम।

मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान बरेली जिले के आंवला थाना क्षेत्र के गांव करखा मनौना निवासी 32 वर्षीय नाजिम पुत्र यूसुफ के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि नाजिम दिल्ली में मजदूरी करता था। वह शुक्रवार देर रात घर से दिल्ली जाने के लिए निकला था और आंवला रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार हुआ था। शनिवार सुबह उसका शव फैजगंज बेहटा क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के किनारे मिला। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया मामला यात्रा के दौरान ट्रेन से गिरने का माना जा रहा है। हालांकि, युवक किन परिस्थितियों में ट्रेन से गिरा, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। फैजगंज बेहटा थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।



घोड़े को उपचार के लिए भेजती पुलिस। –जागरण मोर्चा

## घायल घोड़े का रेस्क्यू, उपचार के लिए चंदौसी भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** मुड़िया धुरेकी के मुख्य चौराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए घोड़े का शुक्रवार को प्रशासन और पशु प्रेमियों के संयुक्त प्रयास से रेस्क्यू कर उपचार के लिए चंदौसी भेजा गया। इस मानवीय पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है। बताया गया कि गुरुवार को मुख्य चौराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घोड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के बाद वह लंबे समय तक सड़क किनारे असहाय अवस्था में पड़ा रहा। इसकी जानकारी मिलने पर स्थानीय पशु प्रेमी आशीष पाठक और नितिन शर्मा ने प्रशासन से संपर्क कर रेस्क्यू की पहल की। हल्का दारोगा और हल्का सिपाही परशुराम की मौजूदगी में घायल घोड़े को सुरक्षित निकालकर उपचार के लिए माँ एनिमल फाउंडेशन, चंदौसी भेजा गया, जहां उसका इलाज कराया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुड़िया धुरेकी चौराहा लगातार सड़क दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से चौराहे पर स्पीड ब्रेकर और स्थायी पुलिस पिकेट की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। ग्रामीणों ने पशु प्रेमियों और पुलिस टीम के संयुक्त प्रयास की सराहना करते हुए इसे बेजुबान पशु के प्रति संवेदनशील पहल बताया।

## मुड़िया धुरेकी में बिजली फॉल्ट ठीक करने गए जेई और लाइनमैन से मारपीट, चार पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया धुरेकी में बिजली आपूर्ति बहाल करने गए विद्युत विभाग के अवर अभियंता (जेई) और लाइनमैन के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि चार लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए जेई को घर के अंदर बंधक बनाकर पीटा। बीच-बचाव करने पहुंचे लाइनमैन के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मुड़िया पर तैनात अवर अभियंता संजीव कुमार वार्ष्णेय शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे लाइनमैन श्रीपाल और पुष्पेंद्र के साथ नररौल घरेलू फीडर में आई खराबी ठीक करने निकले थे। टीम जब मुड़िया धुरेकी गांव में रोहित पुत्र रामकुमार के घर के पास पहुंची तो वहां मौजूद रोहित, सत्यभान उर्फ केतू, रिकू यादव और मोहित यादव ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि पहले आरोपियों ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर जेई को जबरन घर के अंदर ले जाकर बंधक बना लिया और लाठी-डंडों, लात-घूंसों से मारपीट की। इससे उन्हें शरीर पर कई चोटें आईं। इस दौरान उनका मोबाइल फोन भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जेई को बचाने पहुंचे लाइनमैन श्रीपाल के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद घायल जेई का मेडिकल परीक्षण कराया गया। उनकी तहरीर पर फैजगंज बेहटा पुलिस ने रोहित, सत्यभान उर्फ केतू, रिकू यादव और मोहित यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3) और 324(4) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक मनोज कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ससुराल आए बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत, पुलिस जांच में जुटी



जानकारी देते रईस अहमद के परिजन। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उझानी थाना क्षेत्र के गांव हरपालपुर में ससुराल आए एक बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक की पहचान सहसवान थाना क्षेत्र के गांव बाजपुर निवासी 60 वर्षीय रईस अहमद पुत्र शरीफ अहमद के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार रईस अहमद कुछ दिन पहले अपनी ससुराल आया था और फिर वापस लौट गया था। गुरुवार को वह दोबारा ससुराल पहुंचा और देर शाम शराब पीने के बाद गांव के बाहर झोपड़ी में रखे तख्त पर सो गया। रात के समय किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सुबह घटना की जानकारी मिलने पर ससुराल पक्ष में हड़कंप मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, मजदूरी पर जा रहे युवक की दर्दनाक मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के मुजरिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में मजदूरी करने जा रहे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।



मृतक जितेंद्र।

जानकारी के अनुसार, थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव नैथुआ निवासी 19 वर्षीय जितेंद्र पुत्र महेंद्र सुबह मजदूरी के लिए बिल्सी स्थित भट्ठे से ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर सहसवान की ओर जा रहा था। इसी दौरान मुजरिया थाना के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने ट्रैक्टर-ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी।





जानकारी देते जितेंद्र के परिजन। –जागरण मोर्चा

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ईंटों से लदी ट्रॉली पलट गई और जितेंद्र उसके नीचे दब गया। मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। युवक की अचानक मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है और गांव में शोक की लहर है।

## बदायूं में UPTET परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 90.46 प्रतिशत अभ्यर्थी रहे उपस्थित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET) 2026 की लिखित परीक्षा जनपद के 15 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। तृतीय दिवस पर शनिवार को केवल सुबह की पाली में प्राथमिक स्तर की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 5640 अभ्यर्थियों में से 5102 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 538 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार उपस्थिति प्रतिशत 90.46 दर्ज किया गया। प्रशासन की निगरानी में सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई गई।





अभिनंदन | कार्यकर्ताओं में दिखाई दिया खासा उत्साह

## बिसौली में लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष सोमेश प्रताप का भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमेश प्रताप का शनिवार को बिसौली विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

नगर के श्यामपुर सदन पर सपा के वरिष्ठ नेता गजराज सिंह यादव एवं एडवोकेट राहुल यादव 'भीष्म' के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण माहौल रहा।



स्वागत करते सपा के लोग। –जागरण मोर्चा

जिलाध्यक्ष सोमेश प्रताप ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वह गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने और समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

एडवोकेट राहुल यादव 'भीष्म' ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सोमेश प्रताप को जिलाध्यक्ष बनाए जाने से जिले के युवाओं में नया जोश पैदा हुआ है। वहीं सपा के वरिष्ठ नेता सतीश प्रेमी ने कहा कि उनके नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है और संगठन को मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम में गजराज सिंह यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख खजाना देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष काजी शाहनवाज खां, जयपाल सिंह यादव, कल्याण सिंह यादव, वीर सिंह यादव, सौरव यादव विलारी, दक्ष यादव, विनोद यादव, शिवम यादव, राजेंद्र जाटव, हेमेन्द्र प्रताप सिंह, पंकज यादव, कपिल, सचिन सक्सैना, हेमेन्द्र यादव एवं वीरेश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अवैध शराब की बिक्री के विरोध पर युवक को पीटा, जान से मारने की धमकी का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव आसफपुर फकावली में अवैध शराब बिक्री का विरोध करने पर एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की मां ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर शिकायत दर्ज कर निष्पक्ष जांच, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। गांव निवासी निर्देश देवी पत्नी शशी चांगला ने शिकायत में बताया कि उनका पुत्र वेदांत तीन जुलाई की शाम करीब पांच बजे दवा लेकर घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही अजय गुप्ता उर्फ बंकू, आशु और अन्य लोगों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि एक आरोपी ने युवक को झूठे एससी-एसटी एक्ट के मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। पीड़िता का कहना है कि उनके परिवार ने गांव में लंबे समय से हो रही अवैध शराब बिक्री का विरोध किया था। इसी रंजिश में आरोपियों ने उनके पुत्र के साथ मारपीट की। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव में खुलेआम हो रही अवैध शराब की बिक्री के कारण आए दिन असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। शिकायत में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है। चौकी इंचार्ज जुगमेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हो गई है। शिकायत के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# सम्पादकीय

## नजर आ रहे खतरे से बचाव नहीं, भूकंप से कैसे बचाएंगी सरकारें

वेनेजुएला में एक मिनट के अंदर दो बड़े विनाशकारी भूकंप में करीब दो हजार लोगों की मौत हो गई। इस प्राकृतिक आपदा में करीब 10 हजार लोग घायल हो गए। बगैर किसी चेतावनी के आने वाली भूकंप जैसी आपदाएं सरकारों को चेताती हैं कि पहले से बचाव के उपाए किए जाएं, ताकि कम से कम जानमाल का नुकसान हो सके। भूकंप का खतरा भारत में भी है। देश के कई हिस्सों में कई बार शक्तिशाली भूकंपों ने भारी तबाही मचाई है। सवाल यह है कि पूर्व में आए इन भूकंपों से देश की सरकारों ने कोई सबक सीखा है। क्या देश में ऐसे इंतजाम किए गए हैं कि भूकंप आने पर कम से कम जानमाल का नुकसान हो?

दरअसल भारत के राजनीतिक दलों और सरकारों से किसी भी प्राकृतिक आपदा से पहले और बाद में बचाव की ज्यादा उम्मीदें नहीं की जा सकती हैं। कारण साफ है केंद्र और राज्यों की सरकारों को सामने स्पष्ट नजर आते हुए खतरों से लोगों को बचाने का कोई इंतजाम नहीं हो, वे भूकंप जैसे छिपे हुए खतरों से कैसे बचाएंगी। दिल्ली के बाद लखनऊ में आग से 15 लोगों की मौत हो गई। ऐसी लाखों इमारतें अकेले उत्तर प्रदेश में हैं, जिनमें आग से बचाने के कोई उपाय नहीं किए गए हैं। जब दिल्ली में आग लगी तभी राज्यों की सरकारों को सतर्क हो जाना चाहिए था। लेकिन सरकारों ने लोगों की जान की परवाह नहीं की। अगले ही दिन बिहार के मुजफ्फरपुर में आग ने पांच-छह मरीजों को लील लिया। इसके बाद उत्तर प्रदेश के नोएडा और फिर मध्य प्रदेश के इंदौर में आग ने फ्लैट और शोरूम खाक कर दिए। तीन दिन में आग की चार भयानक घटनाओं ने लोगों को डरा दिया है और करीब 26 लोगों की जलकर या काले धुएं की चपेट में आकर मौत हो गई है। राष्ट्रीय और राज्य स्तर के अनुमानों के अनुसार, वाणिज्यिक और आवासीय क्षेत्रों के 60 प्रतिशत से अधिक छोटे और मध्यम भवन बिना वैध फायर एनओसी के चल रहे हैं। देश भर में दमकल केंद्रों में 97.5 प्रतिशत, दमकल कर्मियों में 96.2 प्रतिशत और अग्निशमन उपकरणों में लगभग 80 प्रतिशत तक की कमी है। देश के लगभग हर बड़े शहर में सुरक्षा नियमों को दरकिनार किया जा रहा है। यह खतरा ऐसा है, जो साफ दिखाई देता है। इससे बचाव के शत–प्रतिशत इंतजाम भी किए जा सकते हैं। इसके बावजूद राज्यों और केंद्र ने पूर्व में हुए ऐसे हादसों से सबक नहीं सीखा। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है, सामने स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहे खतरे से निपटने में सरकारें नाकाम हैं तो भूकंप जैसी अचानक आने वाली आपदा और उसके भयावह रूप से सरकारें कैसे निपटेंगी। जबकि भूगर्भ वैज्ञानिक साफ चेता चुके हैं कि देश के कितने हिस्सों में कभी भी भीषण भूकंप आ सकता है। पिछले दो दशकों में देश में 10 बड़े भूकंप आए हैं, जिनमें 20,000 से अधिक लोगों की जान गई है। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अॉथोरिटी के मुताबिक भारत में करीब 20 करोड़ इमारतें भूकंपीय क्षेत्र 4 और 5 में आती हैं। इनमें से कई इमारतें 30-40 साल पहले बनी थीं और इनमें से कई इमारतें नेशनल बिल्डिंग कोड्स का पालन नहीं करती हैं। भूकंप संभावित क्षेत्रों में जोन-1 में भूकंप आने की आशंका सबसे कम रहती है, वहीं जोन-5 में ज्यादा प्रबल रहती है। दिल्ली-एनसीआर का इलाका सीस्मिक जोन-4 में आता है और यही वजह है कि उत्तर भारत के इस क्षेत्र में सीस्मिक गतिविधियाँ तेज रहती हैं। भूगर्भ विशेषज्ञों ने भारत के करीब 59% भू-भाग को भूकंप संभावित क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत किया है। जानकार सीस्मिक जोन-4 में आने वाले भारत के सभी बड़े शहरों की तुलना में दिल्ली में भूकंप की आशंका ज्यादा बताते हैं। गौरतलब है कि मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु जैसे शहर सीस्मिक जोन-3 की श्रेणी में आते हैं। जबकि भूगर्भशास्त्री कहते हैं कि दिल्ली की दुविधा यह भी है कि वह हिमालय के निकट है, जो भारत और यूरेशिया जैसी टेक्टॉनिक प्लेटों के मिलने से बना था और इसे धरती के भीतर की प्लेटों में होने वाली हलचल का खमियाजा भुगतना पड़ सकता है। नेशनल सेंटर फोर सिसमोलॉजी के मुताबिक भारत के 29 शहरों पर भूकंप का गंभीर खतरा है। इन शहरों में दिल्ली समेत नौ राज्यों की राजधानियां भी हैं। ये ज्यादातर शहर हिमालय जोन से लगे हैं। हिमालय से लगे शहर दुनियां के उन शहरों में शुमार हैं, जहां भूकंप का सबसे ज्यादा खतरा रहता है। दिल्ली, पटना, श्रीनगर, कोहिमा, पुडुच्चेरी, गुवाहाटी, गंगटोक, शिमला, देहरादून, इम्फाल और चंडीगढ़ भूकंपीय क्षेत्र के जोन चार और पांच में हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी) के मुताबिक ये वो शहर हैं जहां आबादी का घनत्व बहुत सघन है और ये गंगा के मैदानी भाग हैं। इसके साथ ही वैज्ञानिकों ने यह भी कहा है कि सिस्मिक जोन-4 में आने वाली राजधानी दिल्ली भूकंप के बड़े झटके से खासा प्रभावित हो सकती है। अगर यहां 7 की तीव्रता वाला भूकंप आया तो दिल्ली की कई सारी इमारतें और घर रेत की तरह भरभराकर गिर जाएंगे। ऐसा इसलिए है, क्योंकि दिल्ली की इमारतों में इस्तेमाल होने वाली निर्माण सामग्री ऐसी है, जो भूकंप के झटकों का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम नहीं है। दिल्ली में मकान बनाने की निर्माण सामग्री ही आफत की सबसे बड़ी वजह है। दिल्ली में 1760 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियां हैं। इन अनधिकृत कॉलोनियों में गैर-इंजीनियरिंग इमारतें बनी हैं, जिनमें भूकंप प्रतिरोध क्षमता शायद ही हो। भूकंप के प्रति सर्वाधिक संवेदनशील और खतरनाक माने जाने वाले जोन पांच में भारत का पूरा पूर्वोत्तर है। इनमें जम्मू-कश्मीर का कुछ हिस्सा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात के साथ उत्तरी बिहार के कुछ हिस्से और अंडमान निकोबार हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर का कुछ हिस्सा, दिल्ली, सिक्किम, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात के कुछ हिस्से और महाराष्ट्र का कुछ भाग जोन चार में हैं। गुजरात का भुज 2001 में भयावह तरीके से भूकंप की चपेट में आया था। इस भूकंप में 20 हजार लोग मारे गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2025 में आदेश दिया था कि ऐसी सभी इमारतें, जिनमें 100 या उससे अधिक लोग रहते हैं, उनके ऊपर भूकंप-रोधी होने वाली किसी एक श्रेणी का साफ उल्लेख होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश अन्य जनहित के आदेशों की तरह सरकारी फाइलों में दफन हो गया। अग्नि दुर्घटनाओं की तरह तो नहीं पर मौटे तौर पर सरकारों को इस बात का अंदाजा है कि देश के किन इलाकों में भूकंप आ सकता है। जिस देश में साफ नजर आने वाले खतरे की नेताओं और सरकारों को परवाह नहीं, उन्हें छिपे हुए अचानक आने वाले खतरों से देश के लोगों को बचाने की क्या परवाह होगी। देश में ऐसा एक भी राज्य नहीं हैं, जहां की किसी भी तरह की इमरातें, अग्नि दुर्घटनाओं से सुरक्षित हो, या उनमें अग्नि दुर्घटना होने पर बचाव के पूरे कानूनी प्रावधान हों, ऐसे में छिपे हुए अचानक आए खतरनाक भूकंप से बचाने के लिए इंतजाम भगवान भरोसे है। होना तो यह चाहिए था कि इतने अग्निकांडों के बाद देश में सरकारों की नींद खुल जानी चाहिए थी। देश के जितने भी व्यवसायिक या निजी इमारतें हैं, उनमें आग से बचाव के इंतजामों की तत्काल जांच की जानी चाहिए थी। आग लगने पर लोगों की जान खतरे में डालने वाले ऐसे भवनों को तत्काल सील किया जाना चाहिए था।

# इन्फ्लुएंसर अर्थव्यवस्था हेतु संतुलित नियमन आवश्यक



डॉ. शिवेशप्रताप

(लेखक स्तंभकार हैं)

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 में जारी सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) द्वितीय संशोधन नियम, 2026 का मसौदा एक सुरक्षित और जवाबदेह इंटरनेट पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। हालांकि इसका प्रमुख फोकस 'समाचार और समसामयिक विषयों' तक सीमित दिखाई देता है, जबकि आज डिजिटल माध्यम केवल समाचार का स्रोत नहीं रह गए हैं। निवेश सलाह, स्वास्थ्य मार्गदर्शन, कानूनी जानकारी और जीवनशैली जैसे अनेक संवेदनशील क्षेत्रों में भी सोशल मीडिया का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में भ्रामक जानकारी केवल विचार निर्माण को ही नहीं, बल्कि नागरिकों के आर्थिक निर्णयों, स्वास्थ्य सुरक्षा और सामाजिक व्यवहार को भी प्रभावित करती है। इसलिए आवश्यक है कि डिजिटल नियामक ढांचे में इन सभी पहलुओं को शामिल किया जाए, ताकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके।

आज सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर केवल मनोरंजन या प्रचार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जनमत निर्माण और व्यवहारिक निर्णयों को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण माध्यम बन चुके हैं। वित्तीय निवेश से लेकर स्वास्थ्य सलाह, कानूनी जानकारी और जीवनशैली तक, उनका प्रभाव उन क्षेत्रों में भी पहुंच गया है, जो पहले केवल प्रशिक्षित और प्रमाणित विशेषज्ञों तक सीमित थे। भारत इस परिवर्तन का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। देश में 80 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं और लगभग 45 से 50 करोड़ लोग सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। औसतन प्रत्येक भारतीय प्रतिदिन ढाई से तीन घंटे सोशल मीडिया पर व्यतीत करता है। इसी के साथ भारत की इन्फ्लुएंसर अर्थव्यवस्था भी तेज़ी से विकसित हुई है। देश में लगभग 35 से 45 लाख इन्फ्लुएंसर्स सक्रिय हैं और यह उद्योग 2024 तक लगभग 3500 करोड़ रुपये का हो चुका है। इसमें लगभग 25 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर्ज की जा रही है। 65 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ता किसी न किसी रूप में इन्फ्लुएंसर की सिफारिशों पर भरोसा करते हैं, जबकि लगभग 70 प्रतिशत ब्रांड अपनी विपणन रणनीति में इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग को शामिल कर चुके हैं।

लेकिन इस तीव्र विस्तार ने एक गंभीर चुनौती भी उत्पन्न की है। सूचना तक पहुंच आसान हुई है, पर उसकी विश्वसनीयता और जवाबदेही कम हुई है। बिना किसी औपचारिक योग्यता के अनेक इन्फ्लुएंसर्स वित्त, स्वास्थ्य और कानून जैसे संवेदनशील विषयों पर सलाह दे रहे हैं, जिससे आर्थिक नुकसान, स्वास्थ्य संबंधी जोखिम और कानूनी भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

इस चुनौती को देखते हुए कई देशों ने नियामक कदम उठाए हैं। चीन का मॉडल सबसे अधिक संरचित माना जाता है। वहां वित्त, चिकित्सा और कानून जैसे क्षेत्रों में केवल वही इन्फ्लुएंसर सामग्री साझा कर सकते हैं, जिनके पास मान्यता प्राप्त डिग्री या लाइसेंस हो। 'नो डिग्री, नो एडवाइस' के सिद्धांत के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी यह जिम्मेदारी डाली गई है कि वे इन्फ्लुएंसर्स की योग्यता का सत्यापन करें और भ्रामक सामग्री को रोकें। 'वन अकाउंट, वन आइडेंटिटी' जैसी व्यवस्था के माध्यम से प्रत्येक इन्फ्लुएंसर की पहचान सुनिश्चित की गई है तथा भ्रामक सामग्री के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई भी की गई है।

अमेरिका में नियमन का आधार पारदर्शिता है, जहां पेड प्रमोशन का स्पष्ट खुलासा अनिवार्य किया गया है। वहीं यूरोपीय संघ ने डिजिटल सर्विसेज एक्ट के माध्यम से प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही, एल्गोरिदम की पारदर्शिता और भ्रामक सामग्री पर नियंत्रण जैसे प्रावधान लागू किए हैं। यह सह-विनियमन का ऐसा मॉडल है, जिसमें सरकार और डिजिटल प्लेटफॉर्म दोनों की जिम्मेदारी तय की गई है।

भारत में इन्फ्लुएंसर अर्थव्यवस्था तेज़ी से विकसित हो रही है, लेकिन इसके अनुरूप व्यापक नियामक व्यवस्था अभी भी अनुपस्थित है। विज्ञापन मानक परिषद द्वारा पेड कंटेंट के खुलासे तथा सेबी द्वारा अनधिकृत निवेश सलाह पर रोक जैसे प्रयास हुए हैं, लेकिन ये सीमित और बिखरे हुए हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में बिना किसी प्रमाणिक योग्यता के सलाह दी जा रही है।

वित्तीय क्षेत्र में अनेक इन्फ्लुएंसर्स बिना पंजीकरण के निवेश सलाह देते हैं तथा इंट्राडे ट्रेडिंग, क्रिप्टोकरेंसी और गारंटीड रिटर्न जैसे भ्रामक दावे करते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में बिना वैज्ञानिक प्रमाण के डाइट, वैकल्पिक चिकित्सा और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी जा रही है। इसी प्रकार कानूनों की गलत व्याख्या लोगों को भ्रमित करती है और कई बार अनजाने में कानूनी उल्लंघन का कारण बनती है। स्पष्ट है कि इन्फ्लुएंसर्स अब केवल कंटेंट क्रिएटर नहीं, बल्कि अनौपचारिक सलाहकार बन चुके हैं, जबकि उनके लिए कोई प्रभावी जवाबदेही व्यवस्था मौजूद नहीं है। भारत के लिए एक संतुलित और लोकतांत्रिक नियामक ढांचा समय की आवश्यकता है। इसका उद्देश्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी सुनिश्चित करना होना चाहिए। ऐसा ढांचा नागरिकों को वित्तीय, स्वास्थ्य और कानूनी जोखिमों से सुरक्षित करेगा, इन्फ्लुएंसर अर्थव्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाएगा और जिम्मेदार डिजिटल शासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। इसके लिए सबसे पहले कंटेंट को जोखिम के आधार पर वर्गीकृत किया जाना चाहिए। मनोरंजन और जीवनशैली जैसे विषयों को कम जोखिम तथा वित्त, स्वास्थ्य और कानून को उच्च जोखिम की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में केवल प्रमाणित पेशेवरों को ही सलाह देने की अनुमति हो। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को इन्फ्लुएंसर्स की योग्यता सत्यापित करने तथा भ्रामक सामग्री को चिन्हित कर हटाने की जिम्मेदारी दी जाए। साथ ही पेड कंटेंट का स्पष्ट खुलासा, स्रोतों का उल्लेख और आवश्यक जोखिम चेतावनी अनिवार्य की जाए। प्रभावी दंड व्यवस्था के साथ-साथ व्यापक डिजिटल साक्षरता अभियान भी चलाए जाएं, ताकि नागरिक स्वयं सही और गलत जानकारी में अंतर कर सकें।

अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि नियमन से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रभावित होगी, जबकि विचार और पेशेवर सलाह में स्पष्ट अंतर है। विचारों की स्वतंत्रता लोकतंत्र का आधार है, लेकिन वित्त, स्वास्थ्य और कानून जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में जवाबदेही भी उतनी ही आवश्यक है। भारत को न तो पूर्ण अनियंत्रण की स्थिति स्वीकार करनी चाहिए और न ही अत्यधिक कठोर नियंत्रण की। आवश्यकता 'नियंत्रित स्वतंत्रता' के ऐसे मॉडल की है, जिसमें नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिले, लेकिन नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। इन्फ्लुएंसर अर्थव्यवस्था डिजिटल युग का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुकी है। इसे पूरी तरह अनियंत्रित छोड़ना भविष्य में बड़े सामाजिक और आर्थिक संकट का कारण बन सकता है। भारत के पास अवसर है कि वह ऐसा संतुलित और प्रभावी नियामक मॉडल विकसित करे, जो नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर जिम्मेदार डिजिटल शासन का उदाहरण भी प्रस्तुत करे। अंततः समय की मांग यही है कि प्रभाव को जिम्मेदारी के साथ जोड़ा जाए, ताकि डिजिटल युग में विकास और विश्वास दोनों समान रूप से आगे बढ़ सकें।

# महासागर नीति से सशक्त भारत की कूटनीति



प्रो. अंशु जोशी

(लेखिका जेएनयू में प्राध्यापिका हैं)

भारत के प्रधानमंत्री की सेशेल्स यात्रा और जापान के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा ने भारत की गतिशील 'महासागर' नीति को नई गति प्रदान की है। इस सप्ताह सेशेल्स और जापान के साथ भारत की उच्चस्तरीय कूटनीतिक सहभागिता ने यह स्पष्ट किया है कि भारत हिंद महासागर और व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा, विकास और साझेदारी पर आधारित एक समावेशी समुद्री व्यवस्था के निर्माण के लिए योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ रहा है। रक्षा सहयोग, संपर्क-सुविधाओं के विस्तार और 'मुक्त, खुले तथा समावेशी' समुद्री क्षेत्र की अवधारणा के माध्यम से भारत स्वयं को तटीय और हिंद-प्रशांत देशों के विश्वसनीय सुरक्षा एवं विकास साझेदार के रूप में पुनर्स्थापित कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 27 से 29 जून 2026 तक की सेशेल्स राजकीय यात्रा, सेशेल्स के राष्ट्रीय दिवस की स्वर्ण जयंती तथा भारत-सेशेल्स राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुई। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के बीच हुई वार्ता में स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल परिवर्तन, नवीकरणीय ऊर्जा तथा विशेष रूप से समुद्री सुरक्षा और रक्षा सहयोग जैसे विषय प्रमुख रहे। दोनों देशों ने शिपिंग, अंतरिक्ष, क्षमता निर्माण सहित 19 समझौतों और समझौता ज्ञापनों (एमओयू) की घोषणा की। भारत ने 1,250 करोड़ रुपये की ऋण सहायता (क्रेडिट लाइन) उपलब्ध कराने के साथ-साथ गश्ती पोतों सहित रक्षा सहयोग बढ़ाने का भी निर्णय लिया, ताकि अवैध मछली पकड़ने, मादक पदार्थों की तस्करी और समुद्री डकैती जैसी चुनौतियों से निपटने में सेशेल्स की क्षमता सुदृढ़ हो सके।

सेशेल्स ने प्रधानमंत्री मोदी को 'गार्डियन ऑफ द ब्लू होराइजन' (नीले क्षितिज का संरक्षक) सम्मान प्रदान किया, जो समुद्री शासन, पर्यावरण संरक्षण और द्वीपीय देशों के सतत विकास में भारत की भूमिका की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति का प्रतीक है। ये सभी पहलू दर्शाते हैं कि भारत अपनी महासागर नीति के अंतर्गत रक्षा कूटनीति, विकास सहयोग और जलवायु-संवेदनशील दृष्टिकोण को एक साथ जोड़कर हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी भूमिका को सुदृढ़ कर रहा है।

दूसरी ओर, इसी सप्ताह जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की नई दिल्ली यात्रा ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी को और गहरा किया। दोनों देशों ने सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तथा समुद्री सहयोग के क्षेत्रों में संबंधों को नई दिशा दी। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने 'स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत', नौवहन की स्वतंत्रता तथा विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई, जो भारत की महासागर नीति के मूल सिद्धांतों के अनुरूप है।

दोनों प्रधानमंत्रियों की वार्ता के बाद रक्षा, समुद्री सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों से जुड़े अनेक समझौते हुए। भारत और जापान ने नौसैनिक तथा तटरक्षक सहयोग को और विस्तारित करने, अधिक संयुक्त अभ्यास आयोजित करने, बंदरगाह यात्राओं की संख्या बढ़ाने तथा सूचना साझाकरण को सुदृढ़ करने पर भी सहमति व्यक्त की, ताकि समुद्री डकैती और अन्य अंतरराष्ट्रीय समुद्री अपराधों का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सके।

जापान की 'स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत' अवधारणा, जिसकी परिकल्पना पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने की थी, बाद में फुमियो किशिदा द्वारा विकसित की गई और अब प्रधानमंत्री ताकाइची उसे आगे बढ़ा रही हैं। यह दृष्टि भारत के साथ समुद्री क्षेत्रीय जागरूकता, आपदा राहत, संपर्क-सुविधाओं तथा हिंद महासागर और व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग के रूप में व्यावहारिक स्वरूप ग्रहण कर रही है। भारत के लिए जापान ऐसा समुद्री साझेदार है, जिसकी आर्थिक एवं तकनीकी क्षमता भारत की भौगोलिक स्थिति और नौसैनिक शक्ति के साथ मिलकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उभरती चुनौतियों, विशेषकर चीन की आक्रामक गतिविधियों, के बीच संतुलन और स्थिरता स्थापित करने में सहायक है।

भारत की समकालीन समुद्री रणनीति का आधार 2015 में मॉरीशस में घोषित 'सागर' (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) दृष्टि रही है। इस पहल ने वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति में हिंद महासागर के महत्व को रेखांकित करते हुए विश्वास, पारदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों के सम्मान पर बल दिया। इसके माध्यम से भारत ने स्वयं को एक ऐसे क्षेत्रीय नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित किया, जो अपनी तथा पड़ोसी द्वीपीय देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, आर्थिक एवं सामरिक सहयोग को गहरा करने और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

वर्ष 2025 में मॉरीशस में ही घोषित 'महासागर' नीति, 'सागर' की अवधारणा का विस्तारित स्वरूप है। यह केवल हिंद महासागर तक सीमित न रहकर वैश्विक समुद्री परिदृश्य और विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण की विकास एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं को केंद्र में रखती है। मॉरीशस, मालदीव, सेशेल्स तथा प्रशांत महासागर के द्वीपीय देशों के साथ भारत की बढ़ती सक्रियता इसी व्यापक समुद्री दृष्टि का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य विभिन्न समुद्री साझेदारियों को एक समन्वित और दक्षिण-केंद्रित ढांचे में जोड़ना है।

समग्र रूप से देखें तो प्रधानमंत्री मोदी की सेशेल्स यात्रा और प्रधानमंत्री ताकाइची की भारत यात्रा यह स्पष्ट करती हैं कि भारत द्विपक्षीय शिखर बैठकों का उपयोग अपनी समुद्री रणनीति को क्रमिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए कर रहा है। हिंद महासागर, हिंद-प्रशांत और वैश्विक दक्षिण - इन तीनों परस्पर जुड़े क्षेत्रों में भारत समानांतर रूप से अपनी उपस्थिति और प्रभाव का विस्तार कर रहा है। पश्चिमी हिंद महासागर में भारत रक्षा सहयोग, क्षमता निर्माण और जलवायु साझेदारी के माध्यम से द्वीपीय देशों को सशक्त बना रहा है, जबकि जापान के साथ उसकी साझेदारी हिंद महासागर से आगे बढ़कर पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बहुपक्षीय समुद्री सहयोग और नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है।

यह संतुलित और बहुआयामी दृष्टिकोण भारत को क्षेत्रीय 'नेट सिक्योरिटी प्रोवाइडर' के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र की एक प्रभावशाली महाद्वीपीय और समुद्री शक्ति के रूप में स्थापित कर रहा है। यह उन पारंपरिक पश्चिमी अवधारणाओं को भी चुनौती देता है, जिनमें भारत को मुख्यतः एक महाद्वीपीय शक्ति के रूप में देखा जाता था। ऐसे समय में, जब अमेरिका सहित अनेक बड़ी शक्तियां युद्धों और भू-राजनीतिक तनावों में उलझी हुई हैं, भारत सुरक्षा और विकास को परस्पर पूरक बनाते हुए अपनी महासागर नीति के माध्यम से न केवल अपने पड़ोस, बल्कि पूरे वैश्विक दक्षिण के साथ सतत, संतुलित और दूरदर्शी साझेदारी का विस्तार कर रहा है।

## क्या नितिन गडकरी की ई20 नीति की वजह से खराब हो रही हैं गाड़ियां?

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी पर इन दिनों चौतरफा हमले हो रहे हैं। कभी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में ई20 पेट्रोल को वाहनों की खराबी का कारण बताया जा रहा है, तो कभी सड़कों पर उतरने की चेतावनी देकर केंद्र सरकार की एथनॉल नीति के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, जो लंबे समय से एथनॉल मिश्रित ईंधन को भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और किसानों की आय बढ़ाने का माध्यम बताते रहे हैं, अब उसी नीति को लेकर गंभीर सवालों के घेरे में हैं। हम आपको बता दें कि ई20 यानी पेट्रोल में 20 प्रतिशत तक एथनॉल मिश्रण को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। ताजा मामले में बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप ने अपनी टोयोटा इनोवा हाईक्रॉस में आई खराबी का आरोप सीधे ई20 पेट्रोल और सरकार की नीति पर लगाया है। मनीष का दावा है कि उनकी दो महीने पुरानी और लगभग 12 हजार किलोमीटर चली गाड़ी का इंजन अचानक खराब हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि फ्यूल टैंक से निकाले गए पेट्रोल में 20 प्रतिशत से अधिक एथनॉल और अशुद्धियां मिलीं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वह काफी भावुक नजर आए और बोले कि लाखों रुपये खर्च कर खरीदी गई गाड़ी इतनी जल्दी खराब हो जाना गंभीर चिंता का विषय है। देखा जाये तो मनीष कश्यप अकेले नहीं हैं। देशभर में हजारों वाहन मालिक माइलेज घटने, इंजन परफॉर्मेंस कम होने और वाहनों में तकनीकी समस्याओं की शिकायत कर रहे हैं। कई वीडियो में गुलाबी रंग का पेट्रोल, टंकी में पानी जैसी परत और अन्य अशुद्धियां दिखाकर दावा किया जा रहा है कि पेट्रोल में एथनॉल की मात्रा तय सीमा से अधिक है। हालांकि सरकार और पेट्रोलियम मंत्रालय इन दावों को खारिज कर रहे हैं। इस विवाद ने अब राजनीतिक और सामाजिक रूप भी ले लिया है। राजनीतिक विश्लेषक तहसीन पूनावाला ने दिल्ली के जंतर मंतर पर ई20 नीति के खिलाफ प्रदर्शन का ऐलान किया है। "टीम भारत अगेंस्ट द एथनॉल स्कैम" के बैनर तले प्रस्तावित इस प्रदर्शन को एथनॉल नीति के खिलाफ पहला बड़ा सार्वजनिक आंदोलन बताया जा रहा है। पूनावाला का कहना है कि लोग एथनॉल नीति के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि इसकी जल्दबाजी में की गई क्रियान्वयन प्रक्रिया और उपभोक्ताओं को विकल्प न दिए जाने का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली तो कुछ लोग नितिन गडकरी के आवास के बाहर धरने पर बैठ सकते हैं। देखा जाये तो विवाद केवल वाहन खराबी तक सीमित नहीं है। एक उद्योगपति ने भी सरकार की ई20 नीति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में हुई सुनवाई का हवाला देते हुए कहा कि सरकार जनता के सामने इस योजना को पूरी तरह सफल बता रही है, लेकिन अदालत में इसे अभी भी "चल रहा प्रयोग" बताया गया। हालांकि बाद में अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने इस दावे को गलत बताया। वहीं उक्त उद्योगपति का कहना है कि असली चिंता उन उद्योगों और निवेशकों की है जिन्होंने सरकार की नीति पर भरोसा करके एथनॉल संयंत्रों में अरबों रुपये का निवेश किया। यदि एथनॉल की खरीद और मांग ही निश्चित नहीं है, तो निवेशकों को किस भरोसे निवेश के लिए प्रेरित किया गया। हम आपको बता दें कि सर्वोच्च न्यायालय में यह मामला भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेड और कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश से जुड़ा था, जिसमें एथनॉल आवंटन प्रक्रिया को दोबारा खोलने की बात कही गई थी। इस सुनवाई के दौरान यह भी सवाल उठा कि सरकार द्वारा एथनॉल खरीद की बाध्यता वास्तव में कितनी मजबूत है। आलोचकों का कहना है कि यदि खरीद केवल "सर्वश्रेष्ठ प्रयास" के आधार पर होगी तो उद्योगों की वित्तीय स्थिरता पर खतरा पैदा हो सकता है। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने एथनॉल नीति के आर्थिक और कृषि प्रभावों पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि ई20 कार्यक्रम भारत को विदेशी मक्के और उससे बने उत्पादों पर अधिक निर्भर बना सकता है। सोशल मीडिया यूजर्स ने यह भी आरोप लगाया है कि यह नीति अब किसान केंद्रित कम और आयात आधारित ढांचे जैसी अधिक दिखाई देने लगी है। उन्होंने सरकार से ई20 की अनिवार्यता पर पुनर्विचार कर ई5 या ई10 जैसे विकल्प फिर से उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं देशी और विदेशी वाहन निमार्ता कंपनियों ने ई20 पेट्रोल को लेकर मिश्रित लेकिन संतुलित रुख अपनाया है। मारुति सुजुकी, हुंडई, टाटा मोटर्स, महिंद्रा, टोयोटा, होंडा और किआ जैसी कंपनियों ने कहा है कि अप्रैल 2023 के बाद बने अधिकांश नए वाहन ई20 अनुकूल बनाए जा चुके हैं और उनमें इस ईंधन के इस्तेमाल से कोई बड़ा सुरक्षा खतरा नहीं है।

## चर्चा में छायाचित्र



हर जगह ईश्वर का होना मुमकिन नहीं, इसलिए उसने माँ को बनाया। भारत के एक वन में बारिश के दौरान अपने बच्चों को पानी से बचाती एक माँ।

# लखनऊ पहुंचे नितिन नबीन ने कहा- जमीन पर उतरें कार्यकर्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन का अल्टीमेटम**

- चुनाव में न जुटने वाले अभी से छोड़ दें जिम्मेदारी
- सपा और कांग्रेस की हर बात का दें आक्रामक जवाब



**लखनऊ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन अपने पहले दो दिवसीय राजनीतिक यात्रा पर शनिवार को लखनऊ पहुंचे। एयरपोर्ट से सीधे पार्टी कार्यालय पहुंचे और प्रदेश संगठन की नई टीम के सभी पदाधिकारियों, जिलाध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष और विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों के साथ पहली परिचयात्मक बैठक की। इसमें उन्होंने बहुत ही साफगोई के साथ पदाधिकारियों को 2027 में तीसरी बड़ी जीत का मंत्र देते हुए पदाधिकारियों को कागजी नहीं, जमीन पर उतरकर काम करने की नसीहत दी। नबीन ने जिला प्रभारी बनाए गए पदाधिकारियों को भी दो टूक शब्दों में कहा कि अगर प्रभारी अपने प्रभार वाले जिलों में प्रवास करने या चुनाव की तैयारियों से जुड़े कार्यों में काम करने में खुद को असमर्थ पा रहे हों तो अभी से जिम्मेदारी छोड़ दें। चुनाव प्रबंधन का काम प्रभावित न हो।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में प्रदेश संगठन के सभी मोर्चों और फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 2027 में होने वाले चुनाव से पहले हर गांव, हर बूथ तक पहुंचने का प्रयास करें। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता हर गांव में डेरा डालेंगे तो चुनाव जीतना तय है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बेहतर काम किया है। इसलिए 2027 के चुनाव के लिए माहौल अच्छा है और एनडीए की जीत भी पक्की है। यह मानकर हमें शिथिलता नहीं बरतनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि हमें जनता के दिल में स्थान बनाने के लिए उनके बीच रहकर काम करना होगा।

पदाधिकारियों से शिथिलता दूर करने की अपील करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी द्वारा निर्धारित बैठकें नियमित रूप से करते रहें। उन्होंने कहा कि महीन के पहले सप्ताह में मंडल, दूसरे सप्ताह में जिले और महीने में एक बार प्रदेश स्तरीय बैठकें जरूर करें। इन बैठकों में विभिन्न मोर्चें भी शामिल रहें। उन्होंने कहा कि सभी बैठकों और प्रवास सहित महीने की हर गतिविधि की रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश महामंत्री संगठन को अनिवार्य से रूप से उपलब्ध कराएं। मन की बात कार्यक्रम से पहले हर सेक्टर की बैठक अनिवार्य रूप से हो। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि हर महीने के अंतिम रविवार को 'मन की बात' का कार्यक्रम होता है। उस दिन इस कार्यक्रम के बाद वहीं पर बूथ की बैठक जरूर करें। मन की बात वाले रविवार से पहले के रविवार को शक्ति केंद्र की बैठक करिए। जिले के 100 प्रतिशत बूथों पर मन की बात का प्रसारण होना चाहिए

उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भी कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सकारात्मक उपयोग करें। सिर्फ अपनी फोटो न डालें। रोजाना प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की कम से कम दो योजनाओं की विडियो या उसके बारे में जानकारी शेयर करें। हर वोटर तक डबल इंजन सरकार की योजनाओं और पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से पहुंचाना होगा।

## सार संक्षेप

### क्या दान में मिले गहने गला दिए गए हैं? एसआईटी की जांच में हो सकते हैं बड़े खुलासे

**लखनऊ।** चढ़ावा चोरी प्रकरण की जांच करने अयोध्या गई एसआईटी शुक्रवार देर रात लखनऊ वापस लौट आई। दो दिनों तक छानबीन के दौरान मंदिर प्रशासन, ट्रस्ट के पदाधिकारियों और गणना में लगे कर्मियों से पूछताछ की। वहीं, ट्रस्ट के ऑडिट संबंधी दस्तावेज कब्जे में लेकर सीए से पूछताछ की। शुरुआती जांच में ट्रस्ट द्वारा कराए गए ऑडिट में कई खामियां मिली हैं। एसआईटी प्रारंभिक जांच करने के बाद 20 जून को वापस लौटी थी। उसके बाद रिपोर्ट शासन को सौंप दी थी। विस्तृत जांच वर्तमान में जारी है। बीते बृहस्पतिवार को एसआईटी के तीनों अधिकारी, लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, आईजी रेंज लखनऊ किरण एस और विशेष सचिव (वित्त) नील रतन दोबारा अयोध्या पहुंचे थे। उन्होंने चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव समेत करीब 40 लोगों से दो दिनों में पूछताछ की। एसआईटी अब पता कर रही है कि ट्रस्ट के गठन से लेकर अब तक जो भी वित्तीय लेनदेन और व्यय हुआ है, उसमें क्या गड़बड़ियां हैं। तमाम लोगों के बयान लेने व दस्तावेज कब्जे में लेकर एसआईटी वापस लौट आई। तीन से चार दिन बाद फिर एसआईटी अयोध्या जा सकती है। राम मंदिर चढ़ावा चोरी की तफ्तीश कर रही एसआईटी दूसरे दौर की जांच कर शुक्रवार रात वापस लखनऊ लौट आई। जांच में वित्तीय लेनदेन यानी ट्रस्ट द्वारा कराए गए ऑडिट में कई खामियां मिली हैं। वहीं, कुछ ऐसे साक्ष्य सामने आए हैं, जिससे आशंका है कि दान में दिए गए गहनों को गलाकर उनका मूल स्वरूप बदल दिया गया। उसके बाद उसमें हेरफेर किया गया। फिलहाल जांच पूरी होने पर पता चल सकेगा कि कहां, कितनी गड़बड़ी की गई। उधर, पुलिस ने विवेचना के दौरान बैंक कर्मियों समेत आठ संदिग्धों को चिह्नित किया है।

### UP में भूमि विवादों का जल्द होगा निपटारा, तीन सदस्यीय विशेष पीठ करेगी मामलों की सुनवाई



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि से जुड़े विवादों के निस्तारण की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया गया है। राजस्व परिषद ने आरक्षित श्रेणी की भूमि, शासकीय भूमि, ग्राम सभा, नजूल, निष्क्रांत संपत्ति तथा शत्रु संपत्ति से संबंधित सभी मामलों की सुनवाई अब तीन सदस्यीय विशेष पीठ (थ्री-मेंबर बेंच) से कराने का निर्णय लिया है। नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। राजस्व परिषद की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-9 के तहत यह व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत लखनऊ और प्रयागराज स्थित राजस्व परिषद न्यायालयों में इस श्रेणी के सभी लंबित और नए मामलों की सुनवाई अब विशेष पीठ करेगी। इन मामलों की सुनवाई एकल पीठ अथवा सर्किट कोर्ट में नहीं होगी। राजस्व परिषद ने दोनों स्थानों पर अलग-अलग तीन सदस्यीय विशेष पीठों का गठन किया है। प्रत्येक बुधवार को इन मामलों की नियमित सुनवाई होगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी लंबित एवं नए वादों को चिन्हित कर विशेष पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, ताकि उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो सके। राजस्व परिषद का मानना है कि सामूहिक सुनवाई की व्यवस्था से महत्वपूर्ण मामलों में व्यापक न्यायिक विचार-विमर्श संभव होगा। इससे निर्णय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और एकरूप बनेगी तथा सार्वजनिक महत्व की भूमि से जुड़े मामलों के निस्तारण की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। राज्य सरकार के अनुसार यह निर्णय राजस्व न्याय व्यवस्था के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले डिजिटल भू-अभिलेख, ऑनलाइन नामांतरण, आधुनिक तकनीक से भूमि पैमाइश तथा अन्य डिजिटल राजस्व सेवाओं जैसी कई सुधारात्मक पहलें लागू की जा चुकी हैं। नई व्यवस्था से सरकारी एवं ग्राम समाज की भूमि से जुड़े विवादों के निस्तारण में तेजी आने की उम्मीद है।

# मुख्यमंत्री धामी के सफल पांच वर्ष खटीमा को विकास की बड़ी सौगातें

## फोरलेन, सड़क चौड़ीकरण और करोड़ों की योजनाओं को मिली मंजूरी, भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुख्यमंत्री धामी का पांच साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने पूजा-अर्चना की।

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लगातार पांच वर्ष का सफल कार्यकाल पूरा कर उत्तराखंड की राजनीति में नया अध्याय जोड़ दिया है। इस अवसर पर उनके गृह विधानसभा क्षेत्र खटीमा में उत्सव का माहौल रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने पूजा-अर्चना कर मुख्यमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु एवं प्रदेश की निरंतर प्रगति की कामना की। वहीं हजारों राहगीरों को शीतल शरबत वितरित कर खुशी का इजहार किया गया। मुख्यमंत्री धामी के पांच वर्षों के कार्यकाल को खटीमा के लिए विकास के स्वर्णिम दौर के रूप में देखा जा रहा है। क्षेत्र में फोरलेन सड़क, सड़क चौड़ीकरण, ग्रामीण संपर्क मार्गों और नगर विकास से जुड़ी करोड़ों रुपये की योजनाओं को मंजूरी मिलने से विकास कार्यों को नई गति मिली है। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर खटीमा-सितारगंज मार्ग के चौड़ीकरण की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। खटीमा-मझोला मार्ग के 3.6 किलोमीटर हिस्से को फोरलेन बनाने की स्वीकृति भी मिल चुकी है। लंबे समय से लंबित खेतल संडा मार्ग के निर्माण के लिए 2.72 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है तथा इसकी टेंडर प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि खटीमा नगर पालिका क्षेत्र के लिए लगभग 15 से 20 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं को भी मुख्यमंत्री ने सैद्धांतिक मंजूरी दी है। बजट जारी होने के बाद सड़क, नाली, जल निकासी और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय और केंद्रीय विद्यालय जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं भी मुख्यमंत्री धामी के प्रयासों की बड़ी उपलब्धियां हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी का पांच वर्ष का कार्यकाल उत्तराखंड के विकास, सुशासन और जनकल्याण का स्वर्णिम काल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने इस अवधि में अनेक ऐतिहासिक निर्णय और विकास कार्य देखे हैं, जिनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता दान सिंह रावत ने मुख्यमंत्री के कार्यकाल को "पांच साल बेमिसाल" बताते हुए कहा कि सरकार ने विकास के साथ-साथ किसानों, युवाओं और महिलाओं के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। दुग्ध सहकारिता को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में भी प्रभावी कार्य किए गए हैं। जिला पंचायत सदस्य जीवन धामी ने मुख्यमंत्री को पांच वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तराखंड विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और खटीमा तेजी से आधुनिक नगर के रूप में विकसित हो रहा है। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री किशन सिंह किन्ना, वरिष्ठ भाजपा नेता दान सिंह रावत, पूर्व मंडी चेयरमैन नंदन सिंह खड़ायत, जिला पंचायत सदस्य जीवन धामी, भवानी भंडारी, संतोष गौरव, मनोज साही, नवीन भट्ट, अमित पांडेय, गुड्डू टमटा, सतीश गोयल, नरेंद्र धामी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बांग्लादेश से जाली नोट मंगाकर प्रदेश में खपाने वाले शातिर अपराधी को एटीएस ने दबोचा

**लखनऊ।** आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने बांग्लादेश से जाली भारतीय नोटों की तस्करी कर यूपी समेत कई राज्यों में सप्लाई करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। 25 हजार रुपये का इनामी आरोपी जाकिर को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से पकड़ा गया। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। एटीएस उसे वाराणसी लाकर पूछताछ कर रही है। एटीएस के मुताबिक जांच में सामने आया था कि बांग्लादेश में छपे जाली भारतीय नोट तस्करी के जरिए पहले पश्चिम बंगाल पहुंचाए जाते थे। वहां से मालदा निवासी जाकिर अपने नेटवर्क के जरिए इन्हें यूपी व अन्य राज्यों में भेजता था। गिरोह का खुलासा नवंबर 2024 में वाराणसी के सारनाथ क्षेत्र से मोहम्मद सुलेमान अंसारी और इदरीश की गिरफ्तारी के बाद हुआ था। दोनों के पास से दो लाख रुपये के जाली नोट बरामद हुए थे। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया था कि जाली नोट उन्हें जाकिर उपलब्ध कराता था। वहीं, जाकिर तक यह खेप बांग्लादेश निवासी रफीकुल पहुंचाता था। इसके बाद जाकिर अपने साथियों के माध्यम से जाली नोट अलग-अलग राज्यों में सप्लाई कराता था।

# राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में नोजगे के छात्र जिशान ने कांस्य पदक जीत का क्षेत्र व प्रदेश का नाम किया गौरवान्वित

जागरण मोर्चा कार्यालय



कांस्य जीतने पर जिशान को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** पब्लिक स्कूल खटीमा के छात्र मोहम्मद जीशान ने राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उत्तराखंड प्रदेश को एक कांस्य पदक दिलाया जीशान की इस सफलता ने नोजगे पब्लिक स्कूल ही नहीं जनपद और प्रदेश को गौरवान्वित किया है विद्यालय परिवार ने जीशान के माता-पिता को पुष्प माला पहनकर मिष्ठान वितरण कर जीशान के उजाल भविष्य की कामना की है रोज के पब्लिक स्कूल हैप्पी के कक्षा 9 के छात्र किस ने बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर में 23 से 29 जून तक पांचवी सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप आयोजित की थी प्रतियोगिता में देश भर के प्रति व्यवहार प्रतिभावान खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया था उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए कक्षा 9 के छात्र मोहम्मद जीशान ने अंदर 15 सब जूनियर बालक वर्ग 64 किग्रा भार में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय वह क्षेत्र का मान बढ़ाया रोज के पब्लिक स्कूल की प्रबंध निर्देशिका सुरेंद्र कौर हैप्पीनेस जीशान की इस उपलब्धि को बड़ी मेहनत समर्पण तथा संकल्प का परिणाम बताते हुए खेल के क्षेत्र में इसे अनुकरणीय बताया प्रधानाचार्य हेमचंद्र पंत को ललित चंद्र पांडे ने किस के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसके परिजनों को बधाई दी है। इस अवसर पर वरिन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह सौन, मो. उस्मान बाबर, धीरज गुप्ता, दीपेश गुरुंग, दीपक गुम्बर, दिनेश इन्द्रुडी, प्रमोद जोशी, विपिन गजकोटी, नवीन चन्द, ललित चन्द, ललित पाण्डेय, मुकेश पाण्डेय, मीनू सक्सेना, ममता चन्द, कौशल्या सिंह, ममता सिंह, अभिषेक भटनागर, दयाल चन्द, जिया जाफरी, मोहित राजपूत, राजू भट्ट, दिनेश चिकलोटी, राकेश चन्द्र जोशी, दीपा भट्ट, सुमन जोशी, कुसुम शर्मा, गीता धामी, राजकुमारी चन्द, जोगिता नील, कमलेशा जोशी, गायत्री मेहता, गणेश कुमार, रमेश ओली, नीमा बिष्ट, सुहानी जखमोला, काजल मेहरा, भूमिका, विशाल लाल, गिरिश जोशी, प्रकाश चन्द, सरस्वती कोहली, मंजू रावत, मंदाकिनी कोहली, सरिता कुमारी, मोनिका भटनागर एवं शैलेश पाण्डेय सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# खटीमा में उत्तराखंड क्रांति दल के जिला कार्यालय का उद्घाटन, संगठन का शीघ्र होगा विस्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



यूकेडी के खटीमा नवीन जिला कार्यालय का उद्घाटन करते वरिष्ठ नेता काशी सिंह ऐरी।

**खटीमा।** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) की जिला इकाई खटीमा के जिला कार्यालय का शनिवार को वरिष्ठ नेता काशी सिंह ऐरी ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उद्घाटन अवसर पर आयोजित बैठक में उक्रांद नेता काशी सिंह ऐरी ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के जनहित, क्षेत्रीय विकास और जनता की समस्याओं को मजबूती से उठाने के लिए संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने तथा प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया। उक्रांद नेता ऐरी ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के बाद अब भाजपा के कुशासन से त्रस्त है। वर्तमान परिपेक्ष में प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। आम जनता की निगाहें अब उत्तराखंड क्रांति दल की ओर उठ रही हैं। उत्तराखंड राज्य के शहीदों एवं आंदोलनकारी की भावनाओं के अनुरूप उत्तराखंड क्रांति दल ही प्रदेश में सरकार बनाकर प्रदेश का विकास कर सकता कर है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकारों ने प्रदेश की जनता की भावनाओं से खिलवाड़ कर मनमाने तरीके से प्रदेश में लूट खसूट मचा रखी है। प्रदेश की जनता को अब राष्ट्रीय दलों के हाथों से स्वयं को ठगा जाने का एहसास हो रहा है। इसका समाधान केवल अब सिर्फ सिर्फ उत्तराखंड क्रांति दल के पास है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद उत्तराखंडी, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष चंद्रशेखर कापड़ी, उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया, केंद्रीय उपाध्यक्ष जगत सिंह मेहता, केंद्रीय संगठन मंत्री कैलाश भट्ट, जिला महामंत्री संतोष मल्होत्रा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष शिवलाल रस्तोगी, राज्य निर्माण सेनानी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जोध सिंह मनोला, शहाबुद्दीन अंसारी, धन बहादुर चंद, पार्वती विश्वास, धीरज गहतोड़ी, रोहित भट्ट, दुर्गा सिंह सामंत, कामरेड सरदार दर्शन सिंह, पार्वती विश्वास सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा : एआई सॉफ्टवेयर की मदद से दबोचे 44 सॉल्वर, रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने संपन्न हुई शिक्षक पात्रता परीक्षा की जानकारी देते हुए बताया कि 2 जुलाई की दो पालियों और 3 जुलाई की प्रथम पाली में उच्च प्राइमरी स्तर की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 10,57,055 अभ्यर्थियों अर्थात 87.25% ने प्रतिभाग किया। 3 जुलाई की द्वितीय पाली और 4 जुलाई की प्रथम पाली में प्राइमरी स्तर की परीक्षा हुई, जिसमें 7,13,659 अभ्यर्थियों अर्थात 91.12% ने परीक्षा दी। उच्च प्राइमरी स्तर की परीक्षा में महिला अभ्यर्थियों की प्रतिभागिता 87.00% एवं प्राइमरी स्तर की परीक्षा में 90.85% रही।

शनिवार 4 जुलाई को प्रथम पाली में प्रदेश के 955 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित परीक्षा में 3,79,316 पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3,34,775 अर्थात 88.00% अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रकार कुल पंजीकृत 19,94,661 परीक्षार्थियों में से 17,70,714 कुल 88.77% परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। सभी 60 जनपदों में सदस्यगण व सेवानिवृत्त आईएएस व आईपीएस को प्रेक्षक के रूप में नामित किया गया था। सभी प्रेक्षकों ने परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों का अनवरत भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। प्रशांत कुमार के मुताबिक एआई आधारित सॉफ्टवेयर की मदद से परीक्षा के दौरान संदिग्धों की जाँच के पश्चात् प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 2 जुलाई को 14, 3 जुलाई को 11 व 4 जुलाई को 19 कुल 44 फर्जी परीक्षार्थी जो दूसरे परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़े गए एवं 3 जुलाई को एक अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में मोबाइल से नकल के प्रयास में पकड़ा गया।

**आयोजन** संगठन को 15 दिनों में बूथ स्तर तक मजबूत करने का दिया संदेश

# नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियों का विधायक तिलक राज बेहड़ ने किया भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**उधम सिंह नगर (उत्तराखंड)।** किच्छा में आयोजित स्वागत समारोह में विधायक तिलक राज बेहड़ ने नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर एवं स्वागत कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगर पालिका क्षेत्र नगला के कांग्रेस अध्यक्ष हरिओम चौहान, नगर पंचायत लालपुर के कांग्रेस अध्यक्ष नरेश खुराना तथा पंतनगर ट्रेड यूनियन के महामंत्री डॉ. महेंद्र शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में पंतनगर ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष जनार्दन सिंह का भी पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं, पंतनगर पोल्ट्री विभाग से सेवानिवृत्त होने पर राजपाल सिंह को विधायक तिलक राज बेहड़ ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए उनके दीर्घ सेवाकाल की सराहना की।

विधायक तिलक राज बेहड़ ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी अध्यक्षों से 15 दिनों के भीतर अपनी-अपनी कार्यकारिणी गठित कर संगठन को सक्रिय रूप से जनहित के कार्यों में लगाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में और किच्छा विधासनभा में बढ़ते भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, बेरोजगारी तथा जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू करेगी। अगले माह से कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता के बीच पहुंचेंगे और प्रदेश सरकार की नाकामियों तथा कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों और विकास के विजन को लोगों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी पूरी मजबूती से लड़ती रहेगी।

इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य, गुरदास कलर, प्रेम आर्य, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, अरुण कुमार शुक्ला, दलजीत सिंह, मेजर सिंह सुनीता कश्यप, ओमप्रकाश पप्पू, दिलीप सिंह बिष्ट, जगदीश, संतोष कुमार, अजय खुराना, राम बाबू, विनोद पंत, एनयू खान, ताहिर मलिक, संतोष ठाकुर, छोटेलाल कोली,नंदन सिंह बिष्ट, जीवन जोशी, बलवंत माणिक्य, सुरजीत सिंह, गुरचरण सिंह, बब्बू, भजन सिंह,डाक्टर गिल, नरेंद्र सलूजा, सरताज मलिक, डिंपल सिंह, देवकीनंदन, कलावती, जसविन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिन्धी, रजत गंगवार, करण, गौरव चावला परमजीत सिंह सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

# लखनऊ यूनिवर्सिटी में यूजी एंट्रेंस एग्जाम के प्रवेश पत्र जारी, वेबसाइट से करें डाउनलोड

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक और यूजी प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। छह से 12 जुलाई के बीच आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी शुक्रवार से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से अपने लॉगिन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। विश्वविद्याल के प्रवेश प्रकोष्ठ की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव का कहना है कि जिन पाठ्यक्रमों के प्रवेश पत्र जारी हुए हैं, उनमें बीवीए या बीएफए, बीवोक रिन्यूएबल एनर्जी, बीजेएमसी, बीकॉम ऑनर्स व एनईपी, बीसीए, बीबीए, बीए एनईपी, बीएससी कृषि, बायोलॉजी व मैथ्स, डीफार्मा और बीएलएड शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर अंकित सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी है।

कुलानुशासक कार्यालय ने प्रवेश परीक्षा के दौरान सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षार्थी केवल निर्धारित प्रवेश द्वारों से ही परिसर में प्रवेश करेंगे। मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य प्रतिबंधित सामग्री ले जाने पर रोक रहेगी। परीक्षा अवधि में अनाधिकृत व्यक्तियों और वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। अभिभावकों से भी परीक्षा के दौरान परिसर के बाहर रहने की अपील की गई है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी के पद पर तैनात था। शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव दुधिया खुर्द निवासी अरविंद कुमार बिजली बिभाग में संविदा कर्मचारी के पद पर तैनात था। वह बिजली बिल रीडिंग का काम देखता था। युवक शुक्रवार की देर रात बिजली का काम करके बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान राजीव नगर के पास तेज गति से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और तत्काल उसकी मदद के लिए आगे आए। सूचना पर घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। वहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक के घर पर भी शोक का माहौल है और घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार को सांत्वना देने पहुंचने लगे। घटना की सूचना मिलने पर पूरनपुर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की गई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है और ट्रैक्टर तथा उसके चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है

# सास पर जानलेवा हमला करने वाले दामाद व साथी दो चाकुओं के साथ गिरफ्तार, भेजे गए जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय


पुलिस की गिरफ्त में पकड़े खड़े महिला पर हमला करने वाले दोनों आरोपी।


अस्पताल में इलाज कराती ममता।

**बीसलपुर।** शुक्रवार शाम को दामाद ने अपने तीन साथियों की मदद से अपनी सास पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था जिस मामले में पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर नामजद दो आरोपियों को घटना में प्रयुक्त दो चाकुओं के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीसलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम ग जरौला निवासी नत्थू लाल पुत्र स्व. विषन कुमार रस्तोगी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पुत्री ममता जो बीसलपुर के दुर्गाप्रसाद आसरा आवास में रहकर लोगों के घरों में चौका-बर्तन कर गुजर-बसर करती है, गत 3 जुलाई 2026 की शाम करीब 7:30 बजे काम खत्म कर घर लौट रही थी। इसी दौरान रावण मंदिर के पास घात लगाए बैठे पुत्री ममता के दामाद अनमोल मिश्रा मोहल्ला बख्तावर लाल निवासी से पहले से ही विवाद चल रहा था जिसका मुकदमा ममता ने बीसलपुर को दिवाली में दर्ज करवाया था इस बात की रंजीत मानते हुए अनमोल ने अपने साथी रोहित पुत्र गोविन्द, निवासी आसरा कॉलोनी सहित दो अन्य अज्ञात लोगों ने ममता को रास्ते में रोक लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से ममता पर हमला बोल दिया। अनमोल ने ममता को दबोच लिया, जबकि रोहित ने जान से मारने की नीयत से उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर लहूलुहान कर दिया। शोर मचाने और जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मामले की जांच कर रहे उपनिरीक्षक विपिन कुमार और उनकी टीम को शनिवार (4 जुलाई 2026) को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी कहीं भागने की फिराक में मंडी समिति के पीछे खड़े हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों नामजद आरोपियों—अनमोल मिश्रा और रोहित को धर दबोचा। अमियुक्तों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से घटना में इस्तेमाल किए गए दो अदद अवैध चाकू बरामद हुए।

## सार संक्षेप

### प्रख्यात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहन दत्त का निधन, चिकित्सा जगत में शोक

**पीलीभीत।** जनपद के वरिष्ठ एवं प्रख्यात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहन दत्त का शनिवार सुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर से जिले भर में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. मोहन दत्त ने वर्षों तक बच्चों की चिकित्सा सेवा कर हजारों परिवारों का विश्वास जीता। उनके निधन पर चिकित्सकों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे चिकित्सा क्षेत्र की अपूरणीय क्षति बताया तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।


डॉक्टर मनमोहन दत्त
(फाइल फोटो)

### 18 जुलाई तक दें मतदेय स्थलों पर सुझाव व आपत्तियां

**पीलीभीत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 26–पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची 4 जुलाई को प्रकाशित कर दी गई है। जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1,656 मतदेय स्थल प्रस्तावित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि सूची पर कोई आपत्ति या सुझाव हो तो 18 जुलाई 2026 तक संबंधित एसडीएम, तहसीलदार या जिला निर्वाचन कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत करें।

### मूक बधिर को काम पर ले जाने के बाद, वापस न लाने पर पिता ने दी ग्रामीण के विरुद्ध तहरीर

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खिरकिया निवासी एक ग्रामीण ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाते हुए कहा है। कि उसके मूक बधिर पुत्र को गांव का ही एक ग्रामीण अपने साथ काम कराने हरियाणा ले गया। किंतु बार–बार कहने पर वह न तो उसे वापस लाता है। और न ही बात कराता है। ग्रामीण ने अपने पुत्र के साथ अनहोनी की आशंका व्यक्त की है। कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्रामीण ने कहा है। कि उसके मूक बधिर पुत्र हरवंश को गांव का एक ग्रामीण हरियाणा गारंटी पर काम कराने के लिए साथ ले गया। काफी लंबे समय तक जब तिलक राम को उसके पुत्र की कोई खैर खबर नहीं मिली। और ग्रामीण ने उसके पुत्र को न ही वापस भेजा। और न ही बात कराई। तिलक राम को आशंका है, कि उसके पुत्र के साथ कोई अनहोनी घटना घटी है। पीड़ित ग्रामीण ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किशोरी को युवक प्रेम जाल में फंसा कर भगा ले गया, मामला दर्ज

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले ग्रामीण युवक की नाबालिक बहन को उसके पड़ोसी का रिश्तेदार बहला फुसलाकर कर अपने साथ भाग ले गया। घटना की प्राथमिकी कोतवाली में दर्ज कराई है। कोतवाली में पंजीकृत कराई गई प्राथमिकी में क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने कहां है। उसके गांव में गौरव पुत्र चिम्मन कश्यप निवासी गांव सैदपुर फरीदपुर बरेली का आना जाना लगा रहता था। उक्त युवक के रिश्तेदारी उसके घर के पास में थी। वहां पर युवक के परिवार का भी आना जाना रहता था।वही गौरव की मुलाकात युवक की बहन से हुई। और वह उसे एक जुलाई कोबहला–फुसलाकर अपने प्रेम जाल में फंसा कर रात्रि 8:00 बजे भाग ले गया। किशोरी के भाई ने कोतवाली में पंजीकृत कराई प्राथमिकी में बहन के साथ अनहोनी होने की संभावना भी व्यक्त की है पुलिस ने घटना को दर्ज कर नाबालिक की तलाश शुरू कर दी है।

# पुलिस ने दो किशोरों को पकड़ा, पांच बाइकें बरामद, दोनों बाल अपचारी हुए घोषित

जागरण मोर्चा कार्यालय


पुलिस ने वरामद की बाइकें। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पूरनपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो किशोरों को पकड़कर उनके कब्जे से चोरी की पांच बाइकें बरामद की हैं। पूछताछ के बाद उन्हें बाल अपचारी घोषित करते हुए विधिक कार्रवाई की गई है। क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की लगातार जांच की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को मुखबिर की जरिए सूचना मिली कि कुछ युवक चोरी की वाइको के साथ मकरंदापुर खंडजे के पास खडे है। पुलिस को दो संदिग्ध किशोर दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोककर पूछताछ की तो उनके जवाब संतोषजनक नहीं मिले। इसके बाद सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने चोरी की कई बाइकें अपने कब्जे में होने की जानकारी दी। दोनों किशोरों की निशानदेही पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चोरी की पांच बाइकें बरामद कर लीं। बरामद वाहनों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है और उनके वास्तविक स्वामियों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बाइकें किन-किन स्थानों से चोरी की गई थीं और इस गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं। पूछताछ में पुलिस को वाहन चोरी से जुड़े कुछ अन्य महत्वपूर्ण सुराग भी मिले हैं। जिनके आधार पर आगे की जांच की जा रही है। दोनों किशोरों को बाल अपचारी घोषित करते हुए संबंधित कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई और उन्हें नियमानुसार किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रस्तुत किया गया। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# दो बच्चों को साथ लेकर घर से चली गई महिला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई क्षेत्र में एक महिला के अपने दो बच्चों के साथ घर से चले जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। मामले को लेकर पुलिस से शिकायत की गई है। पुलिस जांच कर रही है।

घुंघचाई क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला घर पर अपने दो बच्चों के साथ थी। इसी दौरान परिवार के अन्य सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे। जब परिजन वापस घर लौटे तो महिला और दोनों बच्चे घर पर नहीं मिले। काफी देर तक आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लगा। महिला के अचानक लापता होने की सूचना से परिवार के लोगों के होश उड़ गए। परिजनों ने अपने स्तर पर जानकारी जुटाई तो उन्हें पता चला कि उत्तराखंड निवासी एक युवक महिला को अपने साथ ले गया है।

परिजनों का यह भी आरोप है कि महिला घर में रखे माल जेवर और नकदी भी ले गई। आरोप है कि महिला युवक से पहले से संपर्क था और दोनों के बीच बातचीत होती थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच की जा रही है। जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा व व्यवस्थाओं पर दिए सख्त निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय


मीटिंग में भाग लेते जिलाधिकारी। –जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार को गांधी सभागार में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव और जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी व ड्रोन से निगरानी, रूट डायवर्जन और पार्किंग व्यवस्था सहित विभिन्न तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कांवड़ यात्रा मार्गों का पूर्व निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं तथा ओवरलोड और गलत दिशा में चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए। यात्रा मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, मोबाइल शौचालय, चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस और अग्निशमन वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग को यात्रा मार्गों पर खाद्य एवं पेय पदार्थों की नियमित जांच कर मिलावटी और मानकविहीन खाद्य सामग्री बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वहीं स्वास्थ्य, वन और विद्युत विभाग को भी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाहों पर नजर रखने, सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जनपद के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रीष्मकालीन सारस गणना में बढ़ी सारसों की संख्या



**पीलीभीत।** वन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा 22 एवं 23 जून 2026 को ग्रीष्मकालीन सारस गणना सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। प्रमुख मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) उत्तर प्रदेश के निर्देश पर तीनों वन रेंज पीलीभीत, बीसलपुर और पूरनपुर में यह गणना कराई गई, जिसमें कुल 108 सारस दर्ज किए गए। इनमें 98 वयस्क तथा 10 शावक शामिल हैं। गणना के दौरान सबसे अधिक 65 सारस बीसलपुर रेंज में पाए गए, जबकि पीलीभीत रेंज में 25 और पूरनपुर रेंज में 18 सारस दर्ज किए गए। विभिन्न गांवों और जलाशयों के आसपास सारसों की उपस्थिति दर्ज होने से क्षेत्र में इनके सुरक्षित प्राकृतिक आवास की पुष्टि हुई है। वन विभाग के अनुसार वर्ष 2025 की शीतकालीन गणना में कुल 98 सारस मिले थे, जबकि इस वर्ष उनकी संख्या बढ़कर 108 हो गई है। विभाग ने इसे संरक्षण प्रयासों की सफलता और अनुकूल पर्यावरण का सकारात्मक परिणाम बताया है। अधिकारियों का कहना है कि सारस जैसे दुर्लभ पक्षियों के संरक्षण और उनके प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने के लिए आगे भी विशेष अभियान जारी रहेंगे।

# आवास प्लस सर्वे सूची पर ग्राम पंचायत सचिवालय में हंगामा, पात्रों ने नाम जोड़ने की उठाई मांग


आवास सर्वे सूची की घोषणा के समय मौजूद लोग। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरपुरकलां।** ग्राम पंचायत सचिवालय में शनिवार को आवास प्लस सर्वे-2024 की ड्राफ्ट सूची के सार्वजनिक वाचन के दौरान हंगामा हो गया। ग्राम शासक मेहरबान राणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन ग्राम विकास अधिकारी विजय राज ने किया। सूची पढ़े जाने पर ग्रामीणों ने कई पात्र परिवारों के नाम शामिल न होने का आरोप लगाया। नाराज ग्रामीणों ने खुद को पात्र बताते हुए सूची में नाम जोड़ने की मांग की। ग्रामीणों ने सर्वे की दोबारा जांच कर निष्पक्ष तरीके से सूची संशोधित करने की मांग अधिकारियों से की। उन्होंने कहा कि किसी भी वास्तविक जरूरतमंद को योजना के लाभ से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। बैठक में सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी से माहौल काफी गर्म रहा। इस दौरान रोजगार सेवक अमानत रसूल सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि पात्र लोगों के नाम नहीं जोड़े गए तो आंदोलन किया जाएगा। अधिकारियों ने ग्रामीणों की आपत्तियां दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिया।

# कांवड़ यात्रा, त्योहारों और परीक्षाओं के मद्देनज़र धारा 163 लागू

**पीलीभीत।** आगामी कांवड़ यात्रा, रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस, ईद-ए-मिलाद (बारावफात) तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट ज्ञानेंद्र सिंह ने पूरे जनपद में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर 29 अगस्त 2026 तक प्रभावी रहेगा। आदेश के तहत बिना अनुमति जुलूस, जनसभा, लाउडस्पीकर के प्रयोग, ड्रोन उड़ाने तथा पांच या अधिक लोगों के सार्वजनिक स्थान पर एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। सार्वजनिक स्थानों पर हथियार, तेजाब, विस्फोटक सामग्री और हिंसा में प्रयुक्त होने वाली वस्तुओं के प्रदर्शन व संग्रह पर भी रोक लगाई गई है। अफवाह फैलाने, भड़काऊ भाषण देने, धार्मिक भावनाएं आहत करने, हुड़दंग करने तथा सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा-223 के तहत दंडनीय अपराध होगा।

# 6 जुलाई को पीलीभीत को मिलेगी नई रेल सेवाओं की सौगात

**पीलीभीत।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पीलीभीत के सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद को पत्र भेजकर 6 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले रेल सेवा विस्तार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। इस अवसर पर टनकपुर–नांदेड़ एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारंभ किया जाएगा, साथ ही टनकपुर–पीलीभीत रेल सेवा का शाहजहांपुर तक विस्तार भी किया जाएगा। रेल मंत्री ने अपने पत्र में कहा है कि इन नई सेवाओं से पीलीभीत क्षेत्र के यात्रियों को उत्तराखंड के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों तक बेहतर और सुविधाजनक रेल संपर्क मिलेगा। उन्होंने सांसद जितिन प्रसाद से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह करते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।




मनमानी | मरीजों को घंटों करना पड़ रहा दवाई का इंतजार

# सीएचसी में समय से नहीं पहुंच रहे चिकित्सक

जागरण मोर्चा कार्यालय



माधोटांडा सीएचसी पर खाली पडी डॉक्टरों की कुर्सियां। –जागरण मोर्चा

**माधोटांडा।** माधोटांडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में चिकित्सकों के समय से नहीं पहुंचने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इसके चलते उपचार के लिए दूर-दराज के गांवों से आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से अस्पताल पहुंचने वाले मरीज घंटों तक चिकित्सकों के आने का इंतजार करते हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

लोगों का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। इनमें बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीज भी शामिल रहते हैं। लेकिन कई बार चिकित्सक निर्धारित समय पर अस्पताल नहीं पहुंचते, जिससे ओपीडी शुरू होने में देरी हो जाती है। इस दौरान मरीजों की लंबी कतारें लग जाती हैं और उन्हें घंटों तक इंतजार करना पड़ता है। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को अस्पताल तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे में समय पर चिकित्सक उपलब्ध न होने से उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है।

कई मरीज बिना उपचार कराए ही वापस लौटने को मजबूर हो जाते हैं, जबकि कुछ निजी अस्पतालों का रुख करने के लिए विवश हो जाते हैं।स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं में सुधार कराने और चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की है।

उनका कहना है कि सरकारी अस्पतालों का उद्देश्य आम लोगों को सुलभ और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए चिकित्सकों को निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित होना चाहिए।

# वन महोत्सव सप्ताह के तहत पीलीभीत में हुआ पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प


वन महोत्सव के तहत पौधारोपण करते लोग। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को वन एवं वन्यजीव प्रभाग द्वारा जिले के पीलीभीत, बीसलपुर और पूरनपुर रेंज में व्यापक स्तर पर पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। महावृक्षारोपण अभियान 2026-27 के तहत जनप्रतिनिधियों, वन अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने मिलकर पौधे रोपे तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। **अमरिया।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बल्लिया में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जबकि बीसलपुर के कृष्ण नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वृक्षारोपण के साथ चित्रकला प्रतियोगिता भी कराई गई। प्रतियोगिता में बुशरा खान प्रथम, पिंकी द्वितीय और अंशिका कुशवाहा तृतीय रहीं, जिन्हें सम्मानित किया गया। वहीं पूरनपुर के सरस्वती विद्या मंदिर में छात्रों के बीच पौध वितरण और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में 11 पौधे लगाए गए तथा 250 फलदार एवं फूलदार पौधे विद्यार्थियों को वितरित किए गए। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया।

# सपा कार्यालय पर श्रद्धा से मनाई गई लक्खी शाह बंजारा की जयंती

**महान बंजारा समाज के गौरव के साहस और बलिदान को किया नमन**

जागरण मोर्चा कार्यालय


लक्खी शाह बंजारा की जयंती मानते समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**बरेली।** मिशन कंपाउंड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महान बंजारा समाज के गौरव एवं सिख इतिहास के अमर सेवक लक्खी शाह बंजारा की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने की, जबकि आयोजन महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन महासचिव पंडित दीपक शर्मा ने किया। इस अवसर पर पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने लक्खी शाह बंजारा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने कहा कि लक्खी शाह बंजारा साहस, त्याग और मानवता के प्रतीक थे। उन्होंने अपने प्राणों की परवाह किए बिना सिखों के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर के पार्थिव शरीर का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कर इतिहास में अमिट स्थान बनाया। उनका जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा का प्रेरणास्रोत है। महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने कहा कि महापुरुषों का जीवन समाज को सत्य, साहस, सेवा और समर्पण की राह दिखाता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी महापुरुषों के विचारों और योगदान को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में महासचिव पंडित दीपक शर्मा, जिला के निवर्तमान कोषाध्यक्ष अशोक यादव, सिंपल कन्नौजिया, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र पटेल, पूर्व प्रमुख नरेश सोलंकी, कैंट विधानसभा अध्यक्ष हरिओम प्रजापति, प्रमोद यादव एड., हरिशंकर यादव, मुश्ताक खान, जितेंद्र मुंडे, राम सेवक प्रजापति, जोगेंद्र पटेल, अनिल पटेल, छात्र सभा जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामवीर दिवाकर, प्रबुद्ध सभा जिलाध्यक्ष अतुल पाराशरी, अशोक समाजवादी, गजेंद्र कुर्मी, राहुल यादव, पूर्व पार्षद उस्मान अल्वी, राकेश मौर्या, चंद्रजीत यादव, मुकेश यादव, भानू प्रताप सिंह सहित अनेक प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी की गविष्ठि (गो-रक्षार्थ धर्मयुद्ध) यात्रा मोहम्मदी पहुंची



**मोहम्मदी-खीरी।** परम धर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज की गौ रक्षार्थ निकाली जा रही गविष्ठि यात्रा उत्तर प्रदेश की विभिन्न विधानसभाओं का दौरा करते हुए मोहम्मदी पहुंची। यहां गिरिराज मैरिज लॉन में भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गौभक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शंकराचार्य जी ने गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने का संकल्प लिया और सभी से इस अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौ माता की रक्षा राष्ट्र, धर्म और संस्कृति की रक्षा का आधार है। स्वामी जी ने भाजपा सरकार पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी ने गाय के नाम पर वोट लिया लेकिन वादे पूरे नहीं किए। उन्होंने भाजपा को "नकली हिंदू" करार दिया और कहा कि गौ रक्षा के मुद्दे पर ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। यह यात्रा गोरखपुर से शुरू हुई है और यूपी की 403 विधानसभाओं तथा लगभग एक लाख आठ हजार गांवों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गाय को राष्ट्र माता बनाने की मांग है। कार्यक्रम की खास बातें :भव्य स्वागत : स्थानीय गौभक्तों और संतों ने शंकराचार्य जी का पादुका पूजन और भव्य स्वागत किया। उपस्थित जनसमूह ने गाय को राष्ट्र माता बनाने और गौ रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प लिया। साथ ही 144 विधानसभा में गौ संरक्षण हेतु देवरंजन मिश्रा "पंकज" को अपना प्रतिनिधि नियुक्त करने की घोषणा की जिसका उपस्थित जन समूह ने तालियां बजाकर हर्ष व्यक्त किया। शंकराचार्य जी की यह यात्रा गौ संरक्षण के मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाने और राजनीतिक दलों से ठोस वादों की मांग करने के रूप में देखी जा रही है। यात्रा आगे भी अन्य विधानसभा क्षेत्रों में जारी रहेगी। इस मौके पर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ आर ए उस्मानी ने स्वामी जी को पत्र सौंप कर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने का मांग पत्र दिया।

### भीषण गर्मी में खेत पर काम कर रहा युवक बेहोश, निजी अस्पताल में कराया गया भर्ती, गर्मी से परेशानी

**घुंघचाई/पूरनपुर।** क्षेत्र के गांव सिमरिया में दोपहर भीषण गर्मी के कारण खेत पर काम कर रहा एक युवक अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना के बाद खेत पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। युवक शनिवार को अपने खेत में मेड़ बांधने का काम कर रहा था। दोपहर करीब दो बजे तेज धूप और उमस के बीच लगातार काम करने के दौरान उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना देखकर खेतों में काम कर रहे अन्य लोगों ने तुरंत काम बंद कर दिया और परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से युवक को तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक जांच में चिकित्सकों ने बताया कि तेज गर्मी और अधिक देर तक धूप में रहने के कारण उसकी तबीयत बिगड़ी है। समय पर अस्पताल पहुंचाने से उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। चिकित्सकों ने उसे कुछ समय तक निगरानी में रखने की सलाह दी है। इन दिनों क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। दोपहर के समय तापमान काफी अधिक होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों से दोपहर के समय तेज धूप में अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने,पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और खेतों में काम करने के दौरान बीच-बीच में आराम करने की सलाह दी है। ताकि लू और गर्मी से होने वाली समस्याओं से बचा जा सके।

# 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की कोशिश

## पुलिस ने आरोपी नशेड़ी युवक को किया गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय


दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** घर के बाहर खेल रही मात्र 6 वर्ष की नाबालिग मासूम बच्ची को जबरन उठाकर गांव के बाहर मंदिर के पास ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश करने वाले आरोपी को जहानाबाद पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह शर्मनाक घटना पीलीभीत जनपद के कोतवाली जहानाबाद क्षेत्र के एक गांव में घटी, जिसने पूरे जिले में आक्रोश पैदा कर दिया है।पुलिस के अनुसार, आरोपी उसी गांव का स्थानीय निवासी नशेड़ी युवक है। बुधवार की शाम बच्ची अपने घर के बाहर सहेलियों के साथ खेल रही थी। तभी आरोपी ने मौका देखकर बच्ची को जबरन उठाया और गांव के बाहर स्थित एक मंदिर के पास ले गया। वहां आरोपी ने बच्ची के साथ अश्लील हरकतें कीं और दुष्कर्म करने की नाकाम कोशिश की।बच्ची ने डर और पीड़ा में जोर-जोर से शोर मचाया, जिसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग और परिजन दौड़कर मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और उसे डायल 100 पुलिस को सौंप दिया। पुलिस की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया।मासूम बच्ची के पिता ने थाने में विस्तृत शिकायत पत्र लिखित दिया, जिसमें पूरे घटनाक्रम का उल्लेख किया गया। शिकायत के आधार पर कोतवाली जहानाबाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की गंभीर धाराओं के तहत तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी नशे की लत का शिकार है और पहले भी उसके विरुद्ध छोटी-मोटी शिकायतें दर्ज रही हैं। पुलिस आरोपी से विस्तृत पूछताछ कर रही है ताकि इस घटना के पीछे कोई और साजिश तो नहीं है, इसका पता लगाया जा सके।बच्ची को तुरंत निकटवर्ती सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मेडिकल जांच कराई गई। डॉक्टरों ने बच्ची को प्राथमिक उपचार दिया है। बच्ची मानसिक रूप से गंभीर सदमे में है। परिजनों ने बताया कि घटना के बाद बच्ची लगातार रो रही है और डरी हुई है।इस घटना ने पूरे इलाके में बाल सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता पैदा कर दी है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पुलिस न केवल आरोपी को सख्त सजा दिलाए बल्कि गांवों में नशेड़ियों पर भी नजर रखे और बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए। जहानाबाद पुलिस प्रभारी ने कहा, "हमने मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज की और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जांच पूरी होने के बाद अदालत में मजबूत साक्ष्य पेश किए जाएंगे। बच्ची और उसके परिवार को हर संभव सुरक्षा और सहायता दी जा रही है।

# कलियर शरीफ से लौट रहे जायरीन की कार हादसे का शिकार, एक की मौत

- रुद्रपुर रोड पर खड़े डंपर से टकराया वाहन, मासूम सहित चार घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कलियर शरीफ दरगाह से जियारत कर बरेली लौट रहे जायरीन की कार शुक्रवार रात रुद्रपुर रोड पर एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। सड़क किनारे खड़े डंपर से कार की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो वर्षीय बच्ची समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार जारी है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर में मातम छा गया। शीशगढ़ थाना क्षेत्र के जाफरपुर गांव निवासी 25 वर्षीय नदीम अपने मित्र इरफान, उनकी पत्नी अंजुम, दो साल की बेटी मन्नत और अंजुम की मां के साथ कलियर शरीफ दरगाह में हाजिरी देने गए थे। सभी लोग बुधवार को बरेली से रवाना हुए थे और शुक्रवार देर रात वापस लौट रहे थे। बताया गया कि रुद्रपुर रोड पर काशीपुर लिंक के महतोष मोड़ के पास पहुंचते ही चालक को अचानक झपकी आ गई। इससे कार संतुलन खो बैठी और पीछे से सड़क किनारे खड़े डंपर में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि


मृतक नदीम। -जागरण मोर्चा

कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने नदीम को मृत घोषित कर दिया। हादसे में इरफान, अंजुम, अंजुम की मां और मासूम मन्नत घायल हुई हैं, जिनमें बच्ची के पैर में फ्रैक्चर बताया गया है। मृतक के भाई वसीम के अनुसार वाहन नदीम चला रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सपा कार्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई बाबा लक्खीशाह बंजारा की जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय



बाबा लक्खीशाह बंजारा जयंती मनाते सपाई। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को केजीएन कॉलोनी स्थित सपा कैंप कार्यालय में बाबा लक्खीशाह बंजारा की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके जीवन और योगदान को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने की। उन्होंने कहा कि बाबा लक्खीशाह बंजारा ने मानवता, साहस, सेवा और त्याग का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने गुरु तेग बहादुर के पार्थिव शरीर का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कर इतिहास में अमिट स्थान बनाया। उनका जीवन सामाजिक समरसता, भाईचारे और न्याय की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अली ने किया। अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बाबा लक्खीशाह बंजारा के आदर्शों पर चलने और समाज में सद्भाव व समानता के मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महेश पटेल, सत्येंद्र मौर्य, गुरविंदर सिंह गिल, रमेश राजा, लखविंदर सिंह पन्नू, देव कुमार मौर्य, दिनेश वर्मा, भगवान दास वर्मा, धनपत मौर्य सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्राओं को पौधे देकर किया सम्मानित


बच्चों को पौधा देते रेंजर। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के रेंजर ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पौधे भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य की नींव भी है। रेंजर ने छात्राओं से पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया तथा सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस दौरान बडी संख्या में बच्चों के अभिभावक व स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

# गैर जनपद तबादला होने के बाद तीन क्षेत्राधिकारियों को दी भावभीनी विदाई

जागरण मोर्चा कार्यालय


गैर जनपद तबादला होने के बाद विदाई समारोह में मौजूद अधिकारी व सीओ।

**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में स्थानांतरित हुए तीन क्षेत्राधिकारियों को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार सिंह (28वीं वाहिनी पीएसी, इटावा) सुरेन्द्र सिंह यादव (जनपद पीलीभीत) तथा सुनील अहलावत (जनपद एटा) के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया सहित जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने तीनों अधिकारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व क्षमता एवं प्रशासनिक दक्षता को याद किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तीनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य तथा नए कार्यस्थल पर सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

# हड्डियां और मसल्स की मजबूती के लिए पैदल जरूर चलें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** 24 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में जारी चार दिवसीय युवा स्वास्थ्य मेला के चौथे और अंतिम दिन शनिवार को निशुल्क जांच का लाभ उठाने वालों की संख्या पांच हजार की संख्या को पार कर गई। पहले दिन एक हजार से ज्यादा, दूसरे और चौथे दिन दिन 1.5 -1.5 हजार से ज्यादा युवाओं ने निशुल्क स्वास्थ्य जांचों का लाभ उठाया था। अंतिम दिन स्वास्थ्य जागरूकता परिचर्चा में चिकित्सकों ने स्वस्थ जीवनशैली के लिए पैदल चलने का संदेश दिया। कहा कि शरीर के अन्य अंगों के साथ ही दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए भी सक्रिय रहना जरूरी है। आर्थोपेडिक सर्जन डा. एसके कौशिक ने कहा कि निष्क्रिय जीवन शैली का असर शरीर के दूसरे अंगों की तरह ही हड्डियों पर भी पड़ रहा है। युवावस्था में ही हड्डियां खोखली होती जा रही हैं। जरा सा धक्का लगने पर उनके टूटने का खतरा बढ़ गया है। इसकी वजह हमारा निष्क्रिय रहना और असंतुलित खानपान है। मोबाइल भी इसमें बड़ी वजह बन रहा है। एक ही स्थान पर मोबाइल के साथ घंटों बैठे रहने से गर्दन की हड्डी में दर्द, कंधे में दर्द, कमर और पैरों में दर्द की शिकायत बढ़ रही है। इससे निजात पाने के लिए फिजिकल एक्टिविटी करना जरूरी है। ऐसे में पैदल चलना जरूरी है। इससे हड्डियां और मसल्स तो मजबूत होती ही हैं। दिमाग भी स्वस्थ रहता है। नेफ्रोलॉजिस्ट डा. संजय कुमार ने किडनी पर खराब जीवनशैली के असर को बताया। उन्होंने कहा कि देश में दस में से एक व्यक्ति किडनी की समस्या से परेशान है। यह संख्या बढ़ती जा रही है। युवाओं भी तेजी से इस परेशानी की गिरफ्त में तेजी से आ रहे हैं। बिना डॉक्टर की सलाह के दर्द निवारक दवाइयां लेने की वजह से किडनी पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है।

**कार्यक्रम** नवीन मंडी समिति में हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन

# बीसलपुर विधानसभा के 296 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

जागरण मोर्चा कार्यालय


सामुहिक विवाह में मौजूद नए जोड़े। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** नवीन मंडी समिति परिसर में शनिवार को समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र के 296 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। कुल 330 पंजीकृत जोड़ों में से 296 ने विवाह किया, जिनमें 51 अल्पसंख्यक जोड़े भी शामिल रहे। समारोह का शुभारंभ पूर्व राज्यमंत्री रामसरन वर्मा और जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव सहित अन्य अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों पर पुष्पवर्षा कर उन्हें आशीर्वाद दिया और गृहस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं। वर-वधुओं को शासन की ओर से निर्धारित उपहार सामग्री भी वितरित की गई। जिलाधिकारी ने नवदंपतियों से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान और सेवायोजन पोर्टल का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने वधुओं को स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा सभी जोड़ों से मां के नाम पर एक-एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्रमोहन विश्नोई ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 64 हजार की धनराशि वधू के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी, जबकि 21 हजार की गृहस्थी सामग्री और समारोह आयोजन पर 15 हजार व्यय किए जाते हैं। समारोह में मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रोशनी यादव सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# जायंट्स ग्रुप ने डॉक्टर दिवस पर किया सम्मान समारोह


कार्यक्रम में डॉक्टर गुंजन को सम्मानित करते लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली स्टार्स ने एक सम्मान समारोह आयोजित कर डॉ. गुंजन वार्ष्णेय को उनके सराहनीय चिकित्सा कार्यों के लिए सम्मानित किया।

संस्था के पदाधिकारियों ने उनके क्लिनिक पर पहुंचकर सम्मान पत्र प्रदान किया और उनके द्वारा मरीजों के प्रति दिखाई जा रही सेवा भावना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि डॉ. गुंजन वार्ष्णेय ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. गुंजन वार्ष्णेय ने इस सम्मान के लिए संस्था का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज सेवा के प्रति और अधिक समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देगा। इस अवसर पर यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सचिव शशांक भिल्ला, कोषाध्यक्ष गौरव वार्ष्णेय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### क्रोएशिया को 2-1 से हराकर पुर्तगाल ने अगले दौर में बनाई जगह

# पुर्तगाल वर्ल्ड कप के टॉप 16 में रामोस ने टीम को दिलाई बढ़त

नई दिल्ली



स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने शुक्रवार को क्रोएशिया को 2-1 से हराया। अब पुर्तगाल का मुकाबला 2010 की चैंपियन स्पेन से 7 जुलाई को होगा।

स्पेन ने ऑस्ट्रिया को 3-0 से हराया। टीम ने 2010 के बाद पहली बार नॉकआउट मैच जीता है। एक अन्य मैच में स्विट्जरलैंड ने अल्जीरिया को हराकर लगातार चौथी बार टॉप-16 में जगह बनाई। टोरंटो स्टेडियम में इवान पेरिशिच ने हाफ टाइम के बाद गोल कर क्रोएशिया को 1-0 से आगे कर दिया। 68वें मिनट में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी पर बराबरी का गोल दागा। फुल टाइम तक स्कोर 1-1 रहा। इंजरी टाइम में गोंसालो रामोस ने हेडर से गोल कर पुर्तगाल की जीत लगभग पक्की कर दी। आखिरी क्षणों में क्रोएशिया ने बराबरी का गोल किया, लेकिन वीएआर रिव्यू के बाद मारियो पासालिच ऑफसाइड पाए गए और गोल रद्द कर दिया गया। इस फैसले से नाराज क्रोएशियाई प्रशंसकों ने मैदान पर बोतलें फेंकी और रेफरी के खिलाफ विरोध जताया। पहले हाफ में पुर्तगाल का दबदबा रहा, लेकिन टीम गोल नहीं कर सकी। हाफ टाइम के बाद जोसिप स्टानिशिच के क्रॉस पर इवान पेरिशिच ने 53वें मिनट में गोल कर क्रोएशिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। 68वें मिनट में पुर्तगाल को मिली पेनल्टी पर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने स्कोर 1-1 कर दिया। यह वर्ल्ड कप नॉकआउट मुकाबलों में रोनाल्डो का पहला गोल है। वे इस स्टेज में गोल करने वाले दुनिया के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने 41 साल 147 दिन की उम्र में गोल दागा। मैच एक्स्ट्रा टाइम में जाता दिख रहा था। लेकिन इंजरी टाइम में राफेल लियाओ के क्रॉस पर गोंकालो रामोस ने हेडर से पुर्तगाल को 2-1 की बढ़त दिला दी।

## स्पेन ने 2010 के बाद पहला नॉकआउट मैच जीता, ऑस्ट्रिया को हराया

स्पेन ने पूरे मैच में गेंद पर कब्जा बनाए रखा और टूर्नामेंट का अपना सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया। टीम ने लगातार चौथे मैच में क्लीन शीट रखी। ऑस्ट्रिया गोल पर एक भी शॉट नहीं लगा सका और गोलकीपर उनाई सिमोन को एक भी सेव नहीं करना पड़ा। पहले हाफ में शुरुआती सावधानी के बाद स्पेन ने हाइड्रेशन ब्रेक के बाद आक्रमण तेज किया। 36वें मिनट में मार्क कुकुरेला के पास पर मिकेल ओयारजाबाल ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। यह टूर्नामेंट में उनका तीसरा गोल था। दूसरे हाफ में स्पेन ने लगातार दबाव बनाए रखा। एलेक्स बैएना ने मूव बनाया और उनका पास पेड्रो पोरो तक पहुंचा। पोरो ने हेडर से गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। 89वें मिनट में कुकुरेला ने पास दिया, जिस पर ओयारजाबाल ने अपना दूसरा और टीम का तीसरा गोल कर जीत पक्की कर दी।ऑस्ट्रिया के गोलकीपर अलेक्जेंडर श्लेगर ने छह बचाव किए इसके बावजूद टीम हार नहीं टाल सकी। ऑस्ट्रिया 1998 के बाद पहली बार विश्व कप के नॉकआउट चरण में पहुंचा था। आखिर में स्पेन ने मैच को 3-0 से अपने नाम किया।



## उनाई ने 519 मिनट तक नहीं होने दिया गोल



फीफा विश्व कप 2026 में स्पेन ने राउंड ऑफ 16 में जगह पक्की कर ली है। राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में स्पेन का सामना ऑस्ट्रिया से हुआ। इस मैच को स्पेन ने 3-0 से अपने नाम किया। इसके साथ ही स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन के नाम विश्व रिकॉर्ड बना गया है। फीफा विश्व कप में लगातार 5 मैचों में उनके खिलाफ गोल नहीं लगा है। इस टूर्नामेंट में ग्रुप राउंड में स्पेन का मुकाबला केप वर्डे, सऊदी अरब और उरुग्वे से हुआ था। इन तीनों ही मैच में स्पेन की टीम के खिलाफ गोल नहीं लगा था। पिछले फीफा विश्व कप के स्पेन के खिलाफ मैच में भी निर्धारित समय तक उनके खिलाफ गोल नहीं पड़ा था। उनाई साइमन के खिलाफ अभी तक कुल 519 मिनट तक कोई भी विपक्षी टीम गोल नहीं कर पाई है। यह फीफा विश्व कप में सबसे लंबे समय तक गोल नहीं खाने का रिकॉर्ड है।

# सुदर्शन ने लगाया शतक पडिक्कल 94 पर नाबाद

### इंडिया ए का श्रीलंका को करारा जवाब

गाले



इंडिया ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच के पहले दिन श्रीलंका ए ने दमदार बैटिंग की। लेकिन इसके बाद मैच का दूसरा दिन इंडिया ए के नाम रहा। श्रीलंका ए का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 305 रन था। यहां से इंडिया ए के गेंदबाजों ने पारी को 366 रनों पर ही समेट दिया। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंडिया ए ने 247 रन बना लिए हैं। अभी तक सिर्फ एक ही विकेट गिरा है। साई सुदर्शन शतक लगा चुके हैं तो देवदत्त पडिक्कल भी नाइंटीज में खेल रहे हैं। श्रीलंका ए के लिए दूसरे दिन कप्तान सहान अराच्चिगे ने शतक पूरा किया। निचले क्रम में किसी बल्लेबाज ने लंबे समय तक उनका साथ नहीं निभाया। इंडिया ए की तरफ से तेज गेंदबाज गुरनूर बरार ने 4 विकेट लिए तो स्पिनर सारांश जैन को भी 4 ही विकेट मिले। श्रीलंका ए के टॉप-6 में शामिल सभी बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत मिली लेकिन सिर्फ सहान ही 50 के आंकड़े को पार कर पाए। इंडिया ए को साई सुदर्शन और अमन मोखाडे ने ठोस शुरुआत दिलाई। पहले विकेट के लिए दोनों के बीच 66 रनों की साझेदारी हुई। 48 गेंदों प 6 चौकों की मदद से 38 रन बनाकर अमन आउट हुए। इसके बाद बैटिंग करने उतरे देवदत्त पडिक्कल साई सुदर्शन के साथ क्रीज पर टिक गए। 85 गेंदों पर सुदर्शन ने फिफ्टी पूरी की तो 67 गेंदों पर ही पडिक्कल 50 रनों तक पहुंच गए। दिन के आखिरी सेशन में साई सुदर्शन ने 166 गेंदों पर अपना 11 वां फर्स्ट क्लास शतक पूरा किया। उन्होंने सीरीज के पहले मैच में भी शतक ठोका था। भारत के लिए टेस्ट में नंबर-3 पर खेलने वाले साई स्टंप के समय 104 रन बनाकर टिके थे।

## कपिल ने विराट और सचिन से की वैभव की तुलना



नई दिल्ली, भारत को पहली बार विश्व विजेता बनाने वाले पूर्व कप्तान कपिल देव का कहना है कि सूर्यवंशी की उम्र नहीं देखकर उनकी क्षमता को देखना चाहिए। कपिल का ये भी मानना है कि सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली की तरह ही सूर्यवंशी भी उतने ही शानदार खिलाड़ी हैं। उनकी ये टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब वैभव के इंटरनेशनल डेब्यू का इंतजार फैंस को भी है। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर है, जहां 5 मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है। इससे पहले टीम इंडिया ने आयरलैंड का दौरा किया था, जहां भारत को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था। उम्मीद थी कि सूर्यवंशी को आयरिश टीम के खिलाफ पदार्पण का मौका मिलेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ पहले मुकाबले में भी उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला। अब दूसरे मैच से पहले कपिल देव ने बड़ा बयान दिया है। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, ''मैंने उन्हें अधिक खेलते हुए नहीं देखा है। बिल्कुल हो सकता है कि वे बहुत ही प्रतिभा वाले खिलाड़ी हैं। हालांकि, मुझे लगता है कि हम उनके बारे में कुछ अधिक ही बातें कर रहे हैं। उन्हें इस तरह से बढ़ा-चढ़ाकर पेश नहीं करना चाहिए।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित

### हैरी ब्रूक को मिली टीम की कमान, जो रूट भी किए गए शामिल

लंदन



भारत के खिलाफ इस महीने खेली जाने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड ने 16 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। इस सीरीज के लिए हैरी ब्रूक को इंग्लैंड की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। टीम में पहली बार ऑलराउंडर जेम्स कोल्स को जगह मिली है। इससे पहले उन्हें भारत के खिलाफ इंग्लैंड की टी20 टीम में शामिल किया गया था। जोश टंग भी टीम में शामिल हैं, हालांकि उन्हें अब तक वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका नहीं मिला है।

| तारीख | भारतीय समय | मैच | स्थान |
|---|---|---|---|
| 14 जुलाई | दोपहर 3:30 बजे | पहला वनडे | एजबेस्टन |
| 16 जुलाई | शाम 5:30 बजे | दूसरा वनडे | सोफिया गार्डन्स |
| 19 जुलाई | दोपहर 3:30 बजे | तीसरा वनडे | लॉर्ड्स |

### भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम

हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, जेम्स कोल्स, सैम करन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, आदिल राशिद, जो रूट और जोश टंग।

भारतीय टीम: शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नीतीश रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बरार।

# 7वीं बार ऑस्ट्रेलिया की विमंस टी20 विश्व कप ट्रॉफी पर नजर

### ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच फाइनल मुकाबला कल खेला जाएगा

नई दिल्ली

विमंस टी20 विश्व कप 2026 अब अपने अंजाम तक पहुंच गया है। टूर्नामेंट की 2 बेस्ट टीम मिल गई हैं। पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को और दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका को हराकर फाइनल का टिकट कटाया। फाइनल मुकाबला रविवार, 5 जुलाई को लंदन के एतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा। वहीं टॉस 7:30 बजे होगा। ऑस्ट्रेलिया विमंस टी20 विश्व कप की सबसे सफल टीम है।

इस टीम ने अब तक 6 बार टी20 विश्व कप खिताब पर कब्जा जमाया है। ऐसे में रविवार को सोफी मोलिनक्स की नजर 7वीं ट्रॉफी पर होगी।



**विमंस टी20 विश्व कप विनर टीम**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2009 इंग्लैंड | 2012 ऑस्ट्रेलिया | 2016 वेस्टइंडीज | 2020 ऑस्ट्रेलिया |
| 2010 ऑस्ट्रेलिया | 2014 ऑस्ट्रेलिया | 2018 ऑस्ट्रेलिया | 2023 ऑस्ट्रेलिया |

### इंग्लैंड विमंस टीम

नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), लॉरेन बेल, ऐलिस कैप्सी, टिली कॉर्टीन-कोलमैन, शार्लट डीन, सोफिया डंकली, सोफी एक्लेस्टन, लॉरेन फाइलर, डैनियल गिब्सन, एमी जोन्स, फ्रेया केम्प, हीदर नाइट, लिंसी स्मिथ, इस्सी वोंग, डैनी वायट-हॉज।

### ऑस्ट्रेलिया विमंस टीम

सोफी मोलिनक्स (कप्तान), जॉर्जिया वेयरहम, जॉर्जिया वॉल, एनाबेल सदरलैंड, मेगन शूट, एलिस पेरी, बेथ मूनी, फीबी लिचफील्ड, अलाना किंग, ग्रेस हैरिस, लूसी हैमिल्टन, किम गार्थ, निकोला कैरी, ताहलिया मैक्ग्राथ, एशले गार्डनर।

# किप्सन को हराकर फ्रिट्ज तीसरे दौर में पहुंचे

### फ्रिट्ज को पहले ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश

लंदन



पिछले साल के सेमीफाइनलिस्ट टेलर फ्रिट्ज ने विंबलडन में अपना शानदार सफर जारी रखा। उन्होंने हमवतन अमेरिकी पैट्रिक किप्सन को 6-2, 6-2, 7-5 से हराकर तीसरे दौर में जगह बना ली और अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर एक और कदम बढ़ा दिया। फिट्ज ने 12 महीने पहले ऑल इंग्लैंड क्लब में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। छठी वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी ने पिछले दौर में दुसान लाजोविच पर भी सीधे सेटों में जीत के बाद एक और शानदार प्रदर्शन किया। जीत के बाद फ्रिट्ज ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। मुझे लगता है कि दिन के बाकी समय में मेरे पास काफी समय है।

## स्वियातेक ने पार की प्लिस्कोवा की चुनौती



मौजूदा चैंपियन इगा स्वियातेक ने विंबलडन में तीसरे दौर में पहुंचने के लिए विश्व की पूर्व नंबर-1 कैरोलिना प्लिस्कोवा की मुश्किल चुनौती को आसानी से पार कर लिया। टखने की चोट के कारण लगभग अपना करियर खत्म होने के बाद वापसी कर रही 34 वर्षीय चेक खिलाड़ी की प्लिस्कोवा ने कुछ जबरदस्त शॉट लगाए, लेकिन वह स्वियातेक का मुकाबला नहीं कर सकीं और 6-1, 6-3 से हार गईं। वहीं चैंपियन के श्राप को तोड़ने और एक दशक में विंबलडन का खिताब बरकरार रखने वाली पहली महिला बनने की कोशिश कर रहीं स्वियातेक धूप में शानदार लय में दिखीं। उन्होंने पहला सेट 25 मिनट में जीत लिया, हालांकि बाद में उन्हें थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ी।

# फीफा विश्व कप देखने साइकिल से यात्रा कर अमेरिका पहुंचे जैकब

नई दिल्ली



फीफा विश्व कप 2026 में दुनिया भर से लाखों प्रशंसक अमेरिका पहुंचे हैं, लेकिन जर्मनी के 26 वर्षीय जैकब अल्ब्रटी की कहानी सबसे अलग है। जैकब ने विश्व कप देखने के लिए विमान या ट्रेन नहीं, बल्कि साइकिल का सहारा लिया और करीब 25 हजार किलोमीटर की यात्रा तय कर अमेरिका पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 27 देशों और चार महाद्वीपों का सफर किया। जर्मनी के कार्लज़रूए शहर के रहने वाले जैकब ने 18 अगस्त 2024 को अपनी यात्रा शुरू की थी। उनका मकसद सिर्फ विश्व कप देखना नहीं था, बल्कि दुनिया की परिक्रमा करते हुए अमेरिका पहुंचना और फिर साइकिल से ही अपने घर लौटना था। यात्रा के दौरान उन्होंने ऑस्ट्रिया, बाल्कन क्षेत्र, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात, भारत, थाईलैंड और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों का दौरा किया। इसके बाद वह उत्तरी अमेरिका पहुंचे और विश्व कप के मैचों का आनंद लिया। जैकब ने फीफा से बातचीत में भारत के अनुभव को बेहद खास बताया। उन्होंने कहा कि भारत में लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कई जगह लोग उनकी कहानी सुनने के लिए रुके, उनके साथ तस्वीरें खिंचवाई और आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। हालांकि फीफा विश्व कप 2026 से जर्मनी की टीम बाहर हो चुकी है, लेकिन जैकब की यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है। विश्व कप समाप्त होने के बाद वह अमेरिका के पूर्वी तट तक साइकिल से जाएंगे।

## गुकेश ने अनीश गिरी को दी मात, दूसरे स्थान पर पहुंचे

जाग्रेब। भारत के वर्तमान विश्व चैंपियन डी गुकेश ने ग्रैंड चैस टूर के दूसरे रैपिड पड़ाव क्रोएशिया में दूसरे दिन अच्छा खेल दिखाते हुए संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। पहले दिन गुकेश को फ्रांस के मैक्सिम लाग्रेव से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं उन्होंने मेजबान देश के इवान सारिक को मात दी थी और दिन का अंत उन्होंने हमवतन प्रज्ञानन्द से ड्रा खेलते हुए किया था। दूसरे दिन के पहले राउंड में उन्हें रोमानिया के बोगदान डेनियल से हार का सामना करना पड़ा लेकिन उसके बाद गुकेश ने लगातार दो बाजियों में क्रमशः नीदरलैंड के यान फोरेस्ट जॉर्डन और अनीश गिरी को पराजित करते हुए 4 अंक हासिल किए और 7 अंकों के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।